CMYK
अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 20°C
तापमान
सेंसेक्स 80,501.99
निफ्टी 24,346.70
सोना 96,750
चांदी 98,000
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
नई दिल्ली, रविवार 4 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 32 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 5 जिलकदा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### पाकिस्तान ने अब्दाली मिसाइल का किया परीक्षण

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### मुंबई फाल्कन्स ने श्रेयस अय्यर को बनाया आइकॉन प्लेयर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## नीट की परीक्षा आज दोपहर को

नई दिल्ली, वार्ता

**मेडिकल कॉलेजों** में दाखिले के लिए नीट की परीक्षा रविवार (आज) को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विद्यार्थी पेन भी नहीं ले जा सकेंगे। उन्हें सेंटर पर ही पेन दिया जाएगा।

परीक्षार्थी को ओरिजिनल आईडी जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, वोटर कार्ड अथवा 12वीं क्लास का प्रवेश पत्र, जिसमें अभ्यर्थी की फोटो आ रही हो, इनमें से कोई भी एक आईडी साथ लाना है। नीट के जरिये ही देश के तमाम मेडिकल



कॉलेजों में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस और अन्य विभिन्न अंडर ग्रेजुएट मेडिकल कोर्सेज में दाखिला होता है। इसके अलावा मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) के लिए भी अभ्यर्थी नीट यूजी परीक्षा के मार्क्स के जरिये आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विस हॉस्पिटल के बीएससी नर्सिंग कोर्स में एडमिशन ले सकेंगे।

## मोदी ने फिर दोहराया संकल्प, सबक सिखाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को कड़ा सबक सिखाने के लिए शनिवार को एक बार फिर दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने भारत की यात्रा पर आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको के साथ यहां वार्ता के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ तथा निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए अंगोला के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया।

श्री मोदी ने कहा कि दोनों देश मानवता के लिए सबसे बड़े खतरे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अंगोला की ओर से संवेदना व्यक्त किए जाने के लिए श्री लौरेंको को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों और समर्थकों को सजा दिलाने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। इस हमले में 26 लोग

■ आतंकियों व उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध

जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे कि निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। उन्होंने सशस्त्र बलों को इस मामले में जवाबी कार्रवाई करने के लिए छूट दी है।



### मंत्री ने मांगी आत्मघाती हमलावर बनने की इजाजत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के आवास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान का पहलगाम आतंकी हमले पर दिया बयान चर्चा में है। इसमें वे आत्मघाती हमलावर बनकर पाकिस्तान में जाने और युद्ध लड़ने की बात कह रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से भारत का दुश्मन रहा है। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मुझे परमिशन दें, तो मैं आत्मघाती बम बांधकर पाकिस्तान जाकर हमला करने के लिए तैयार हूं। देश के लिए जान देने के लिए तैयार हूं। जमीर अहमद खान जब ये बयान दे रहे थे, तब उनके आसपास मौजूद लोग हंसने लगे। इस पर खान ने कहा कि मैं मजाक नहीं कर रहा हूं, मैं इसे लेकर बहुत गंभीर हूं। केंद्र सरकार को पहलगाम आतंकी हमले पर निर्णायक एक्शन लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ हर भारतीय को एकजुट होना चाहिए।

### मप्र-उप्र समेत 19 राज्यों में आंधी व तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के मुताबिक, शनिवार को मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश समेत 19 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट किया गया है। राजस्थान में धूलभरी आंधी चल सकती है। वहीं, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में तेज बारिश हो सकती है। दिल्ली में शुक्रवार को हुई बेमौसम बारिश के बाद मौसम विभाग ने शनिवार के लिए भी आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। बदले हुए मौसम के बावजूद शुक्रवार को महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के 12 शहरों में तापमान 43 डिग्री से 44 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया था। महाराष्ट्र का अकोला 44.9 डिग्री के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। आगे भी लगभग एक हफ्ते ऐसा मौसम रह सकता है।

### आईसीआईसीआई सहित चार बैंकों पर 1.91 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एक्सिस बैंक , बैंक ऑफ महाराष्ट्र और आईडीबीआई बैंक पर अलग अलग मामलों में कुल मिलाकर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने शुक्रवार देर शाम जारी बयान में कहा कि आईसीआईसीआई बैंक पर 'बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे', 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) और 'क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड जारी करना और आचरण' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 97.80 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 को नामांकन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि यह देश भर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

### श्रीलंकाई लोगों के हमलों में 20 भारतीय मछुआरे घायल

**नागपट्टिनम।** तमिलनाडु के नागपट्टिनम जिले से समुद्र में मछली पकड़ने उतरे मछुआरों की नाव पर कल मध्यरात्रि समुद्र के बीचोबीच अज्ञात श्रीलंकाई नागरिकों ने कथित तौर पर हमला कर दिया और लूटपाट की, जिससे 20 मछुआरे घायल हो गए। मछुआरों ने बताया कि शुक्रवार मध्यरात्रि लूटपाट और हमलों की तीन अलग-अलग घटनाओं में घायल मछुआरों को तट पर लौटने के बाद सुबह नागपट्टिनम के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उनमें से पांच को आंतरिक और बाहरी चोटें आई हैं।

# दरार गहराई: पाक से सभी तरह के आयात पर रोक

## पाक ध्वज वाले जहाजों का किसी भी बंदरगाह पर प्रवेश किया बैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और लोक नीति को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान के साथ हर प्रकार के माल के आयात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। यह पाबंदी पाकिस्तान के ऐसे माल पर भी लागू होगी, जो भारत के रास्ते किसी और जगह भेजा जा रहा हो।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एजेंसी विदेश व्यापार महानिदेशालय की अधिसूचना के अनुसार पाकिस्तान में बनी या वहां से निर्यात की जाने वाली सभी वस्तुओं के वहां से सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से किए जाने वाले सभी निर्यात या ऐसे माल को भारत के रास्ते कहीं और भेजे जाने (ट्रांजिट) पर रविवार (आज) से रोक लागू की जाती है। यह रोक वहां से मुक्त रूप से मंगाई जा सकने वाली या अन्य प्रकार से मंगाई जाने वाली, हर तरह की वस्तु पर लागू होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा और लोक नीति के हित में लिया गया है। इस निर्णय को लागू करने के लिए विदेश व्यापार नीति 2023 में आवश्यक संशोधन अधिसूचित किए गए हैं। इस प्रतिबंध के किसी भी विकल्प के लिए सरकार से अनुमति अनिवार्य होगी। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले दिनों पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमले के बाद भारत में पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त प्रतिबंधात्मक कदम उठाए हैं। भारत ने पाकिस्तान को उड़ानों के लिए अपने वायु मार्ग का इस्तेमाल करने से रोक दिया है। वहीं, पाकिस्तान ने भी भारत के व्यापार और यात्री एयरलाइनों के लिए अपने वायु मार्ग के इस्तेमाल नहीं करने देने का निर्णय लिया है। वहीं भारत ने

-शेष पृष्ठ दो पर

### रक्षा मंत्रालय ने 48 लॉन्चर और 85 पोर्टेबल मिसाइलों की खरीद के लिए मांगे प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सेना को कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन, हेलीकॉप्टर और विमानों के खतरों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए 48 लांचर और नई पीढ़ी की अत्याधुनिक 85 मिसाइलों की खरीद के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने मेक इन इंडिया पहल के तहत की जाने वाली इस खरीद के लिए इच्छुक कंपनियों से प्रस्ताव मांगे हैं। काफी कम दूरी की इन मिसाइलों के मिलने से सेना को दुश्मन के विमानों और ड्रोनों की चपेट में आने की संभावना वाले अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों का बचाव करने में मदद मिलेगी।



**केंद्र ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के पत्राचार और पार्सल सेवाएं स्थगित की**

**आज से लागू होगा फैसला, यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा व लोक नीति के हित में लिया गया**

### मंदिर की 'जात्रा' में मची भगदड, छह लोगों की मौत

**पणजी।** गोवा के शिरगांव में आयोजित प्रसिद्ध श्री लैराई जात्रा (धार्मिक यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात भगदड़ मचने से छह लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और बचाव टीम मौके पर पहुंच गई। हादसे में घायल लोगों को गोवा मेडिकल कॉलेज और मापुसा स्थित नॉर्थ गोवा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे में जान गंवाने वाले पीड़ितों के प्रति शोक जताया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि गोवा के शिरगांव में भगदड़ के कारण हुई मौतों से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना, घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत अस्पताल पहुंचे हैं। उन्होंने घायलों का मुफ्त इलाज करने को कहा है। घटना पर गोवा कांग्रेस ने भी दुख जताया है। यह हादसा उस समय हुआ जब भारी भीड़ के बीच अचानक अफरा-तफरी फैल गई, जिससे लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे तथा भगदड़ मचने के कारण लोग एक-दूसरे पर गिरते चले गए जिससे लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा।

## टिकैत से अभद्रता का लिया जाएगा बदला

### 'स्वाभिमान बचाओ पंचायत' में ऐलान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** उप्र के मुजफ्फरनगर टाउनहॉल में गत दिवस हुई जनआक्रोश यात्रा में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ धक्का मुक्की और पगड़ी गिराने के विरोध में शनिवार को भाकियू ने राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में 'स्वाभिमान बचाओ पंचायत' का आयोजन किया।

उक्त पंचायत में जनपदभर के विभिन्न खाप मुखियाओं के अलावा बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान, सरधना विधायक अतुल प्रधान, खतौली व रालोद विधायक मदन भैया, कैराना सांसद इकरा हसन, मुजफ्फरनगर सांसद

-शेष पृष्ठ दो पर

■ वक्ता बोले- यह टिकैत पर नहीं पूरी किसान बिरादरी पर हमला

■ पंचायत में राकेश टिकैत को पहनाई गई पगड़ी

## रुक सकता था गोधरा कांड अगर पुलिस होती सतर्क

अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात में** गोधरा कांड के 23 साल बाद, गुजरात हाईकोर्ट ने साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में गश्त में लापरवाही के लिए नौ रेलवे पुलिस कर्मियों को नौकरी से हटाने के फैसले को बरकरार रखा है।

हाईकोर्ट की जस्टिस वैभवी नानावटी ने पुलिसकर्मियों की याचिका खारिज करते हुए कहा कि यदि याचिकाकर्ता पुलिसकर्मी साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अपनी ड्यूटी कर रहे होते, तो गोधरा कांड को रोका जा सकता था। आवेदकों ने अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति घोर लापरवाही बरती। याचिकाकर्ता उस समय रेलवे पुलिस में कार्यरत थे। इन्हें 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस में गश्त की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन चूंकि वे ट्रेन से चूक गए थे, इसलिए वे दूसरी ट्रेन से अहमदाबाद जल्दी पहुंच गए। इस दिन

-शेष पृष्ठ दो पर

■ हाईकोर्ट ने नौ रेलवे पुलिसकर्मियों को नौकरी से हटाने का फैसला बरकरार रखा

## डा. पूनम गुप्ता बनीं RBI की डिप्टी गवर्नर

मुंबई, वार्ता

**डा. पूनम गुप्ता ने** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाल लिया है। भारत सरकार ने दो अप्रैल, 2025 को उन्हें पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त किया था।

डिप्टी गवर्नर के रूप में, डा. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतर्राष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी




और सूचना प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट रणनीति और बजट विभाग और संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी। इस नियुक्ति से ठीक पहले, डा. गुप्ता एनसीएईआर की महानिदेशक थीं, जो आर्थिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला, केंद्रीय बैंकिंग, मैक्रो आर्थिक स्थिरता, सार्वजनिक ऋण और राज्य वित्त से संबंधित मुद्दों पर काम करती थीं।

## कार्यस्थल पर उत्पीड़न के खिलाफ शी-बॉक्स पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकेंगी महिलाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए प्रभावी कदम उठाए हैं।

केंद्र के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही योगी सरकार ने शी-बॉक्स पोर्टल के माध्यम से शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत किया है, ताकि प्रदेश की हर कामकाजी महिला सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल में काम कर सके। सीएम योगी के निर्देश पर सभी सरकारी और निजी संस्थानों में आंतरिक समिति के गठन को अनिवार्य किया गया है, जिसके तहत अब तक 84 विभागों ने समिति बनाकर इसकी




जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी है। सूत्रों नेबताया कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में यह व्यवस्था लागू हो। जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक समिति का गठन अनिवार्य है, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य होंगी और समिति की अध्यक्ष भी महिला ही होगी। यह सुविधा न केवल सरकारी बल्कि निजी क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए भी उपलब्ध है। विशेष बात यह है कि यह प्लेटफॉर्म छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को भी आवाज उठाने का एक गोपनीय और सशक्त माध्यम बनेगा।






# पहलगाम के बाद घटनाक्रम चिंतनीय

## कश्मीर में अभी सामान्य स्थिति हासिल नहीं हुई: हुसैनी

नई दिल्ली, वार्ता



**जमात**-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद घटित घटनाओं पर चिता व्यक्त की।

श्री हुसैनी ने यहां स्थित जमात के मुख्यालय में मासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए 22 अप्रैल 2025 को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की फिर से निंदा की। उन्होंने कहा कि हम एक बार फिर पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में हुई दुखद जान-माल की हानि पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों तथा उनके शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। यह पूरी तरह से अमानवीय है और इसकी पूर्ण एवं स्पष्ट निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले और निर्दोष लोगों के मारे जाने से पता चलता है कि सुरक्षा व्यवस्था अभी भी पर्याप्त नहीं है और क्षेत्र में भारी सैन्य उपस्थिति के बावजूद, नीतिगत खामियां मौजूद हैं, जो निर्दोष नागरिकों के जीवन को असुरक्षित बनाती हैं। हम चाहते हैं कि पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए, सुरक्षा संबंधी चूकों की उचित जांच की जाए तथा अधिक मजबूत व्यवस्थाएं स्थापित की जाए। कश्मीर की स्थिति के बारे में बात करते हुए जमीअत अध्यक्ष ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और कड़े सुरक्षा उपायों की विस्तारित अवधि के बाद सरकार ने जोर देकर कहा कि कश्मीर में आतंकवाद पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया गया है। हालांकि, पहलगाम की दुखद घटना से संकेत मिलता है कि कश्मीर में सामान्य स्थिति हासिल नहीं हुई है। कड़ी निगरानी और सुरक्षाकर्मियों की पर्याप्त उपस्थिति के बावजूद ऐसी घटना ऐसे क्षेत्र में कैसे घटित हो सकती है? हम कश्मीरी लोगों की उल्लेखनीय बहादुरी और आतिथ्य दिखाने के लिए सराहना करते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि हम मीडिया के एक वर्ग और कुछ राजनेताओं द्वारा राजनीतिक और वैचारिक हितों को साधने के प्रयासों की कड़ी निदा करते हैं। जिस प्रकार का इस्लामोफोबिक आख्यान फैलाया जा रहा था, फर्जी खबरों का प्रसार किया जा रहा था।

## सीबीआई ने बाल यौन उत्पीड़न का किया भंडाफोड़

**कोलकाता।** सीबीआई ने भारत के विभिन्न हिस्सों में ऑनलाइन बाल यौन शोषण से जुड़े एक ऐसे साइबर अपराध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जिसके तार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुड़े हुए हैं।

सीबीआई को अमेरिका से सूचना प्राप्त हुई थी। मार्च 2024 में, मंगलुरु निवासी आरोपी अहमद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'डिस्कॉड' के माध्यम से हेइजेनबर्ग7343 के नाम से काम किया और एक अमेरिकी नाबालिग लड़की के साथ ऑनलाइन बातचीत की। सीबीआई ने कहा कि चैट के दौरान आरोपी ने नाबालिग लड़की को उसके साथ कामुक चैट करने के लिए उकसाया और उसने लड़की से उसकी अश्लील तस्वीरें साझा करने के लिए भी कहा। आरोपी ने अश्लील यौन गतिविधियों में शामिल होने के लिए भी धमकाया।

# हमें दिनचर्या प्रबंधन व योजना बनाने की जरूरत: पटेल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**राजभवन में बीएमआई स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन होम्योपैथी का बखान किया**

**लखनऊ।** यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में शनिवार को राजभवन के गांधी सभागार में राजभवन के अधिकारियों व कार्मिकों के लिए बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संयमित जीवन शैली को बढ़ावा देना था। श्रीमती पटेल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को बुरी आदतें छोड़ने, दिनचर्या में अनुशासन लाने तथा शरीर की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को समझने की सलाह दी। उन्होंनं कहा कि हमें हमारी दिनचर्या के प्रबंधन व योजना बनाए जाने की जरूरत है। प्रत्येक व्यक्ति का शरीर अलग होता है, इसलिए स्वस्थ रहने के उपाय भी व्यक्तिगत होने चाहिए। उन्होंने कहा कि वजन नियंत्रित करने के लिए आत्मनिरीक्षण जरूरी है। कार्यशाला में महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए राज्यपाल ने प्रातः पांच बजे उठकर सैर करने, धीरे-धीरे भोजन की मात्रा कम करने, और रोटी के साथ अधिक सब्जी खाने की सलाह दी। उन्होंने रोटी को चबा-चबाकर खाने, कम नमक का उपयोग, दूध पीने व चाय से परहेज की भी सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि सुबह का नाश्ता राजा की तरह, दोपहर का भोजन राजकुमार की तरह और रात का खाना भिखारी की तरह करना चाहिए। उन्होंने योग और प्राणायाम जैसे अनुलोम-विलोम और कपालभाति को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने मानसिक प्रसन्नता, नियमित टहलने, अच्छी नींद और संतोषप्रद कार्यों को जीवन शैली का भाग बनाने की प्रेरणा दी। राज्यपाल ने सभी को संयमित जीवन जीने और स्व-नियंत्रण द्वारा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने मन को प्रेरित करने की भी आवश्यकता बताई। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उनकी आदतें वर्तमान समय की विकसित नहीं है, बल्कि स्कूली दिनों से ही बनी हुई है।उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने अंदर की कमियों को सुधारने के हिसाब से कार्य करना चाहिए। श्रीमती पटेल ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया की कोई भी कार्य आत्मविश्वास व श्रद्धा से करते रहना चाहिए। उन्होंने सभी के स्वस्थ होने की कामना की तथा होम्योपैथी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति वर्तमान समय में काफी लाभदायक है। राज्यपाल ने संयमित जीवन जीने की सलाह दी और उन्होंने कहा कि संयमित जीवन नियमित व्यायाम तथा स्वयं पर नियंत्रण से आता है। कार्यशाला के दौरान केजीएमयू से डा. अर्चना गिल्डियाल, डा. शालिनी श्रीवास्तव, एवं डा. दिलीप वर्मा ने विशेष सत्रों में सहभागिता की। डा. अर्चना ने शरीर की फिटनेस बनाए रखने के लिए बॉडी कंपोजिशन, व्यायाम, तथा एक्सरसाइज की विषयों पर जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेस की आजादी में भारत की रैंकिंग चिंताजनक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विश्व के 180 देशों में हुए सर्वेक्षण में प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग 161वीं है, जो साबित करता है कि भारतीय जनता पार्टी शासन में प्रेस की आजादी पर लगातार हमले हो रहा है। कांग्रेस ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर अपने आधिकारिक 'एक्स' पेज पर एक पोस्ट में शनिवार को कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस ऐसे हर निडर पत्रकार के साथ खड़ी है जो धमकी और सच को दबाने के खिलाफ लड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की गिरती रैंकिग भाजपा शासन के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खतरनाक क्षरण को दर्शाती है। इसके साथी पार्टी ने एक अखबार में प्रकशित सर्वेक्षण की तालिका भी पोस्ट की है, जिसमें कहा गया है की 180 देशों में हुए सर्वेक्षण में भारत का पिछले साल 161वां स्थान रहा है।

### महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियां मिली फंदे से लटकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के भिवंडी में शनिवार सुबह एक महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियों के शव फंदे से लटके मिले। पुलिस ने यहां बताया कि घटना भिवंडी के तीनगांव कामतघर में हुई। महिला की पहचान किनिसा लालजी द्ध30ऋ के रूप में हुई है। उसकी तीन बेटियों की उम्र क्रमश: 13, 11 और आठ साल बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक महिला के पति जब रात की डयूटी से घर आया तो उसने सुबह चारों के शव को छत के पंखे से लटका पाया।

### मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर किया

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के शोभा थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगलों में शनिवार को तलाशी ऑपरेशन के दौरान जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। पुलिस ने बताया कि जवानों की ओर से की गई गोलीबारी को देख अन्य नक्सली फरार हो गए। मौके से एसएलआर हथियार समेत कई जरूरी सामान बरामद किया गया है। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई तलाश अभियान के दौरान हुई।

## मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को दिए विशेष निर्देश

# अविवादित वरासत केस 15 दिन में निपटाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ **खतौनी, किसान रजिस्ट्री और खसरा पड़ताल से जुड़े सभी लंबित प्रकरण तय समय सीमा में सुलझाएं**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि अविवादित वरासत के मामलों का निस्तारण अधिकतम 15 कार्यदिवस के भीतर किया जाए।

राजस्व विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में शनिवार को मुख्यमंत्री ने दो महत्वपूर्ण बिदुओं राजस्व वादों के समयबद्ध निस्तारण और भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि इन कार्यों को प्रत्येक स्तर पर तीव्र गति से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का शीघ्र समाधान न केवल जनविश्वास, बल्कि राज्य में निवेश और विकास के लिए भी आवश्यक है, वहीं लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त और उत्तरदाई शासन प्रणाली की नींव है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष भू-अभिलेखों का डिजिटलीकरण शीघ्र पूर्ण किया जाए और शहरी क्षेत्रों का लैंड रिकॉर्ड तैयार कर उसे प्राथमिकता से ऑनलाइन पोर्टल पर सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने राजस्व परिषद के पोर्टल की रीडिजाइनिग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल और परिणाममूलक होना चाहिए। साथ ही लेखपाल से लेकर आयुक्त स्तर तक एकीकृत डैशबोर्ड विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि विभागीय निगरानी सरल हो सके और आमजन को सीधा लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्राधिकरणों के लैंडयूज डेटा को खतौनी पर प्रदर्शित किया जाए और धारा 80 के अंतर्गत भू-उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया जाए।

नामांतरण वादों को पूर्णतः ऑटोमेट किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे नागरिकों को सुगमता और समयबद्ध न्याय प्राप्त होगा। उन्होंने चकबंदी प्रक्रिया में तकनीकी हस्तक्षेप और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही सावधान किया कि चकबंदी की जटिलताओं के कारण गंभीर सामा. जिक विवाद जन्म ले सकते हैं, अतः इसे अत्यंत संवेदनशीलता से निपटाया जाए। योगी ने यह भी स्पष्ट किया कि रियल टाइम खतौनी, आधार सीडिंग, किसान रजिस्ट्री, पैमाइश और खसरा पड़ताल से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का समाधान तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके लिए आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त मानव संसाधन की व्यवस्था की जाए। विभाग द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, विगत वर्ष में ही 36 लाख से अधिक जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र निर्गत किए गए, जिनमें से 85 प्रतिशत आवेदन सात कार्यदिवसों के भीतर ऑनलाइन निस्तारित हुए। मुख्यमंत्री ने इस प्रगति को सराहनीय बताया और सेवा वितरण को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाए जाने के निर्देश दिए। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में त्वरित सहायता के लिए मुख्यमंत्री ने विभाग की सराहना करते हुए बताया कि वर्ष 2023-24 में 3-5 लाख से अधिक प्रभावित परिवारों को डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। उन्होंने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के सभी लंबित आवेदन अगले 10 कार्यदिवसों में पूर्ण रूप से निस्तारित किए जाएं।

### विकास प्राधिकरणों में भवन मानचित्रों के लंबित मामलों का हो त्वरित निस्तारण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास प्राधिकरणों में लंबित भवन मानचित्रों के प्रकरणों की समीक्षा के निर्देश देते हुए कहा कि जिस भी प्राधिकरण में मानचित्र से जुड़े मामलों में बार-बार आपत्तियां लगाया जाना अनुचित हैं, इसे सरल रूप देते हुए एक ही बार में निस्तारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि ऐसे जो भी प्रकरण लंबित हैं, एक समय सीमा तय करते हुए उनका निस्तारण कर दिया जाए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि नगरों में जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान अब तक अप्रूव नहीं हुआ है, उसे वर्तमान माह की समाप्ति से पहले अनुमोदित करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने शनिवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय कार्ययोजना का आकलन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी नियोजन, आवासीय सुरक्षा, अधोसंरचना विकास एवं डिजिटल प्रबंधन जैसे सभी घटकों को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि कानपुर मेट्रो के मोतीझील से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक 6-7 किमी- लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन का निर्माण पूर्ण हो गया है। कॉरीडोर 1 और 2 का कार्य इस वर्ष के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर को भी दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, जबकि द्वितीय कॉरिडोर का कार्य 2026 तक निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में लखनऊ मेट्रो परियोजना के अंतर्गत चारबाग से बसंतकुंज तक (11-165 किमी) प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है।

# यूपी सरकार का आउटसोर्स कर्मियों को बड़ा तोहफा

## आउटसोर्स सेवा निगम का गठन जल्द

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **ईएसआई अस्पतालों में मुफ्त होगा इलाज, ईपीएफ की सुविधा, पेंशन और मेडिकल लीव की सुविधा भी मिलेगी कर्मचारियों ने फैसले का किया स्वागत**

**लखनऊ।** यूपी सरकार जल्द ही राज्य में आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। इस निगम के तहत कर्मचारियों को वेतन, अवकाश और सभी लाभ नियमबद्ध तरीके से मिलेंगे। आउटसोर्स कर्मचारियों को ईएसआई, ईपीएफ और मेडिकल लीव के साथ ही 180 दिन की मैटरनिटी लीव और पेंशन सुविधा भी मिलेगी।

यूपी में सरकारी कर्मचारियों की तरह अब आउटसोर्स कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। सरकार के फैसले से आउटसोर्स कर्मचारियों कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है। इसके लिए सरकार आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। पिछले कुछ समय से ईएसआई और ईपीएफ की सुविधाओं का लाभ मिलने में समस्या आ रही थी। ऐसे में निगम का गठन होने से इन तमाम समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। निगम का गठन गैर लाभकारी संस्था के तौर पर किया जाएगा। इसके गठन से आउटसोर्स कर्मचारियों मे पर खर्च हो रहे पैसे पर 22.5 फीसदी की कमी आएगी। साथ ही कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। अभी तक सरकार को इन कर्मचारियों के लिए कमीशन और जीएसटी का भुगतान करना पड़ता था। आउटसोर्स कर्मचारियों को कई बार ईपीएफ और ईएसआई की सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता था। ऐसे में निगम का गठन होने से इन तमाम समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। आउटसोर्स कर्मचारियों को 180 दिन की मैटरनिटी लीव से लेकर ईएसआई अस्पतालों में मुफ्त इलाज, सेवा अवधि पूरी होने पर पेंशन की सुविधा और आकस्मिक अवकाश जैसी सुविधाएं आसानी से मिल सकेंगी। सरकार के आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के फैसले पर आउटसोर्स कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की है। कर्मचारियों को कहना है कि सरकार के इस फैसले से करोड़ों कर्मचारियों को आसानी से लाभ मिल सकेगा, कई बार मेडिकल लाभ और आकस्मिक अवकाश के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता था।

## अर्थ व्यापार

# एसबीआई का मुनाफा 10 प्रतिशत घटा

मुंबई, वार्ता



■ **चौथी तिमाही में 18643 करोड़ का लाभ**

**देश** के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 18643 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 20698 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 9-93 प्रतिशत कम है।

बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद शनिवार को यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने 70901 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 61077 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 16-08 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 42775 करोड़ रुपये रही है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही की 41655 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 2-69 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में उसकी शुद्ध ब्याज आय 166965 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष की 159876 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 4-43 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि चौथी तिमाही में नुकसान की भरपाई के लिए 3964 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में किए गए 3294 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 20-35 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में बैंक ने इस मद में 14418 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जो पिछले वित्त वर्ष में किए गए 9518 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 51-49 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में उसका सकल एनपीए 42 आधार अंक कम होकर 1-82 प्रतिशत पर आ गई और इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 10 आधार अंकों की कमी के साथ 0-47 प्रतिशत पर रही।

## भारत सरकार के निर्णय का कैट ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** खुदरा व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान से निर्यातित या पाकिस्तान में उत्पन्न किसी भी वस्तु के प्रत्यक्ष या परोक्ष आयात और परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के साहसी और निर्णायक कदम का हार्दिक स्वागत किया है।

संगठन ने कहा कि यह निर्णय एक सशक्त और स्पष्ट संदेश देता है कि पाकिस्तान की ओर से निरंतर शत्रुतापूर्ण गतिविधियों और भारत विरोधी रुख के बीच व्यापारिक एवं आर्थिक संबंध नहीं बनाए जा सकते। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने एक बयान में कहा कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है।

# उठाव कमजोर रहने से जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



**स्थानीय** स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सोया रिफाइंड, पॉम आयल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, वनस्पति तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दरार गहराई..**

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ उठाए जा रहे कदमों के अंतर्गत शनिवार को आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान के ध्वज वाले जहाजों को भारत में किसी भी बंदरगाह में प्रवेश पर रोक लगाने के निर्णय की घोषणा की।

यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार की ओर से शनिवार को जारी एक आधिकारिक निर्देश के अनुसार, पाकिस्तान के झंडे वाले किसी भी जहाज को भारतीय बंदरगाहों पर जाने से रोक दिया गया है, जबकि भारतीय झंडे वाले जहाजों को भी पाकिस्तान के बंदरगाहों पर ठहरने से रोक दिया गया है।

सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कहा कि यह आदेश 'सार्वजनिक हित में और भारतीय जहाजरानी के हित में भारतीय संपत्तियों, कार्गो और संबंधित बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए' लागू किया गया है। यह निर्देश तुरंत प्रभावी हो गया है और अगली सूचना तक लागू रहेगा। जबकि सरकार ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के पत्राचार और पार्सल सेवाएं को स्थगित कर दिया है।

संचार मंत्रालय के डाक विभाग ने इस संबंध में आम लोगों के लिए एक नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि भारत सरकार ने पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के पत्राचार और पार्सल सेवाओं को स्थगित कर दिया है। इसमें वायु मार्ग भी शामिल है।

**टिकैत से...** हरेंद्र मलिक भी पहुंचे। किसानों में भारी आक्रोश था। मंच से लगातार वक्ता कह रहे थे कि यह श्री टिकैत पर नहीं पूरी किसान बिरादरी पर हमला है। वक्ताओं का कहना था कि जन आक्रोश रैली में जो अभद्र व्यवहार श्री टिकैत के साथ हुआ वह सोची समझी साजिश का हिस्सा है। प्रशासन इसकी जांच कराए। जीआईसी मैदान में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे तथा किसानों के लिए लंगर की व्यवस्था भी थी। सभी एक स्वर में कह रहे थे कि श्री टिकैत के साथ जो अभद्र व्यवहार हुआ है उसका बदला लिया जाएगा।

**रोका जा सकता...**

गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगा दी गई थी, जिससे अयोध्या से लौट रहे कारसेवकों सहित 59 यात्रियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गुजरात में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे और दो महीने तक जारी रहे। ड्यूटी में लापरवाही के कारण 9 पुलिस कर्मियों को एक मार्च 2002 को सस्पेंड कर दिया गया था। सके बाद उनके खिलाफ विभागीय जांच की गई और नवम्बर 2005 में उन्हें नौकरी से हटा दिया गया। उन्होंने इसके खिलाफ अपील की, लेकिन लोकल कोर्ट ने अपील खारिज कर दी।

इस पर इन्होंने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। याचिका लगाने वाले इन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी साब. रमती एक्सप्रेस ट्रेन में थी। गुलाबसिंह झाला, खुमानसिंह राठौड़, नाथाभाई डाभी, विनोदभाई बिजलभाई, जबीर हुसैन शेख, रसिकभाई परमार, किशोरभाई परमार, किशोरभाई पाटनी और पुनाभाई बारिया।

# पहलगाम टिप्पणी को लेकर महबूबा ने फारूख अबदुल्ला की आलोचना की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को एक राजनीतिक विवाद तब खड़ा हो गया जब पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला पर पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर कश्मीरियों पर कथित आरोप लगाने वाले चिता. जनक बयान देने का आरोप लगाया।

नेकां ने पलटवार करते हुए कहा कि डॉ. अब्दुल्ला ने स्थानीय लोगों को दोष नहीं दिया और सुश्री मुफ्ती के बयान को चौंकाने वाला बताया। विवाद तब शुरू हुआ जब सुश्री मुफ्ती ने 'एक्स' पर डा.अब्दुल्ला के कथित बयान को लेकर उनकी आलोचना की। सुश्री मुफ्ती ने कहा कि डा. अब्दुल्ला का बयान, जिसमें कश्म. ीरियों को पहलगाम हमले से जोड़ा गया, बेहद चिताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसा बयान नफरत फैलाने वाले नैरेटिव को बढ़ावा देता है, कश्मीरियों और मुस्लिमों को बदनाम करने का जरिया बनता है, खासकर जब बाहर पढ़ रहे छात्र और व्यापारी पहले से ही हमलों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीरी नेताओं को पहलगाम आतंकवाद हमले के शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने लोगों से मुसलमानों और कश्मीरियों के खिलाफ भड़कने से बचने की अपील की थी। सादिक ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि सीएम रह चुका कोई इंसान इतना नीचे गिर सकता है। डा.अब्दुल्ला ने अपने बयान में कहीं भी 'कश्मीरी' या 'स्थानीय लोगों' का जिक्र नहीं किया।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को स्वतंत्र कराएं: शिवसेना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर शिवसेना (यूबीट) के अध्यक्ष मनीष साहनी ने कहा है कि पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाकर ही राज्य में शांति बहाली और आतंकवाद का खात्मा संभव हो सकता है। श्री साहनी ने शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी मांग की कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर द्धपीओके ऋको मुक्त कराकर जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्रसिधु जल संधि का पानी रोके जाने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारत पर हमले की धमकियां दी जा रही हैं। संघर्ष विराम समझौते का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है और इसीलिए बिना समय गंवाए भारत सरकार को पाकिस्तान की धमकियों के खिलाफ कड़ी जवाबी कार्रवाई करनी होगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अवैध दस्तावेज पर भेजा मद्रास दिल्ली का कबूतरबाज पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईजीआई पुलिस ने दिल्ली के ही एक कबूतरबाज रोहित वैद को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार को होशियारपुर,पंजाब के जशनप्रीत सिंह को आईजीआई एयरपोर्ट पर उस समय गिरफ्तार किया,जब वह फ्रांस से वापिस आया था। पूछताछ करने पर पता चला कि वह जनवरी 2022 में अवैध रूप से फ्रांस की यात्रा कर चुका था। वह गुरदासपुर के कबूतरबाज जगमोहन सिंह से दोस्त की सहायता से मिला था।जगमोहन सिंह से पुल पुख्ता साहिब गुरुद्वारा में मिला था। जिसने बाद में उसकी यात्रा की व्यवस्था की। इसके लिये 12 लाख रुपये दिये थे। जगमोहन ने प्रक्रिया शुरू करने के लिए उसका पासपोर्ट और तस्वीरें लीं। फरवरी 2022 में, उसे शाहदरा स्थित एक आवास पर ले जाया गया, जहाँ उसका परिचय रोहित वैद नामक व्यक्ति से कराया गया। उसे तनु वैद की पहचान अपनाने के लिए कहा गया, जो कथित तौर पर रोहित का भाई था। रोहित वैद के पते का उपयोग करके तनु वैद के नाम से एक नया पासपोर्ट प्राप्त किया गया। इसके बाद, जशनप्रीत घर लौट आया, लेकिन जल्द ही एजेंट ने उसे स्पेनिश दूतावास में बायोमेट्रिक औपचारिकताएँ पूरी करने के लिए दिल्ली वापस बुला लिया। स्पेन के वीजा की स्वीकृति के बाद, वह 25 मार्च 2022 को वैद के साथ दिल्ली से मुंबई गया और वहाँ से 26 मार्च 2022 को तनु वैद के पासपोर्ट का उपयोग करके अबू धाबी के लिए उड़ान भरी। स्पेन पहुँचा और फिर कबूतरबाज और उसके सहयोगियों की मदद से फ्रांस में प्रवेश किया। फ्रांस पहुँचने पर, कबूत. रबाज ने उसे छोड़ दिया और उसके नकली दस्तावेजों को नष्ट कर दिया। जशनप्रीत कई महीनों तक फ्रांस में रहा और काम किया। 27 अप्रैल 2025 को अपनी दादी की मृत्यु के बाद, उसने अपने मूल पासपोर्ट का उपयोग करके एक आपातकालीन प्रमाण पत्र प्राप्त किया और 28 अप्रैल को भारत लौट आया। एसएचओ सुशील गोयल के निर्देशन में पुलिस टीम ने कबूतरबाज जगमोहन के संभावित ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि उसने 10वीं तक पढ़ाई की है और कई वर्षों से शेंगेन देशों में प्रदर्शनियों के आयोजन में काम कर रहा है। इस काम के तहत, वह और उसके परिवार के सदस्य अक्सर विभिन्न शेंगेन देशों की यात्रा करते थे। अपने पेशेवर जुड़ाव के माध्यम से, रोी. हत जगमोहन उर्फ नरेंद्र नामक एजेंट के संपर्क में आया, जो धोखाधड़ी से विदेश में नौकरी दिलाने और यात्रा व्यवस्था की पेशकश करके अन्य पीडिघ्तों को धोखा देने में शामिल था।

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर विजेंद्र गुप्ता ने दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने पत्रकारों, मीडिया कर्मियों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सभी समर्थकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जानकारी दी कि अध्यक्ष दीर्घा और प्रेस दीर्घा से काँच की पैनल हटाए गए हैं, जिससे अब पत्रकारों को सदन की कार्यवाही का अवरोध-रहित दृश्य प्राप्त होगा। यह कदम पूर्ववर्ती सरकार के एक निर्णय को पलटता है और प्रेस स्वतंत्रता को सुदृढ़ करता है, साथ ही विधानसभा की खुली शासन प्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

अपने संदेश में गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, "एक जीवंत लोकतंत्र की नींव जागरूक नागरिकों और उत्तरदायी संस्थाओं पर टिकी होती है। मीडिया जनता की आवाज है, और इसकी स्वतंत्रता की रक्षा किसी भी कीमत पर की जानी चाहिए।"

नैतिक पत्रकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए, गुप्ता ने उन पत्रकारों के साहस और समर्पण की सराहना की, जो कठिन परिस्थितियों में भी सच्चाई सामने लाने के लिए अथक प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा, "हम उन साहसी पत्रकारों को नमन करते हैं जिन्होंने सत्य की खोज में अपने प्राणों की आहुति तक दी है। पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें बिना किसी भय या पक्षपात के कार्य करने का वातावरण उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है।"

गुप्ता ने पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा के प्रति सामूहिक संकल्प दोहराने का आह्वान किया।अंत में उन्होंने कहा, "आइए, हम सभी प्रेस स्वतंत्रता को कायम रखने के लिए एकजुट होकर खड़े हों और यह सुनिश्चित करें कि मीडिया लो. कतंत्र के एक मजबूत स्तंभ के रूप में फलता-फूलता रहे।"

## फेसलेस जीएसटी सिस्टम की जरूरत: सीएम रेखा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को जीएसटी प्रणाली को फेसलेस और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है। साथ ही इस विवादों और अन्य कारणों से दिल्ली सरकार का 80,000 करोड़ रुपये का जीएसटी बकाया लंबित है।

भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा आयोजित तीसरे लेखा मानक दिवस को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि उन्होंने जीएसटी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि व्यवसायी पहले से ही अदालत में पेश हो रहे हैं तो उन्हें अपने कार्यालयों में न बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी प्रणाली को फेसलेस बनाएं। कर संग्रह बिना किसी परेशानी के होना चाहिए। उन्होंने कर विवादों को सुलझाने और आर्थिक विकास में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) समुदाय की तारीफ की है।

## बम की सूचना से मची अफरा-तफरी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लावारिस बैग में बम की कॉल मिली है। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और श्वान दल मौके पर पहुंचे हैं। आधुनिक उपकरणों की मदद से रेलवे स्टेशन पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। डीसीपी (रेलवे) केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि सुबह 8 बजे एक कॉल प्राप्त हुई। जिसमें बताया गया कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गेट नंबर 8 अजमेरी गेट के पास एक लावारिस नीले रंग का सूटकेस पड़ा है और उसमें बम हो सकता है। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंच गए हैं। बैग की जांच की गई, इसमें कपड़े थे। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

## एक नजर

### जापानी पार्क में पेड़ से लटका मिला नाबालिग का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रशांत विहार थाना क्षेत्र के जापानी पार्क में शनिवार सुबह एक नाबालिग लड़की का शव पेड़ से लटका मिला। अभी तक लड़की की पहचान नहीं हो पाई है। शुरुआती जांच में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला बता रही है। रोहिणी जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 6:45 बजे प्रशांत विहार थाना पुलिस को जापानी पार्क में एक अज्ञात लड़की का शव पेड़ से लटका होने की सूचना मिली। स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और देखा कि 14-16 साल की लड़की दुपट्टे से पेड़ से लटकी हुई थी। पेड़ के तने के पास उसकी चप्पलें भी मिली हैं। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। क्राइम टीम और एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में सुरक्षित रखवा दिया गया है। मृतका की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। आगे की जांच जारी है।

### हृदय की बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकता है हाई ब्लड प्रेशर व कोलेस्ट्रॉल



**नई दिल्ली।** हृदय रोग लोगों में सबसे आम बीमारियों में से एक है. ये दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण है। जबकि वृद्ध लोगों को हृदय की बीमारी होने का खतरा अधिक होता है, हाल के दिनों में युवाओं में दिल का दौरा, कार्डियक अरेस्ट के मामलों में वृद्धि हुई है। कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल में आयोजित एक वर्कशॉप के दौरान अस्पताल के निदेशक और दिल के जाने माने डॉक्टर आर एन कालरा ने कहा कि कई अध्ययनों ने युवा रोगियों की संख्या में अचानक वृद्धि के लिए खराब जीवनशैली की आदतों को जिम्मेदार ठहराया है। एक हेल्दी डाइट और जीवनशैली हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करती है। हृदय के स्वस्थ कामकाज के लिए ये बेहद जरूरी है कि आप अपने ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखें। हाई ब्लड प्रेशर और उच्च कोलेस्ट्रॉल का स्तर आपके हृदय की बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकता है, जिसमें स्ट्रोक, दिल का दौरा और बहुत कुछ शामिल है। ब्लड प्रेशर मॉनिटर की मदद से क्लिनिक या घर पर ब्लड प्रेशर की जांच की जा सकती है, जबकि आप ब्लड टेस्ट के जरिए अपने कोलेस्ट्रॉल की जांच करवा सकते हैं।

एक अध्ययन के अनुसार लंबे समय तक बैठे रहना हृदय रोग, टाइप 2 डायबिटीज और कैंसर सहित क्रोनिक स्वास्थ्य स्थितियों से जुड़ा है. इसलिए नियमित रूप से व्यायाम करना शुरू करें। आप हमेशा धीमी शुरुआत कर सकते हैं।

### भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन रहा ह्यूस्टन में माँ काली का मंदिर

**नई दिल्ली।** ह्यूस्टन (टेक्सास, अमेरिका) उत्तरी अमेरिका में बसे भारतीय समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षण आ गया है। माँ काली का एक भव्य और ऐतिहासिक मंदिर ह्यूस्टन में बन रहा है, जो न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं और एकता का प्रतीक भी होगा। यह मंदिर विभिन्न भारतीय समुदायों बंगाली, बिहारी, पंजाबी, गुजराती, दक्षिण भारतीय, नेपाली और अन्य भारतीय समूहों ख्र के सहयोग से निर्मित किया जा रहा है। वर्ष 2025 में संजीत ठाकुर के नेतृत्व में एक नई समिति का गठन किया गया, जिसने इस परियोजना को पुन: गति प्रदान की। समिति के सदस्यों की अटूट निष्ठा और समर्पण के चलते यह घोषणा की गई है कि अगले कुछ वर्षों में मंदिर का निर्माण पूरी तरह से पूर्ण कर लिया जाएगा। नवगठित समिति में शामिल सदस्यों ख्र शुभादित्य भट्टाचार्य, भूतेश्वर भट्टाचार्य, बिंदु माणिक, रूबी कौर, सुधीर कुमार झा और अरुण चौधरी ख्र ने इस पुनीत कार्य को एक मिशन के रूप में लिया है। यह समर्पित टीम अथक परिश्रम, संकल्प और सेवा-भाव से प्रेरित होकर कार्य कर रही है। विशेष रूप से यह मंदिर पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध तारापीठ शक्तिपीठ से आध्यात्मिक रूप से जुड़ा रहेगा, जो माँ काली के सबसे पूजनीय स्थलों में से एक माना जाता है

### संविधान बचाओ रैली के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम: आदेश भारद्वाज



**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस में देवेंद्र यादव के आने के बाद हर महीने ब्लॉक और जिला स्तरीय बैठकों का बनाया गया पेटर्न लगातार जारी है। जिसके चलते इस माह की ब्लॉक बैठकों में भी प्रदेश के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति बनी रही। करावल नगर जिला कांग्रेस के अंतर्गत आने वाली विभिन्न ब्लॉक बैठकों में जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज के अलावा लोकसभा प्रभारी , रमेश सब्बरवाल, मनोज यादव सेक्रेटरी ए आई सी सी जिला प्रभारी लक्ष्मण रावत, दीपक वशिष्ठ और फरीद शाह के साथ साथ विधानसभा प्रत्याशी पी के मिश्रा, ईश्वर बागड़ी, , अली मेंहदी मुकेश त्यागी आदि ने सभी बैठकों पहलगाम आतंकी हमले के शिकार हुए 27 लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और 10 मई को करावल नगर में होने वाली संविधान बचाओ रैली की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर सभी ने देश के बिगड़ते हालात पर सरकार को कठघरे में खड़े करते हुए कहा कि सरकार ना तो बॉर्डर सुरक्षा कर पा रही है और ना ही आंतरिक सुरक्षा कर पा रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं, और देश में जाति धर्म के नाम पर नफरती एजेंडा चलाकर दंगे और मॉब लॉचिंग मामले बढ़ते जा रहे हैं, और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

### आयुष्मान वय वंदना योजना कार्ड का रजिस्ट्रेशन शुरू होने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आज भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली के सभी 70 साल के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान योजना के अंतर्गत आयुष्मान वय वंदना योजना कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किए जाने पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल को बधाई दी। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में 70 साल से अधिक बुजुर्गों के लिए मुफ्त इलाज का ऐलान किया था उसका पंजीकरण दिल्ली में आज से शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी 70 विधानसभाओं में आयुष्मान वय वंदना योजना कार्ड बनाया जाएगा। 70 मोबाईल वैन 70 विधानसभाओं में जाएंगी और बुजुर्गों को उनके द्वार पर पंजीकरण कर कार्ड दिए।



समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह शाहबाद डेयरी क्षेत्र में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा किए जा रहे नाले के नवनिर्माण कार्य का स्थानीय निवासियों के साथ शुभारंभ अवसर पर।

# मंत्री ने शाहबाद डेयरी में नाले के नवनिर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बवाना स्थित शाहबाद डेयरी क्षेत्र में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा किये जा रहे नाले के नवनिर्माण कार्य का स्थानीय निवासियों के साथ शुभारंभ किया। समाज कल्याण मंत्री ने नये नाले के निर्माण, पुराने नाले की सफाई और झुग्गी क्षेत्र के लिए समन्वय बनाकर एक पार्क के निर्माण के निर्देश दिए।

इस मौके पर रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की शाहबाद डेयरी क्षेत्र के ब्लॉक ई में नाले के निर्माण से जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और स्वच्छता की स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा। अधिकारियों ने कहा की करीब 350 मीटर लंबी ड्रेन की इस परियोजना को छह माह की तय अवधि में पूरा किया जाना है। रविन्द्र इन्द्राज ने डीयूएसआइबी के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करें, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिले। उन्होंने कहा की यह विकास कार्य क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान लेकर आएगा और लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाएगा। समाज कल्याण मंत्री ने कहा की, दिल्ली के झुग्गी एवं निम्न आयवर्ग क्षेत्रों में मूलभूत ढांचागत सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है, इस हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है।

# फर्जी शेंगेन वीजा हासिल करने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के एक 29 वर्षीय व्यक्ति को कथित तौर पर पंजाब के दो यात्रियों को रोम के रास्ते स्वीडन की अवैध यात्रा करने के लिए फर्जी शेंगेन वीजा हासिल करने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अभिनेश सक्सेना को दो यात्रियों को जाली पासपोर्ट देने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। ये यात्री दोहा के रास्ते रोम जाने वाली फ्लाइट में सवार होने की कोशिश कर रहे थे, जिन्हें एयरपोर्ट पर रोका गया था।

दोनों यात्री एक रिश्तेदार के जरिए लल्ली नाम के एजेंट के संपर्क में आए थे, जिसने कथित तौर पर उनके यात्रा दस्तावेज और टिकट की व्यवस्था करने के लिए 31 लाख रुपये मांगे थे। अभिनेश ने उसके निर्देश पर दिल्ली के महिपालपुर के एक होटल में फर्जी दस्तावेज पहुंचाए, इससे पहले कि दोनों रवाना होने वाले थे। अधिकारी ने बताया कि यात्रियों की पहचान 18 वर्षीय तरनवीर सिंह और 20 वर्षीय गगनदीप सिंह के रूप में हुई है। दोनों ही पंजाब के होशियारपुर के रहने वाले हैं। 21-22 अप्रैल की रात को वे IGI एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन डेस्क पर क्लीयरेंस के लिए गए थे, जहां उन्हें हिरासत में ले लिया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (प्ळप्) उषा रंगनानी ने कहा, ष्जांच के दौरान, इमिग्रेशन अधिकारियों ने पाया कि उनके भारतीय पासपोर्ट पर लगे शेंगेन वीजा नकली थे।

## योगेंद्र चंदोलिया के खिलाफ आरोप तय

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद योगेंद्र चंदोलिया के खिलाफ एक सरकारी कर्मचारी पर हमला करने के आरोप में आपराधिक मामले में आरोप तय किए। चंदोलिया के खिलाफ 2020 में प्रसाद नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नेहा मित्तल की अदालत ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 341, 353 और 356 के तहत आरोप तय किए। उन्हें आईपीसी की धारा 186 के तहत आरोपमुक्त कर दिया गया है। चंदोलिया अदालत में मौजूद थे। चंदोलिया की ओर से अधिवक्ता हरिओम गुप्ता के साथ अधिवक्ता सुकृत और अनन्या पेश हुए। अदालत ने मामले को अभियोजन साक्ष्य के लिए 22 मई को सूचीबद्ध किया है।

# पंचायत सीजन-4 का फर्स्ट लुक टीजर किया रिलीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो ने मच अवेटेड वेब सीरीज पंचायत सीजन 4 की पहली झलक पेश की। यह खास टीजर वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट (WAVES) के उद्घाटन समारोह में लॉन्च किया गया, जिसने दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह और उत्सुकता जगा दी है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित WAVES एक एनुअल इवेंट है, जो मनोरंजन जगत में क्रिएटिविटी और इनोवेशन का जश्न मनाता है। इस समिट में अलग-अलग क्षेत्रों से कलाकारों, क्रिएटर्स और इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स को एक साथ लाया जाता है, जिससे कला और मनोरंजन की दुनिया को एक नया मंच मिलता है। "द मेकिंग ऑफ पंचायत ख्र ग्रासरूट स्टोरीटेलिंग" पर एक दिलचस्प पैनल डिस्कशन ने दर्शकों को शो की रचनात्मक यात्रा के पीछे की झलक दी।

# डीसीएम मिल की जगह इस्कॉन मंदिर की स्थापना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऐतिहासिक दिल्ली के कोने-कोने में इसका रोचक इतिहास छुपा हुआ है। बरसों पहले सेंट्रल दिल्ली के करोल बाग में जहां डीसीएम मिल का क्लाथ हाउस हुआ करता था, अब वहां इस्कॉन द्वारका की ओर से एक नया मंदिर स्थापित किया जा रहा है। यह मंदिर इस्कॉन 'द अमेरीलिस' करोल बाग के नाम से जाना जाएगा। इस मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 2 मई से लेकर 4 मई तक विशाल पैमाने पर तीन दिवसीय क्रम में आयोजित किया जा रहा है। अक्षय तृतीया के दिन विग्रह का प्राण-प्रतिष्ठा अभिनंदन कीर्तन समारोह शाम 5 बजे से आरंभ किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगणों और स्थानीय निवासियों ने हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से भगवान का स्वागत किया। यूनिटी द अमेरीलिस फेस 1 न्यू रोहतक रोड स्थित इस मंदिर में राधा मदन गोपाल के विशाल विग्रह स्थापित किए जा रहे हैं, जिसका प्राण-प्रतिष्ठा समारोह इस्कॉन द्वारका के बैनर तले खूब धूमधाम से किया जा रहा है।

मंदिर की स्थापना में यूनिटी ग्रुप ने सहयोग किया है जिन्होंने यहां के आवासीय लोगों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ आध्यात्मिक जीवनशैली को अपनाने का भी एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है।

## दिल्ली से लापता किशोर को गुजरात से तलाशा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 16 साल के लापता किशोर को गुजरात के अहमदाबाद इलाके से तलाशकर उसके परिजनों से मिलवाया है। जिसको तलाशने के लिये दिल्ली पुलिस ने बीस हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 27 जनवरी 2023 से मंदिर मार्ग इलाके से किशोर लापता था। जिसको एक एनजीओ ने बरामद भी कर लिया था। लेकिन बाद में वह आश्रय गृह की हिरासत से भाग गया। एसीपी अरुण चौहान की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने उसके माता-पिता, रिश्तेदारों और दोस्तों से जानकारी एकत्र की।

## भारतीय संस्कृति द पेंटेड लिगेसी शीर्षक से मनाया स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लिंग्याज ललिता देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट - साइंसेज ने नेपाल दूतावास के सहयोग से अपना स्थापना दिवस ष्भारतीय संस्कृति: द पेंटेड लिगेसीष नामक एक जीवंत प्रदर्शनी के साथ गर्वपूर्वक मनाया। एल.एल.डी. आई.एम.एस. परिसर में आयोजित औपचारिक समारोह की शुरुआत लिंग्याज ग्रुप के संस्थापक और महान दूरदर्शी स्वर्गीय प्रोफेसर जी.वी.के. सिन्हा की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. मीरा (विभागाध्यक्ष, एप्लाइड आर्ट, पूर्व कार्यवाहक प्रिंसिपल, कॉलेज ऑफ आर्ट), अध्यक्ष डॉ. प्रो. पिचेश्वर गद्दे (लिंग्याज ग्रुप), श्रीमती सुनीता गद्दे (सचिव, एल.एल.डी.आइ.एम.एस.), सुश्री अमिता कुमार (सलाहकार, एल.एल.डी.आइ.एम.एस.) और प्रोफेसर डॉ. प्रणव मिश्रा (निद. ेशक, एल.एल.डी.आइ.एम.एस.) उपस्थित रहें।

# धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह रोकथाम की कमान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संगठन बेसिक फाउंडेशन ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान। बेसिक फाउंडेशन की निदेशक बबीता कुमारी ने कहा, धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला, इस अक्षय तृतीया दिल्ली में नहीं होगा एक भी बाल विवाह ।

बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के दिल्ली में सहयोगी संगठन बेसिक फाउंडेशन की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है।

संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। बेसिक फाउंडेशन की निदेशक बबीता कुमारी ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हमने धर्मगुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया क्योंकि यह वो सबसे महत्वपूर्ण वर्ग है जो विवाह संपन्न कराता है। हमने उन्हें समझाया कि बाल विवाह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के साथ बलात्कार है।

अठारह वर्ष से काम उम्र की किसी बच्ची से वैवाहिक संबंधों में भी यौन संबंध बनाना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत बलात्कार है। बेहद खुशी का विषय है कि आज पंडित और मौलवी इस बात को समझते हुए न सिर्फ इस अभियान को समर्थन दे रहे हैं, बल्कि खुद आगे बढ़कर बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ ले रहे हैं। यदि पुरोहित वर्ग बाल विवाह संपन्न कराने से इनकार कर दे तो देश से रातोंरात इस अपराध का सफाया हो सकता है। इस अभियान में उनके आशातीत सहयोग व समर्थन से हम अभिभूत हैं।

## डराने लगी है दिल्ली की बारिश

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ सालों में बारिश और जलभराव के बाद दिल्ली मेम जो दुर्घटनाएं हुई हैं उसके बाद दिल्ली में होने वाले जलभराव से लोग न सिर्फ डरते हैं बल्कि उलाहना देते हुए सरकार की नाकामी भी बताते हैं। दिल्ली में व्यवस्थित जलनिकासी व्यवस्था का न होना भी बड़ी समस्या है। नालों पर अतिक्रमण और उनकी समुचित सफाई न होना भी जलभराव की समस्या को बढ़ावा दे रहा है। नालों के रखरखाव को लेकर मल्टी बॉडी सिस्टम एक अलग समस्या है। विशेषज्ञों की मानें तो जब तक दिल्ली के लिए कोई नया जलनिकासी मास्टर प्लान बनाकर जमीनी स्तर पर लागू नहीं किया जाता, तब तक समस्या के समाधान की ज्यादा उम्मीद करना बेमानी होगा। सच यह भी है कि शहर के बरसाती नालों के रखरखाव का जिम्मा अलग-अलग एजेंसियों के पास है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## यूपी में नंबर-1 प्लास्टिक मुक्त शहर बना गाजियाबाद

**गाजियाबाद।** नगर निगम की सख्त कार्यवाही और जन-जागरूकता अभियानों की बदौलत गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में प्लास्टिक मुक्त अभियान में नंबर-1 शहर बनकर उभरा है। यह सफलता नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और जिलाधिकारी दीपक मीणा के नेतृत्व में किए गए सतत प्रयासों का परिणाम है। पिछले वित्तीय वर्ष में गाजियाबाद इस सूची में तीसरे स्थान पर था, लेकिन इस बार के लगातार अभियानों, प्रवर्तन कार्यवाही और जन सहयोग की वजह से यह शहर पहले स्थान पर पहुंचा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम ने पॉलिथीन मुक्त अभियान के तहत लगभग 85 लाख रुपये की वसूली की है। नगर आयुक्त का कहना है कि शहर को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए लगातार महा-अभियान चलाए गए हैं, जिनमें स्वास्थ्य विभाग, प्रवर्तन दल, और सभी जोनल प्रभारी सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। कर्नल दीपक शरण की निगरानी में यह अभियान और अधिक प्रभावी बन पाया है।

नगर आयुक्त ने बताया कि यह सफलता जनता के सक्रिय सहयोग के बिना संभव नहीं थी। शहरवासियों ने प्रतिबंधित प्लास्टिक के बहिष्कार में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई है। नगर निगम का कहना ये भी है कि यह सिर्फ शुरुआत है। आने वाले दिनों में और भी सख्त प्रवर्तन, जन-जागरूकता कार्यक्रम, और स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### मीना मंच कार्यशाला में बालिकाओं की सुरक्षा, उपस्थिति तथा नामांकन पर हुई चर्चा

# बालिका होगी शिक्षित तभी रहेगी सुरक्षित और सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** खंड शिक्षा अधिकारी लोनी सर्वेश कुमार और जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल के निर्देशन में एक दिवसीय मीना मंच सुगमकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आरंभ खंड शिक्षा अधिकारी के उद्बोधन के साथ हुआ जिसमें उन्होंने सभी सुगम कर्ताओं को मीना मंच के माध्यम से बालिका शिक्षा में सक्रिय रहने हेतु निर्देश दिए।

जिला समन्वयक कुणाल मुद्गल ने सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालित मीना मंच की महत्व पर बात करते हुए कहा कि मीनामंच के माध्यम से आप सभी



बालिकाओं को जीवन के व्यावहारिक पक्ष को आत्मविश्वास के साथ जीने के लिए तैयार करते हैं, शिक्षा के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास तथा सुरक्षा के हुनर व होंसला प्रदान करते हैं अत: आप सब अत्यंत संवेदनशील कार्य को मीना मंच के माध्यमसे यथार्थ के धरातल पर उतारते हैं।

जनपद नोडल बालिका शिक्षा पूनम शर्मा द्वारा बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए विशेष जानकारी साझा की गई एवं हेल्पलाइन नंबरों के विषय में सभी सुगमकर्ताओं को बताया गया।कार्यशाला का संचालन ब्लॉक जेंडर नोडल लता शर्मा प्रीति अग्रवाल मीनाक्षी व अतर सिंह द्वारा किया गयास कार्यशाला के दौरान पीपीटी के माध्यम से मीना मंच के उद्देश्यों कार्यों एवं साप्ताहिक गति. विधियों के विषय में विस्तार से चर्चा लता शर्मा द्वारा की गई।

प्रीति अग्रवाल द्वारा स्कूल चलो अभियान रोल प्ले, 6 कॉमिक बुक्स के बारे में सभी सुगमकर्ताओं को जानकारी दी गई। मीनाक्षी द्वारा बालिकाओं की शिक्षा सशक्तिकरण और उनकी जागरूकता हेतु चलाए जा रहे अभियानों के विषय में जानकारी दी गई। अतर सिंह ने सेल्फ डिफेंस और बालिकाओं और महिलाओं की सशक्तिकरण के विषय में बताया।

जिला समन्वयक कुणाल मुदगल द्वारा मीना मंच के सशक्त रूप से उपयोग करने और बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने व नामांकन बढ़ाने के लिए अपील की गई। अंत में सभी सुगमकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुगमकर्ता रूबी शर्मा, सारिका जैन, किरन लोहिया अनुपम एवं ममता द्वारा सक्सेस स्टोरी के विषय में बताया गया।

## हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल में मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वेव सिटी स्थित हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल में मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्कूल के निदेशक डॉ० विहंग गर्ग एवं मुख्य अतिथि डॉ० आर. के पोद्दार तथा विशिष्ट अतिथियों आरके गोयल एवं इंद्रमणि अग्रवाल के कर कमल द्वारा किया गया।



स्कूल की प्रिंसिपल इन्दु शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य की महत्वपूर्णता हमारे जीवन में अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह हमारे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण का मूल आधार है। एक अच्छा स्वास्थ्य न केवल हमें रोगों से दूर रखता है, बल्कि हमें ऊर्जा, आत्मविश्वास और जीवन में सफलता प्राप्त करने की क्षमता भी देता है। उन्होंने इस उपलक्ष्य पर कैंसर एंड हार्ट केयर फाउंडेशन की टीम का धन्यवाद किया और उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के प्रयास की सराहना की।

शिविर संयोजक एवं चीफ-एडमिन एंड ऑपरेशंस अखिलेश वर्मा ने बताया कि इस मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में ब्रेस्ट स्कैनिंग, ईसीजी, बीपी, सुगर, बीएमडी, पीएसए, आई टेस्टिंग तथा जनरल फिजिशियन कंसल्टेशन की संपूर्ण सुविधा थी जिसको 15 से ज़्यादा डॉक्टर्स की टीम द्वारा पूर्ण कराया गया। इस दौरान एक्सपर्ट्स डॉक्टर्स द्वारा सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस पर एक गोष्ठी का भी आयोजन हुआ जिसे डॉ ललिता सिंघल ने संबोधित किया तथा सरकार से क्रिटिकल इलनेस पर फण्ड की कैसे व्यवस्था की जा सकती है इस पर भी विस्तृत रूप से चर्चा हुई।इस मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लगभग 200 से ज़्यादा लोगो ने भाग लिया।

## दूसरी शादी का विरोध करने पर महिला से मारपीट, पति समेत ससुराल पक्ष पर एफआईआर दर्ज

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र के गरिमा गार्डन इलाके में एक महिला को अपने पति की दूसरी शादी का विरोध करना भारी पड़ गया। महिला का आरोप है कि विरोध जताने पर उसके साथ न केवल मारपीट की गई, बल्कि उसे गंभीर रूप से घायल कर अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि पीड़िता आशिया, जो गरिमा गार्डन निवासी मंजूर हसन की पुत्री हैं, दरअसल उसने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी करीब पांच साल पहले आरिफ नामक युवक के साथ हुई थी। शुरू में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बीते कुछ समय से हालात बिगड़ने लगे। बता दें कि आशिया पिछले नौ महीनों से अपने भाई इमरान के घर पर रह रही हैं क्योंकि ससुराल पक्ष ने उसे अपने साथ रखने से साफ इनकार कर दिया। आशिया ने आरोप लगाया कि हाल ही में उसे जानकारी मिली कि उसके पति आरिफ ने चोरी-छिपे दूसरी शादी कर ली है। जब उसने इस बारे में स्पष्ट जानकारी जुटाई और विरोध जताने के लिए अपने सास-ससुर के घर पहुंची, तो वहां मौजूद लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। बात इतनी बढ़ गई कि आशिया के साथ मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।परिजनों ने आशिया को तुरंत दिल्ली स्थित जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चला। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद आशिया ने थाने पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई।

## भाजपा नेताओं को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ में जनपद गाजियाबाद को मन की बात कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने पर भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया द्वारा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष और मन की बात के क्षेत्रीय संयोजक मानसिंह गोस्वामी रहे। जिला गाजियाबाद में जिला अध्यक्ष चेनपाल चौधरी के नेतृत्व में 11 मंडल में से 8 मंडलों ने 95% से 100% कार्य किया है इसके निमित्त आज संपूर्ण टीम को क्षेत्रीय कार्यालय पर मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक अमित तिसावड सहित मंडल अध्यक्ष और मन की बात कार्यक्रम में लगे कार्यकर्ताओं सम्मानित किया गया। अमित तिसावड ने इसका श्रेय जिला अध्यक्ष चेनपाल चौधरी सहित सभी मंडल अध्यक्ष और मन की बात कार्यक्रम में लगे समस्त मंडल टीम और पार्टी कार्यकर्ताओं को दिया इस अवसर पर दीपक गुर्जर, नीरज चौधरी, सचिन त्यागी, रोहित तोमर, अनिल प्रजापति, आकाश शर्मा, शालिनी चौधरी उपस्थित रहे।

## जातिगत जनगणना से बदलेगी सामाजिक न्याय की दिशा, पीएम मोदी को बीजेपी नेता ने कहा 'धन्यवाद'

**गाजियाबाद।** मोदी सरकार ने हाल ही में आम जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना भी कराने का ऐलान किया है। आजादी के बाद ये पहली बार किया जाएगा। इस जातीय जनगणना में मुसलमानों की जाति भी पूछी जाएगी।

धर्म के कॉलम के साथ जाति का कॉलम भी सभी के लिए होगा। मुसलमानों में भी कई जातियां हैं और यह इस बार की जनगणना में मुस्लिमों की जाति को भी सामने लाया जाएगा। पसमांदा मुसलमानों की ओबीसी कैटेगरी के तहत गिनती करने की तैयारी है।

दरअसल, भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय सह प्रभारी (नीति एवं शोध विभाग) राज.ेश गुप्ता ने केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराए जाने के निर्णय का जोरदार स्वागत किया है।

उन्होंने इसे सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार प्रकट किया।

साथ ही राजेश गुप्ता ने कहा कि, "यह निर्णय समाज के प्रत्येक वर्ग की वास्तविक स्थिति को समझने और जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे सरकार को नीतियों के निर्माण में ज्यादा सटीकता और प्रभावशीलता मिलेगी।"

उन्होंने आगे कहा कि यह पहल सम्मान, सहभागिता और समरसता की भावना को बल देती है और प्रधानमंत्री मोदी के समावेशी नेतृत्व तथा "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र को और अधिक सशक्त बनाती है।

राजेश गुप्ता ने भाजपा ओबीसी मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इस निर्णय को जन-जन तक पहुँचाएं और समाज के सभी वर्गों को केंद्र सरकार की इस जनकल्याणकारी सोच से अवगत कराएं।

## शिक्षा स्कूल में डेंटल चैकअप कैम्प में हुई बच्चों के दांतों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया द्य जिसमें दिव्य ज्योति चिकित्सालय के डॉक्टर टीम द्वारा कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों के दांतों की जांच की गई। शिविर में 150 से अधिक बच्चों के दांतों की जांच के साथ-साथ निशुल्क टूथपेस्ट भी दिए। चिकित्सकों के द्वारा दांतों में होने वाली बीमारियों, उनकी सही समय पर जांच और दांतों की सफाई के बारे में बच्चों को जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि दांत हमारे मुख का अहम हिस्सा होते है इनके खराब होने से मुख की सुंदरता के साथ-साथ पाचन शक्ति पर भी बुरा




असर पड़ता है और असहनीय पीड़ा को सहन करना पड़ता है, इसलिए दांतो की लंबी उम्र के लिए दांतो की सफाई और उचित समय पर दांतो की जांच जरूरी है। विद्यालय के चौयरमैन नीरज त्यागी ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से बच्चों के अंदर स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता उत्पन्न होती है।

### एक नजर

## डीपीएस मोदीनगर को मिला टाइम्स बिजनेस अवॉर्ड 2025




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शहर के प्रतिष्ठित स्कूल डीपीएस मोदीनगर ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। टाइम्स बिजनेस अवॉर्ड 2025 में डीपीएस मोदीनगर की ट्रस्टी अनीशा गांधी को श्प्राइमरी शिक्षा में उत्कृष्टताश के लिए सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार स्कूल की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता और शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है।

स्कूल के प्रो-वाइस चेयरमैन डॉ विक्रम गांधी ने बताया कि यह सम्मान स्कूल के विजन को पुष्ट करता है, जिसमें बच्चों को मजबूत बुनियाद देने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने पर जोर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सभी के समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है और स्कूल अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। डीपीएस मोदीनगर परिवार ने इस सम्मान को अपने छात्रों, अभिभावकों और कर्मचारियों के सहयोग और विश्वास का परिणाम बताया है। यह पुरस्कार स्कूल को निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

## जीएसटी अधिकारी मानवेंद्र प्रताप सिंह से की शिष्टाचार मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारी पंडित अशोक भारतीय, भाजपा नेता सौरभ यादव, संदीप त्यागी रसम, आशु पंडित, अजय अधिकारी आदि पदाधिकारियों ने जीएसटी विभाग अपर आयुक्त ग्रेड वन जोन प्रथम मानवेंद्र प्रताप सिंह से उनके निमंत्रण पर उनके जीएसटी ऑफिस पर मुलाकात कर समस्याओं के समाधान की मांग की तथा सचल दल द्वारा की जा रही मनमानी को राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियो ने रोकने की अपील की। इस अवसर पर मानवेंद्र प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों के सहयोग की सराहना करते हुए उनसे अन्य समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनका समाधान का आश्वासन दिया।

## किसानों से जमीन खरीदने के लिए जीडीए सर्किल रेट से दोगुना दाम देगा

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन में टूटी सड़कों की मरम्मत और चार नई सड़कों को बनाने के लिए जीडीए ने कवायद तेज कर दी है। इसके लिए 60 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है।एक्सटेंशन में नूरनगर से बंधा रोड के बीच सड़क बनाने के लिए किसानों से जमीन खरीदने के लिए जीडीए सर्किल रेट से दोगुना दाम देगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के सुधार हेतु 60 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। इस बजट का उपयोग टूटी सड़कों की मरम्मत और चार नई सड़कों के निर्माण में किया जाएगा।विशेष रूप से, नूरनगर से बंधा रोड के बीच एक नई सड़क के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण हेतु जीडीए ने किसानों को सर्किल रेट से दोगुना मुआवजा देने का प्रस्ताव रखा है।

यह कदम किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने और भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सुगम बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।जीडीए के अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही किसानों से बैनामा कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, ताकि परियोजना समय पर पूरी हो सके। इस पहल से राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार और स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। आपको बता दें की ,जीडीए वीसी अतुल वत्स का कहना है कि नूरनगर से बंधा रोड तक सड़क बनने से राजनगर एक्सटेंशन के साथ ही प्रस्तावित हरनंदीपुरम आवासीय योजना व आसपास के क्षेत्र को लाभ होगा। सड़कों के चौड़ीकरण से सड़क के किनारे आवासीय और व्यायवसायिक योजना लाई जा सकेंगी।मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह ने बताया कि टेंडर निकाल दिए गए हैं। किसानों से जमीन का बैनामा कराने के बाद कार्यदिश जारी हो जाएगा। उम्मीद है कि अगले महीने तक निर्माण का काम शुरू हो जाएगा।

देशभर में सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं के चलते आवासीय और व्यावसायिक विकास की संभावनाएं बढ़ रही हैं। हाल ही में सड़को का चौड़ीकरण होने से होटल, मॉल, कॉम्प्लेक्स, स्ट्रीट बाजार और सड़क के अन्य विकास कार्यों को गति मिली ह। आपको बता दें की ऐसे में प्राधिकरण की मुस्तैदी और विकास के प्रति नई सोच लोगो के लिए रोजगार की नई उम्मीद को बढ़ावा देती है

## मैट्रो के लिए केंद्र सरकार और दिल्ली मैट्रो कार्पोरेशन की मंजूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** मैट्रो संघर्ष समिति के अभियान को केंद्र सरकार और दिल्ली मैट्रो कार्पोरेशन की मंजूरी मिल गई है अब प्रदेश सरकार को पत्र के माध्यम से संज्ञान लेने को कहा गया है। मैट्रो विस्तार संघर्ष समिति के संयोजक विनोद कुमार एडवोकेट और सहसंयोजक हाजी सरफराज अहमद के नेतृत्व में शिव विहार मैट्रो स्टेशन से मंडौला विहार गाजियाबाद जनपद की सीमा तक मैट्रो लाईन विस्तार हेतु अभियान चलाया जा रहा था।

जिसका केन्द्र सरकार द्वारा संज्ञान लिया गया तथा मैट्रो संघर्ष समिति के पत्र पर सहमति जताते हुए दिल्ली मैट्रो कार्पोरेशन को मंडोला विहार तक मैट्रो लाईन विस्तार विस्तार को बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। जिस पर दिल्ली मैट्रो कार्पोरेशन ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को पत्र जारी करके लोनी मैट्रो स्टेशन से मंडौला विहार तक मैट्रो लाईन विस्तार हेतु कार्यवाही करने का आग्रह किया गया है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन
कारपोरेशन लि0
विद्युत पारेषण खण्ड
220 केवी उपकेन्द्र मुरादनगर

ई-निविदा आमंत्रण सूचना


विद्युत पारेषण खण्ड मुरादनगर के अन्तर्गत ई-निविदा संख्या-टी-03/2025-26 (कार्य)हेतु निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क, धरोहर राशि, आदि जानकारी हेतु वेवसाईट www.etender.up.nic.in पर लॉगऑन करें निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड मुरादनगर के पास सुरक्षित रहेगा तथा टेण्डर निरस्त होने की स्थिति में निविदा शुल्क वापिस नहीं की जायगी।

अधोहस्ताक्षरकर्ता किसी एक या पूर्ण निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें

अधिशासी अभियंता विद्युत पारेषण खण्ड मुरादनगर

पत्रांक: 534 वि0पा0ख0मु0
दिनांक : 02/05/2025




### नाले के गंदे पानी से बेसमेंट में जलभराव

# परेशान लोगों ने लिंक रोड किया जाम बिल्डर पर एफआईआर की मांग

**गाजियाबाद।** जिले के सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक सोसाइटी में बेसमेंट में जलभराव की समस्या को लेकर गुरुवार रात स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। नाले के गंदे पानी के भराव से परेशान होकर लोगों ने लिंक रोड पर जाम लगा दिया और जमकर हंगामा किया। ढाई घंटे तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। मौके पर पहुंची महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और दोषी बिल्डर के खिलाफ एफआईआर का आश्वासन दिया।

दरअसल, प्रतीक बिल्डर द्वारा नगर निगम के मुख्य नाले के समीप गहराई से बेसमेंट निर्माण किया जा रहा था। खुदाई के कारण नाले की दीवार टूट गई, जिससे नाले का गंदा पानी समिति की पार्किंग बेसमेंट में भर गया। इसके चलते लिफ्ट और पानी की सप्लाई ठप हो गई। इससे 23 वन डिस्ट्रिक्ट टावर के निवा. सियों में भारी आक्रोश फैल गया। नगर निगम को सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने बिल्डर को रेत के कट्टों से रिटर्निंग वॉल बनाने के निर्देश दिए थे। लेकिन 24 घंटे बीतने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई। नतीजतन, जलभराव बढ़ता गया और हादसे की आशंका गहराने लगी। गुरुवार रात गुस्साए लोगों ने लिंक रोड पर प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक प्रशासन और बिल्डर समाधान नहीं करते, वे प्रदर्शन जारी रखेंगे। लोगों ने बिल्डर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सख्त कार्रवाई की मांग की।

मौके पर पहुंचीं महापौर सुनीता दयाल ने आवास विकास परिषद और नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल राहत कार्य शुरू करने और बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह हादसा बिल्डर की लापरवाही का परिणाम है। अब और देर नहीं होगी, जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है। नगर आयुक्त ने भी आश्वस्त किया कि नगर निगम और आवास विकास मिलकर हर संभव राहत कार्य कर रहे हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर लगाम लगाएगा नया कानून: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी पर नकेल कसने के लिए दिल्ली स्कूल एजुकेशन ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस-2025 के रूप में दिल्ली सरकार जो ऐतिहासिक बिल लेकर आई है। उसके लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद का आभार व्यक्त करने के लिए आज दिल्ली सचिवालय में दिल्ली के विभिन्न प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों के सैकड़ों अभिभावक पहुंचे। सभी अभिभावकों ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का स्वागत किया।

दिल्ली सचिवालय में दिल्ली के अलग-अलग निजी स्कूलों से पहुंचे बच्चों के पैरेंट्स को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने भरोसा दिया कि हमारी सरकार राजधानी के स्कूलों में पढ़ने वाले किसी भी बच्चे के साथ नाइंसाफी नहीं होने देगी। यदि किसी छात्र और पैरेंट्स को कोई स्कूल फीस संबंधित मामले में प्रताड़ित करता है तो वह सीधे मुख्यमत्री और शिक्षा मंत्री से शिकायत कर सकते हैं। अभिवावकों से संवाद करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा लाया गया दिल्ली स्कूल एजुकेशन (ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस)-2025 बिल हमारी सरकार का ऐतिहा. सिक और निर्णायक कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले वर्षों 27 सालों से दिल्ली के अभिभावकों के साथ प्राइवेट स्कूल मनमानी फीस बढ़ाकर अन्याय कर रहे थे। निजी स्कूल मनमाने ढंग से फीस बढ़ाते रहे और पिछली सरकारों के पास ऐसा कोई स्पष्ट कानून या दिशा-निर्देश ही नहीं था, जिससे मनमानी फीस पर लगाम लगाई जा सके। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि जब अभिभावकों की आवाज हमारी सरकार तक पहुंची, तब हमने इस बात को बड़ी गंभीरता से लिया। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के सत्ता में आने के मात्र दो महीन के भीतर ही शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में एक मजबूत और न्यायसंगत अधिनियम का मसौदा तैयार कर लिया गया है। रेखा गुप्ता ने आगे यह भी बताया कि इस विधेयक के माध्यम से दिल्ली के सभी 1677 निजी स्कूलों की फीस को अब पारदर्शी तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। अब प्राइवेट स्कूलों में फीस तय करने की प्रक्रिया में अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन और अन्य हितधारकों की सहभागिता अनिवार्य होगी।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा मंत्री आशीष सूद की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने नए विधेयक को बनाने में स्कूल प्रबंधन, पैरेंट्स और शिक्षा निदेशालय समेत सभी पक्षों से विचार-विमर्श कर बेहद शानदार कानूनी रूपरेखा तैयार की है। देश भर के कई राज्यों के शिक्षा संबंधी नियमों का भी बारीकी से अध्ययन किया गया ताकि दिल्ली के लिए एक सर्वश्रेष्ठ मॉडल तैयार किया जा सके।मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि हमारी सरकार जो नए 65 सीएमश्री स्कूल बनाने जा रही है। उससे दिल्ली सरकार के सरकारी स्कूल इतने बेहतर और आधुनिक शिक्षा व्यवस्था देने में सक्षम हो जाएंगे कि लोग निजी स्कूलों को छोड़कर दिल्ली सरकार के सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को दाखिला दिलाने को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली सरकार के स्कूलों को इस रूप में विकसित करेंगे कि अभिभावक गर्व से अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ने के लिए भेजेंगे। यह विधेयक दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को एक नई दिशा देगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि जल्द ही विधानसभा का सत्र बुलाकर इस विधेयक को पास करवाया जाएगा और इस विधेयक के लागू होने के बाद दिल्ली के सभी अभिभावक को मानमानी फीस बढ़ोतरी से मुक्ति मिल जाएगी। संवाद कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि रेखा गुप्ता की सरकार की नीयत निजी स्कूल प्रबंधन से सिर्फ टकराव की नहीं है, बल्कि हमारा उद्देश्य साफ है कि दिल्ली के बच्चों को मान. सिक, भावनात्मक और आर्थिक शोषण से हमेशा के लिए मुक्ति दिलाना है। शिक्षा मंत्री ने प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले दिल्ली के सभी छात्रों और उनके अभिभावक को भरोसा दिया कि नया विधेयक जब विधानसभा में पास होकर कानून बन जाएगा तो यह शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव लाएगा।

# गोली मारने वाला बाबू खत्री गैंग का सरगना पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाबू खत्री गैंग के सरगना को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। जो बिंदापुर में हत्या की को. शिश की वारदात में वांछित था। वह इलाके में वर्चस्व बनाए रखने के लिये सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ अपनी तस्वीरों को अपलोड किया करता था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते बुधवार को बिंदापुर पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। जिसमें शिकायतकर्ता अरुण ने बताया कि रात 12 बजकर पांच मिनट पर वह अपनी मां के साथ कुछ काम से वापस आया। चूंकि उसकी मां थकी हुई थी और खाना नहीं बना पा रही थी, इसलिए वह मेग्गी खरीदने के लिए मस्जिद वाली गली, फेस-3, द्वारका के पास एक दुकान पर गया। उस दुकान पर सैफ अली, इमामुद्दीन उर्फ बाबू खत्री और साहेनवाज उर्फ नन्हे नामक आरोपी खड़े थे,जिनको वह पहले से जानता है। सैफ अली ने उसको अपने पास बुलाया और थप्पड़ मारने लगा, इमामुद्दीन उर्फ बाबू खत्री ने भी उसे लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। इस पर आरोपी सैफ अली ने पिस्टल निकाल लिया और साहेनवाज उर्फ नन्हे से पीडिघ्त पर फायर करने को कहा। इस पर वह अपनी जान बचाने के लिए भागने लगा, लेकिन साहेनवाज उर्फ नन्हे और अन्य आरोपियों ने उसका पीछा किया और जान से मारने की नीयत से पीछे से उस पर दो राउंड फायर कर दिए। एक गोली पीडित के पैर में लगी और वह वहीं गिर गया।

इसके बाद आरोपी फिर से धमकी देकर फरार हो गए। आरोपियों ने क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित करने की रंजिश के चलते उसके साथ मारपीट की और उस पर गोलियां चलाईं। पुलिस मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही थी। एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में पुलिस टीम ने एक पुख्ता जानकारी के बाद आरोपी सैफ अली को गांव हसुपुर, थाना गढ़ मुकेश्वर, जिला हापुड़, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ पुलिस ने गैर जमानती वारंट जारी कर रखे थे।

पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला किआरोपी सैफ अली स्नैचिंग, डकैती और अवैध हथियार रखने के कई मामलों में शामिल है। अपने इलाके के अन्य असामाजिक तत्वों सलमान, रोहित उर्फ रितिक, शाहनवाज उर्फ नन्हे, गगन, शनिफ, सोहेल, रोहित और इमामुद्दीन उर्फ बाबू खत्री के संपर्क में आया। उन्होंने इस आपराधिक संगठन का गठन करके खुद को बाबू खत्री गैंग नाम दिया। उनकी अन्य अपराधियों जैसे विजय नेपाली (वर्तमान में हत्या के आरोप में जेल में है), अरुण (वर्तमान मामले में पीडित), राजू, गणेश, अजीत और अन्य के साथ प्रतिद्वंद्विता थी।

# दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में युवक पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ज्योति नगर इलाके में दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पार्टी के दौरान पीड़ित का कुछ लोगों से गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया था। हमलावरों ने युवक पर कुल्हाड़ी से वार कर उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। हमले के दौरान ही गश्त कर रहे पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और एक युवक को दबोच लिया। पुलिस हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर भागे हुए आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

घायल युवक की पहचान बुराड़ी निवासी अरविंद पांडेय के रूप में हुई है। मूलतः सहरसा बिहार का रहने वाला अरविंद बिजली कंपनी में काम करता है। जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि 30 अप्रैल की देर रात करीब 12 बजे इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल पर तैनात पुलिसकर्मी ज्योति नगर इलाके में गश्त कर रहे थे।

पुलिसकर्मियों ने लोनी गोल चक्कर के पास कुछ लोगों को झगड़ा करते देखा। वहां पहुंची पुलिस ने हमला कर रहे एक युवक को पकड़ा जबकि घायल युवक को तुरंत जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस पकड़े गए युवक सूरज को थाने लेकर गई। उसके बाद पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। अरविंद ने बताया कि उसके दोस्त राज का जन्मदिन था। उसने लोनी गोल चक्कर के पास पार्टी दी थी। वह अपने दोस्त हिमांशु के साथ पार्टी में पहुंचा था। वहां राज के करीब 20 से अधिक दोस्त मौजूद थे। पार्टी के दौरान उसकी गाना बजाने को लेकर शिवम और सूरज से विवाद हो गया।

## टैक्सी चालक गिरफ्तार

नई दिल्ली।दिल्ली के दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस के आरके पुरम थाने के स्टाफ ने सवारी का समान लेकर फरार होने वाले टैक्सी चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से दो हाई-एंड कैनन कैमरे, ड्रोन कैमरे, विभिन्न महंगे लेंस, स्टैंड, बैटरी और अन्य फोटोग्राफी आइटम जिनकी कीमत 10 लाख रुपए से अधिक है।



दिल्ली सचिवालय में विभिन्न प्राइवेट स्कूलों में पढ़े रहे छात्रों के अभिभावक मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का स्वागत करते हुए।

# मुखर्जी नगर में दुकान की सेंधमारी में पांच पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर इलाके में दुकान में सेंधमारी की वारदात में शामिल पांच आरोपियों मोहम्मद अजाज,मोइनुद्दीन, इरफान उर्फ काले,सुधीर उर्फ परांठा उर्फ सब्जी, और अरमान उर्फ तोतला को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से नौ एयर कंडीशनिंग यूनिट (विंडो और स्प्लिट दोनों प्रकार की) और एक काला मोटर पंप बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 11 अप्रैल को, मुखर्जी नगर पुलिस को चोरी की सूचना देने वाली एक कॉल मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि 387, धीरपुर निरंकारी कॉलोनी में स्थित उनकी दुकान में सेंध लगाई गई है। सुबह-सुबह उन्होंने पाया कि दुकान के ताले तोड़ दिए गए हैं। आगे की जांच में पता चला कि 10 एयर कंडीशनिंग यूनिट, 2 लैपटॉप और लगभग करीब 40 हजार रुपये चोरी हो गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

एसीपी अभिषेक गुप्ता की देखरेख में एसएचओ राजीव शाह के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। पुख्ता जानकारी के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# चोरों के गैंग का भंडाफोड़ पांच आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के मुखर्जी नगर थाने के स्टाफ ने चोरों के गैंग का भंडाफोड़ कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई संपत्ति बरामद की है।दो आरोपी व्यक्ति आदतन और सक्रिय अपराधी हैं, जिनका पहले भी कई मामलों में शामिल होने का इतिहास रहा है।

दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 11 अप्रैल को मुखर्जी नगर थाने को चोरी की सूचना देने वाली एक कॉल मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि निरंकारी कॉलोनी में स्थित उसकी दुकान में सेंध लगाई गई है। सुबह-सुबह उसे पता चला कि दुकान के ताले तोड़ दिए गए हैं। आगे की जांच में पता चला कि 10 एयर कंडीशनिंग यूनिट, 2 लैपटॉप और लगभग तीस से चालीस हजार नकद चोरी हो गए थे।इसके बाद मुखर्जी नगर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी मॉडल टाऊन अभिषेक गुप्ता की देखरेख में एसएचओ मुखर्जी नगर, राजीव शाह के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान टीम ने अपराध स्थल के आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर आरोपी मोहम्मद अजाज,(24), मोइनुद्दीन (22), इरफान उर्फ काले (22),सुधीर उर्फ घ्घ्परांठा उर्फ सब्जी,(27) और अरमान उर्फ घ्घ्तोतला (22) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने उनके पास से नौ एयर कंडीशनिंग यूनिट (विंडो और स्प्लिट दोनों प्रकार की) और एक काला मोटर पंप बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि दो आरा. ेपी व्यक्ति आदतन और सक्रिय अपराधी हैं, जिनका पहले भी कई मामलों में शामिल होने का इतिहास रहा है। लगातार पूछताछ के दौरान, आरो. पियों ने वर्तमान चोरी के मामले में अपनी संलिप्तता कबूल की।

# बच्चों में भी बढ़ रहा गठिया की बीमारी का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बड़े ही नहीं बच्चों में भी गठिया बीमारी का खतरा बढ़ गया है। एम्स में हर वर्ष 250-300 बच्चे उपचार के लिए पहुंच रहे है। आनुवांशिक होने पर बच्चों में इसका जोखिम और अधिक बढ़ गया है। बीमारी के बढ़ते खतरे को लेकर डॉक्टरों ने लोगों से जागरूकता की अपील की है ताकि उपचार के लिए इधर-उधर न भटकें।

बच्चों में पीडियाट्रिक रूमेटिक डिसऑर्डर संबंधी मिथकों और तथ्यों को लेकर एम्स के डॉक्टरों द्वारा शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें पीडियाट्रिक विभाग के प्रमुख डॉ. पकंज हरि और विभाग के डिवीजन ऑफ पीडियाट्रिक रुमेटोलॉजी में अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. नरेंद्र बागड़ी ने कहा कि यह बीमारियां बच्चों को भी प्रभावित करती है। बच्चों को भी यह रोग होता है।

जागरूकता न होने की वजह से उपचार में देरी होती है। इस कारण जोड़ों को स्थायी तौर पर नुकसान पहुंच जाता है। यह बीमारी जोड़ों को ही नहीं किडनी सहित शरीर के दूसरे अंगों को भी प्रभावित करती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन सच है कि बच्चों में भी गठिया होता है। यह बीमारी अव्यवस्थित प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण होती है। इसमें प्रतिरक्षा प्रणाली के गड़बड़ाने की वजह से शरीर को नुकसान पहुंचने लगता है।

डॉक्टरों ने बताया कि इसमें बच्चे को लंबा बुखार रहता है। जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द व सूजन की शिकायत होने लगती है। थकावट जल्दी महसूस होती है। शरीर पर चकत्ते हो जाते है। अंगुली नीली पड़ जाती है। आनुवांशिक तौर पर थोड़ा जोखिम ज्यादा होता है। बीमारी के लिए पर्यावरण भी जिम्मेदार है। वायु प्रदूषण के साथ इसका संबंध देखा गया है। खान-पान के साथ इसका कोई संबंध नहीं है।

डॉक्टरों ने कहा कि कुछ सामान्य बीमारियों में जुवेनाइल आइडियोपैथिक अर्थराइटिस, सिस्टमिक ल्यूपस एरिथेमेटोसस, जुवेनाइल डर्माटोमायोसिटिस, कावासाकी रोग भी शामिल है। इन बीमारियों के विलंबित निदान से जोड़ों और अन्य आंतरिक अंगों जैसे कि किडनी को प्रभावित करने वाले स्थायी अंग को क्षति हो सकती है।

# पीतमपुरा में गोली मारने की धमकी देकर लूट करने वाले तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** मौर्या एंक्लेव में गोली व चाकू मारने की धमकी देकर एक व्यक्ति से लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों दीपाशुं,सुमित और तोहिद को स्पेशल स्टॉफ और मौर्या एंक्लेव पुलिस ने एक सांझा ऑपरेशन के बाद गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू,पिस्टल और स्कूटी जब्त की है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते मंगलवार रात को पीतमपुरा में रहने वाले गौरव जैन अपने पिता के साथ जहांगीरपुरी स्थित अपनी कोल्ड ड्रिंक और पानी की थोक दुकान बंद करके अपनी सफेद इको गाड़ी में घर लौट रहे थे। वे दो बैग ले जा रहे थे, जिनमें से एक भूरे रंग का बैग था जिसमें 50 हजार रुपये नकद और दुकान की चाबियां थीं। 41 यूपी ब्लॉक, पीतमपुरा के पास गाड़ी पार्क करते समय गौरव ने भूरे रंग का बैग अपने पिता को दिया और गाड़ी पार्क करने के लिए आगे बढ़ा। उसी समय, दो अज्ञात व्यक्ति उनके पास आए। एक के पास पिस्तौल थी, जबकि दूसरे के हाथ में चाकू था।

आरोपियों ने गौरव को धमकाया और उसके पिता से जबरदस्ती बैग छीन लिया। इसके बाद वे स्कूटी पर सवार होकर भाग गए, जहां उनका तीसरा साथी इंतजार कर रहा था। तीनों एमपी मॉल की तरफ भाग निकले।एसीपी रणजीत ढाका और शैलेंद्र चौहान की देखरेख में इंस्पेक्टर सोमवीर सिंह और एसचओ मदन लाल मीना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से छापेमारी करके तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि बीते नौ अप्रैल को भी पीतमपुरा इलाके में दोलाख रुपये की लूट की थी। जिसमें गोली मारने की धमकी भी दी थी।



दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा गोल्फ लिंक क्षेत्र का दौरा कर वहां चल रहे नाले, सीवर लाइन व सम-वेल निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए।

# इस बार दिल्ली का कोई इलाका जलभराव से प्रभावित नहीं होगा: प्रवेश वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को 1901 के बाद मई महीने की दूसरी सबसे अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिससे शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। आगामी मानसून से पहले इस संकट की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली सरकार ने त्वरित कार्रवाई की। शनिवार को दिल्ली सरकार के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने गोल्फ लिंक क्षेत्र का दौरा कर वहां चल रहे नाले, सीवर लाइन और सम-वेल निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

इस मौके पर उनके साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद बाँसुरी स्वराज भी मौजूद रहीं। मंत्री वर्मा ने स्पष्ट किया कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अंतर्गत आने वाले सभी आवश्यक कार्य आदेश जारी किए जा चुके हैं और सभी कार्य 30 मई तक पूरे कर लिए जाएंगे, ताकि मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति न बने।मंत्री वर्मा ने कहा कि हम आज गोल्फ लिंक इसलिए आए हैं क्योंकि पिछले मानसून में यह इलाका पूरी तरह से जलमग्न हो गया था। इस बार हम पूरी तरह से तैयार हैं। एनडीएमसी ने सभी आवश्यक वर्क ऑर्डर जारी कर दिए हैं और काम तेजी से चल रहा है।निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि यहां तीन नए सम-वेल बनाए जा रहे हैं, जहां पंप पहले ही लगाए जा चुके हैं, ताकि बारिश का पानी सीधे ड्रेनों में डाला जा सके। इसके अतिरिक्त, पिछले 10 दिनों से 'सुपर सकर' मशीन के माध्यम से गहन सफाई कार्य भी किया जा रहा है।वर्मा ने जोर देते हुए कहा कि हमने खुद देखा कि सारा कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुसार चल रहा है। कल की बारिश हमारे लिए चेतावनी थी, इसलिए सभी अधिकारी मौके पर हैं और समय से पहले कार्य पूरे करने में लगे हैं। इस बार दिल्ली का कोई भी इलाका जलभराव का सामना नहीं करेगा," शुक्रवार को सुबह 8:30 बजे तक 78 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो मई महीने में 1901 के बाद दूसरी सबसे अधिक 24 घंटे की वर्षा रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, सबसे अधिक वर्षा 20 मई 2021 को 119.3 मिमी दर्ज की गई थी।


# पुरानी दुश्मनी के चलते हुआ था हमला, सीसीएल पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के मयूर विहार थाने के स्टाफ ने हत्या के प्रयास मामले में एक सीसीएल को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से अपराध के हथियार बरामद किए है।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि 30.अप्रैल को मयूर विहार थाने में चाकू मारने की घटना की सूचना मिली थी। जांच करने पर पता चला कि पीड़ित के पेट के बाएं हिस्से में गंभीर चोट लगी थी। उसे शुरू में एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उन्नत चिकित्सा उपचार के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। प्रारंभिक जांच के दौरान, यह सामने आया कि यह घटना पीड़ित और सीसीएल के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद का परिणाम थी। झगड़ा हिंसा में बदल गया, जिसके कारण सीसीएल ने पीड़ित पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से भाग गया। इसके बाद मयूर विहार थाने में मामला दर्ज कर एसीपी मयूर विहार रोहिताश कुमार की देखरेख में एसएचओ मयूर विहार राजेश शुक्ला के नेतृत्व में एसआई विश्वेंद्र सिंह, मयंक और हेड कांस्टेबल सतेंद्र की टीम ने स्थानीय खुफिया जानकारी, तकनीकी निगरानी और मानव स्रोतों का उपयोग करते हुए 30 अप्रैल और 1 मई की मध्यरात्रि को, आरोपी सीसीएल को 31 ब्लॉक, त्रिलोकपुरी से पकड़ लिया।

# दिल्ली अंडर 14 फुटबॉल टीम लेगी गोवा फुटबॉल फेस्टिवल में भाग




**नई दिल्ली।** 5 मई से 9 मई 2025 तक गोवा के कैलेंगूट में आयोजित होने वाले गोवा फुटबॉल फेस्टिवल 2025 में देशभर की टीमें भाग लेंगी। इस बड़े आयोजन में दिल्ली स्टेट एसोसिएशन फॉर फुटसल की अंडर-14 टीम भी पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ हिस्सा ले रही है।

गोवा फुटबॉल महोत्सव राष्ट्रीय खेल अकादमी (एनएसए) का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है, जो भारतीय स्कूल खेल महासंघ के प्रशासन के अंतर्गत आयोजित किया जाता है, जो अंतर्राष्ट्रीय स्कूल खेल महासंघ (एफआईएसईसी) से संबद्ध है, तथा जिसे अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा मान्यता प्राप्त है। दिल्ली की अंडर-14 टीम में शामिल होनहार खिलाड़ी हैं: आदिदेव राज सिंह, प्रणव सिंह कपूर, अधृत देव गांगुली, जेहान कोहली, अर्हान अरोड़ा, रणवीर सहगल, अभिराज सहगल, नमन सोइन, स्पर्श, आर्यमन निझावान , इम्मैनुएल जॉर्ज, अध्यक्ष आहूजा, आयुष्मान बिष्ट, तानिष ओबेरॉय, विराट चतुर्वेदी, जय आदित्य भगत और कनित शर्मा। इन खिलाड़ियों ने इस फेस्टिवल के लिए कई हफ्तों से कड़ी मेहनत की है।

खिलाड़ियों में फुटबॉल के प्रति जुनून, अनुशासन और मैदान में अपने राज्य का गौरव बढ़ाने का जज्बा साफ झलकता है। टीम का मार्गदर्शन कर रहे हैं: चंदर मोहन गोस्वामी (हेड कोच), डॉ. चेतन वत्स (असिस्टेंट कोच), और अमित कुमार (टीम मैनेजर)। वहीं, रेणु कौशिक (दिल्ली सचिव) और डॉ. पीयूष जैन (अतिरिक्त सचिव) ,नरेश तोमर (उपाध्यक्ष), अमित गुसाईं (कार्यकारी सदस्य), मनोज सिंह बिष्ट (कार्यकारी सदस्य) का निरंतर सहयोग टीम को मजबूती प्रदान कर रहा है

# एनडीएमसी ने किया शिकायत निवारण सुविधा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालि. का परिष (एनडीएमसी) ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेन्शन सेंटर, जयसिंह रोड,में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से 83 शिकायतें प्राप्त की। निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं ने नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया।

पालिका परिषद द्वारा शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारियों ने जनता से उनकी जन शिकायतों पर आमने-सामने चर्चा की और उनका समाधान किया गया । नीति स्तर के निर्णयों की आवश्यकता वाली शिकायतों को उनके निवारण की संभावित समय-सीमा के साथ समझाया गया। पालिका परिषद के 30 विभागों के सौ से अधिक अधिकारी/कर्मचारी शिकायतों के मौके पर निवारण के लिए शिविर में मौके पर मौजूद रहे। विभिन्न विभागों के हेल्प डेस्क की निगरानी उनके विभागाध्यक्ष करते रहे । इन सुविधा शिविरों के आयोजन के अलावा पालिका परिषद क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के लिए संपर्क रहित शिकायत निवारण तंत्र के रूप में एक जन सुविधा पोर्टल भी लॉन्च किया हुआ है। इस जन सुविधा पोर्टल का लिंक एनडीएमसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जन सुविधा पोर्टल का उपयोग शिकायत दर्ज करने, उनकी शिकायत की स्थिति पर नजर रखने और शिकायत निवारण तंत्र पर प्रतिक्रिया देने के लिए किया जा सकता है।

# गरज वाले बादल, बारिश व तेज हवाएं आठ मई तक रहेगा ऐसा मौसम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।**दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में शनिवार को भी बारिश देखने को मिली। आज भी आसमान में बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवा के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार ऐसी स्थिति लगभग एक सप्ताह तक रहेगी। आठ मई तक गरज वाले बादल, बारिश और तेज हवाएं चलेंगी। इस दौरान बारिश दो से चार घंटे तक के लिए होगी। शनिवार को हल्की बारिश व तेज हवाओं के कारण अधिकतम तापमान 34 जबकि न्यूनतम 21 डिग्री रहा। । इसके बाद भी तापमान 33 से 35 डिग्री और न्यूनतम 22-24 डिग्री तक बना रहेगा। इसके साथ ही 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान भी है। शुक्रवार आधी रात यानी 2:30 बजे से शुक्रवार सुबह 8:30 बजे तक दिल्ली में पिछली एक सदी से ज्यादा समय बाद दूसरी सर्वाधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। 1901 से लेकर अब तक इससे पहले 2021 में मई माह में 24 घंटे में 119.3 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुता. बिक दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में सिर्फ छह घंटों में 77 मिमी बारिश दर्ज की। अन्य इलाकों में भी काफी बारिश हुई। सर्वाधिक बारिश लोधी रोड में 78 मिमी, प्रगति मैदान और पीतमपुरा में 71.5 मिमी, रिज में 59.2 मिमी, पूसा में 50 मिमी, पालम में 45.6 मिमी, नजफगढ़ में 40 मिमी, आयानगर में 39.4 मिमी और जाफरपुर में 67.5 मिमी बारिश हुई। हवाएं 25-30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलनी शुरु हुई जो कि बढ़कर 70-80 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार तक पहुंच गई।

# वक्फ की आड़ में कुछ लोगों को फायदा पहुंचाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय आरिफ हवारी ने कहा कि वक्फ संशोधन कर भाजपा ने उन मुस्लिम महिला पुरूष, और उनके बच्चों को फायदा पहुंचाने का काम किया है जो मुख्य धारा से आज तक नहीं जुड़ सके हैं। वक्फ की आड में कुछ लोगों ने खुद को फायदा पहुंचाने का काम किया है।

शनिवार को शहर के नौकुआ रोड स्थित कैंप कार्यालय पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री आरिफ हवारी ने कहा कि वक्फ बिल संशोधन गरीब मुस्लिम कल्याण के लिए लाया गया गया है। कांग्रेस ने बिल में संशोधन कर इसके स्वरूप को बिगाड़ दिया था।

पूरे देश में वक्फ की 37।8 लाख एकड भूमि है। जिससे सैकडों करोडों की आय हो सकती थी। लेकिन दुर्भाग्य से यह आए सिर्फ 166 करोड़ रूपए है। कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं के अलावा अन्य विपक्षी नेताओं ने वक्फ की भूमि पर कब्जा जमाए रखा है।



वक्फ के दावों को लेकर उन्होने कहा कि कई मामलों में आया है कि कुछ लोगों ने वफ्फ की संपत्ति से निजी फायदा पहुंचाया है। वफ्फ की संपत्ति इतनी होने के बावजूद आज तक मुस्लिमों के कल्याण के लिए कोई कार्य नही किया गया। न तो कोई कालेज बनाया गया और न ही कोई मेडिकल कॉलेज बनाया गया है। भाजपा की यही मंशा है कि वक्फ की संपत्ति से होने वाली कमाई से गरीब मुस्लिम महिला, पुरूष व बच्चों को मुख्य धारा में लाने का काम किया जाए। इस मौके पर दिलशाद, नवाब, वसीम मलिक आदि मौजूद रहे।

# सैनी बॉलीवुड फिल्मस कंपनी का पोस्टर लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को मुंबई के अंधेरी वेस्ट में सैनी बॉलीवुड फिल्मस मुंबई कंपनी का पोस्टर लांच हुआ। जिसको प्रसिद्ध फिल्म डायरेक्टर मुंबई योगेश भारद्वाज, सीएल सैनी प्रसिद्ध फिल्म लेखक गीतकार मुंबई डायरेक्टर के द्वारा लांच किया गया। उनके साथ में फिल्म गदर 2, वीर सावरकर के अभिनेता शैलेंद्र गौड़, रोशन राज फिल्म डायरेक्टर मुंबई, प्रसिद्ध फिल्म लेखक विनोद वत्स, संजीव गुप्ता रहे।सैनी बॉलीवुड फिल्मस मुंबई कंपनी के प्रोपराइटर शामली निवासी दीपक सैनी है। इस कंपनी का उद्देश्य सत्य कथाओं पर आधारित फिल्मो के माध्यम से भारत देश की जनता को जागने काम किया जाएगा। दीपक सैनी शामली ने बताया कि देश की जनता फिल्म में सच्चाई दिखाने के माध्यम को पुराने कलचर में ढालने का प्रयास किया जाएगा। क्योंकि हम लोग पुराना कलचर भुलते हुए जा रहे हैं इसी कारण बीमारियां अन्य बढ रही है।इन फिल्मों की शूटिंग मुंबई, पुणे, जयपुर, शामली, मेरठ, हरियाणा, उत्तराखंड आदि स्थानों पर होगी।



# लायंस क्लब शामली ने किया शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को लायंस क्लब शामली दोआब द्वारा शहर के फव्वारा चौक पर नागरिकों के लिए शीतल जल प्याऊ का शुभारम्भ पालिकाध्यक्ष अरविन्द संगल, लॉयंस जोन चेयरमैन सुशील वास्तव द्वारा किया गया।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी व झुलसती धूप में आम जनता के लिए ठंडे पानी की प्याऊ लगाना बहुत ही धर्म का कार्य है।

सनातन धर्म मे प्राचीन काल से ही प्याऊ लगाने की परम्परा है और शामली दोआब इस परम्परा का बखूबी निर्वहन कर रहा है। क्लब द्वारा क्षेत्र में 4 ठंडे पानी की मशीनें पहले से ही लगाई हुई है। इस कार्यक्रम का खर्च क्लब के सदस्यों द्वारा वहन किया है।



सुशील वास्तव ने इसे बहुत ही पुनीत कार्यक्रम बताया और इन कार्यों की प्रशंसा की। आम आदमियों की चिंता करना तथा उनकी सेवा करना, सदस्यों का परम धर्म है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने बताया कि इसी गर्मी में 2 मंदिरों में वाटर कुलर लगाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर सोमेश गर्ग, रजनीश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, रजत अग्रवाल, सचिन गोयल, नीरज गर्ग, भूपेंद्र मलिक उपस्थित रहे।

# मच्छरों से निजात दिलाने को ग्राम पंचायत ने कराई फॉगिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से परेशान लोगों को राहत देने के लिए ग्राम पंचायत ने सक्रिय पहल करते हुए फॉगिंग कराई।

शुक्रवार की शाम ग्राम सचिव के नेतृत्व में फॉगिंग अभियान की शुरुआत हुई। पंचायत की टीम शाम सात बजे फॉगिंग मशीन के साथ निकली और रात दस बजे तक गांव के हर गली-मोहल्ले में घूम-घूमकर फॉगिंग करती रही।

ग्राम सचिव राहुल कुमार ने बताया कि बीते कुछ दिनों से गांव में मच्छरों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसे बीमारियों का खतरा बढ़ गया था।

ऐसे में लोगो की शिकायतें आ रही थी जिस वजह से पूरे गांव में फॉगिंग कराई गई। राहुल कुमार ने बताया कि पंचायत की ओर से मुख्य गांव के साथ-साथ मजरों में भी फॉगिंग की गई है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वयं भी सतर्क रहें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

रात के समय मच्छरदानी का उपयोग करें तथा जलजमाव न होने दें। उन्होंने यह भी बताया कि नीम के पत्ते जलाना, कपूर जलाना जैसे घरेलू उपाय भी मच्छरों को भगाने में प्रभावी हैं।

# निष्पक्ष पत्रका. रिता का आह्वान

**चांदपुर।** विश्व राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय प्रेस क्लब चांदपुर परिवार ने देश के समस्त पत्रकार बंधुओं को शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्ष और निर्भीक होकर पत्रकारिता करने का आह्वान किया है। क्लब अध्यक्ष नागेंद्र राजपूत ने कहा है कि आज तीन मई का दिन पत्रकारिता जगत के लिए एक स्वतंत्रता दिवस के रूप में है। उन्होंने कहा कि पत्रकार सिर्फ पत्रकारिता ही नहीं करता बल्कि पत्रकार समाज में व्याप्त बुराइयों, कुरीतियों को दूर करने एवं गरीब की आवाज बनकर उसकी पीड़ा को उठाना और सरकारी सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करने का काम करता है। हालांकि पत्रकारिता करना बड़ा ही जोखिम भरा काम होता है।

# सेंट आरसी स्कूल पिंडोरा में सीबीएसई ने किया शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**झिंझाना।** सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल पिंडोरा में सीबीएसई बोर्ड द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम ओंन एक्टिव लर्निंग पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया, जिसमे जिले के सभी सीबीएसई बर्ड के विद्यालयों के अध्यापकों ने हिस्सा लिया।

शनिवार को सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल पिंडोरा मे सीबीएसई बोर्ड द्वारा प्रशिक्षण शिविर में अनीता सिवाच ने बताया कि छात्र व छात्राओं को एन ई पी के अनुसार शिक्षक को अपग्रेड रहना अति आवश्यक है तथा छात्र को कक्षा में क्रियाशील व आत्मविश्वासी बनाना अति आवश्यक है, और इसके लिए हमें छात्रों को उत्तम अनुभव द्वारा शिक्षण कराना है और बच्चे को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना भी शिक्षक का ही कर्तव्य है। अंत में शिक्षकों के अलग-अलग समूह बनाकर उन्हें विभिन्न चुनौतीस्पद कार्य दिए गए, जिसमें सभी समूह ने विस्तार पूर्वक सीखे गए प्रशिक्षण व कला कौशल प्रस्तुत किया। शिविर के समापन में सभी समूह को दिए गए चुनौतियों को जांच कर उनके कार्य की विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र कुमार तोमर व विजय कुमार तोमर, विद्यालय प्रधानाचार्य मोनिका चौधरी ने सराहना की और कहा कि सभी प्रशिक्षित शिक्षक अपने-अपने विद्यालय में अपनी कक्षाओं में सीखे गए अनुभव का प्रयोग अवश्य करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रविन्द्र डागर ने सभी शिक्षकों को सहयोग करने के लिए उनकी सराहना की प्रशिक्षण में सुभाष कुमार, नसीम अहमद ,सुशील कुमार, अमन गुप्ता ,वीर प्रताप आक. ाश तोमर, पूनम ,कंचन शर्मा व सुमन चौधरी आदि उपस्थित रहे।




# छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के भविष्य निर्धारण के लिए न्यायपालिका के क्षेत्र में कैरियर बनाने के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए एक कैरियर गाइडेंस और जूडिशियर मेंटरशिप सेशन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को न्यायपालिका से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चेयरमैन अरविन्द संगल ने एवं बैंगलोर से पधारी काउंसलर एडवोकेट दीक्षा चौधरी ने किया। एडवोकेट दीक्षा चौधरी ने विद्यार्थियों को सर्वप्रथम न्यायपालिका के अर्थ एवं महत्व के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि कानूनी क्षेत्र में एक न्यायिक अधिकारी के रूप में काम करना जैसे कि न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट या न्यायिक सेवा में अन्य पदों पर। यह कैरियर उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प है जो न्याय कानून और समाज के प्रति समर्पित है। न्यायपालिका का क्षेत्र अत्यधिक मेहनत समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता की मांग करता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों को न्यायपालिका के अंतर्गत विभिन्न पदों के क्षेत्र की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए ज्यूडिशरी और एआईबीएफ के एग्जाम की तैयारी किस प्रकार करनी चाहिए आदि के विषय में जानकारी प्रदान कर विद्यार्थियों के कैरियर ज्ञान में वृद्धि की। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि कैरियर काउंसिलिंग द्वारा विद्यार्थियों को रुचि के अनुसार कोर्स करने की सलाह दी जाती है। आजकल एमबीए, होटल मैनेजमेंट, बी।टेक, मेडिकल, बीएड।, डीएलएड, आईटीआई, एलएलबी। जैसे सैकड़ो कोर्स उपलब्ध हैं। इनमें से सही चुनाव करना कठिन है इसलिए इस कंफ्यूजन को दूर करने के लिए आज विद्यालय में इस करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया है। मौके पर एडवोकेट मनदीप शर्मा, रुपिन चौधरी एडवोकेट, प्रवीण चौधरी एडवोकट, योगी विनेस निर्वाल, उज्मा जैदी, आरिफ हुसैन, अनुपम मित्तल, अरविंद चौधरी, मंजू वत्स आदि उपस्थित रहे।



# दभेड़ी खुर्द प्रधानपति पर संगीन आरोप, सीडीओ से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री एवं क्षेत्र के गांव दभेड़ी खुर्द निवासी मुंशाद अली चौहान तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। जहां पर उन्होंने सीडीओ विनय कुमार तिवारी को शिकायती-पत्र दिया। बताया कि ग्राम पंचायत दभेड़ी खुर्द में विकास कार्यों के लिए सरकार द्वारा आवंटित धन का गबन किया जा रहा है। आरोप है कि पंचायत भवन में सहायकों के लिए करीब पौने दो लाख रूपए की कीमत का सामान खरीदा जाना था, जबकि मौके पर कुल 30-35 हजार रूपए की कीमत का सामान ही उपलब्ध है। पूर्व प्रधान द्वारा जो सांकेतिक स्वागत बोर्ड लगवाए गए थे, उन्हें एक या दो हजार रूपए खर्च करके अपडेट कर दिया गया है। जबकि उक्त कार्य के लिए मोटी धनराशि खर्च होना दर्शाया गया है। सामुदायिक शौचालय के रख-रखाव हेतु प्रत्एक माह करीब नौ हजार रूपए की राशि शासन से दी जाती है, जिसकी बंदरबांट हो रही है। गांव में लगे सरकारी नलों को फर्जी तरीके से रिबोर होना दिखाया गया है। इसके अलावा, जल निगम के दस नल बेचे जाने का आरोप है। पत्र में ग्राम पंचायत के सांकेतिक स्वागत बोर्ड पर लगे प्रधानपति के फोटो को हटवाने की मांग की गई है। वहीं, एक अन्य ग्रामीण इमदादुल्ला नदवी ने भी शिकायती-पत्र देकर प्रधानपति से गौ-चरान की भूमि को कब्जामुक्त कराए जाने की मांग की है।

# राकेश टिकैत के साथ दुर्व्यवहार अत्यंत निंदनीय: चौ. वीर सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शिवसेना जिला इकाई की एक बैठक का आयोजन क्षेत्र कार्यालय ग्राम बागड़पुर में किया गया।

बैठक में शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि कल मुजफ्फरनगर में हिंदू संगठनों द्वारा आयोजित जन आक्रोश रैली में किसान मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के पुत्र किसान नेता राकेश टिकैत के साथ जो दुर्व्यवहार किया गया व अत्यंत निंदनीय है। राकेश टिकैत किसान मजदूरों के लोकप्रिय नेता है। कहीं ना कहीं मौजूदा सरकार पाकिस्तान के हमले का विरोध न कर पाने में सक्षम है। सरकार जनता का ध्यान देश के अंदर विभिन्न प्रकार की घटनाओं में विभाजित करना चाहती है। राकेश टिकैत अपने समर्थकों के साथ जन आक्रोश रैली को अपना समर्थन देने गए, लेकिन कुछ नशे में धुत लोगों ने उनके साथ दुव्यवहार किया। जिसकी हम कठोर निंदा करते हैं। जिसने भी यह हरकत की है उसे कठोर सजा मिलनी चाहिए। इन लोगों ने हिंदू संगठनों को भी बदनाम करने की कसर नहीं छोड़ी। मौजूदा सरकार में हिंदू संगठनों को बदनाम करने व उनका अस्तित्व समाप्त करने के लिए सत्ता पक्ष किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है। सभी समाज व सभी धर्म के लोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है।

# इस्सोपुर टील गोशाला में हो रही गोवंशों की दुर्दशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कांधला विकास क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील में संचालित गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा होने का आरोप लगाया है। उन्होंने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन-पत्र दिया है।

शनिवार को राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के कार्यकर्ता संगठन के शामली जिला उपाध्यक्ष रविन चौधरी के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव को एक ज्ञापन-पत्र सौंपा। बताया कि कांधला विकास क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील में संचालित गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा हो रही है। आरोप है कि मृत गोवंशों को खुले में डाला जा रहा है, जिन्हें कुत्ते नोचकर खा रहे है। गौशाला में दूध न देने वाली गायों की कोई देखभाल नही हो रही है, जिसके चलते वह भूखे मरने को मजबूर है। भोजन के नाम पर गोवंशों को केवल सूखा भूसा डाला जा रहा है, जिसे खाकर वह बीमारी का शिकार हो रहे है।




आरोप है कि जो किसान गौशाला में भूसा दान देने के लिए जाते है, उनके साथ में बदतमीजी की जाती है। पत्र में गौशाला में गोवंशों की देखभाल के लिए छोड़े गए लोगो की जगह अच्छे स्वभाव के लोगो को रखे जाने, बीमार गोवंशों का समुचित इलाज करवाने तथा गौशाला में गोवंशों की खराब हालत के लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। इस दौरान अनमोल मित्तल, साकेत चौहान, अनुज कुमार, मोनू चौहान, ऋतिक चौहान, सागर चौहान, सुमित चौहान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अवैध निर्माण की मंशा से डाली गई निर्माण सामग्री को पुलिस ने बल पूर्वक हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** हाईवे किनारे खाली पडे प्लाट पर अवैध निर्माण की नियत से डाली गई निर्माण सामग्री को प्लाट स्वामियो द्वारा की गई शिकायत पर जलालाबाद पुलिस द्वारा राजस्व विभाग की टीम द्वारा अभिलेखो के आधार स्थलीय नीरीक्षण के बाद बल पूर्वक हटा दिया गया। जलालबाद निवासी फैययाज अली व अमरनाथ पुत्र चरणलाल द्वारा थानाध्यक्ष थानाभवन को प्रर्थना पत्र देते हुए कस्बे के यामीन सलीम नईम आदि पर उनके दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर स्थित प्लाट मे निर्माण सामग्री डालकर अवैध निर्माण करने का अंदेशा जताया था जिस पर पुलिस ने राजस्व विभाग से प्लाट पर स्वामित्व सम्बन्धी आदेश दिखाने के लिए कहा जिसके बाद कानूगो राकेश मोर्य एवं राजस्व लेखपाल परविन्दर कुमार , कुलवन्त आदि की रिर्पोट के आधार पर चौकी प्रभारी पवन उपाध्याय द्वारा पुलिस बल के साथ उक्त अस्थाई रूप से किए गए कब्जे को बल पूर्वक हटा दिया था । जबकि दूसरे पक्ष द्वारा उक्त प्लाट पर अपने स्वामित्व का दावा किया जा रहा था । कानूगो राकेश मौंर्या ने बताया कि उक्त विवाद के सम्बन्ध मे 2023 मे उपजिलाधिकारी द्वारा गठित राजस्व टीम की जांच रिर्पोट के आधार पर उक्त कार्रवाई की गई है। विरोध की आशंका के मददेनजर मौके पर बडी संख्या मे पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### तीन अभियुक्तों को कारावास

**शामली।** वर्ष 2018 में अभियुक्तगण 1. अनवर उर्फ जोनी पुत्र ताहिर उर्फ जरीन 2. तसलीम उर्फ बल्लू पुत्र ताहिर उर्फ जरीन 3. फिरोज उर्फ दहिया पुत्र उमर मौहम्मद निवासीगण मौहल्ला रेतेवाला थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमे पंजीकृत किए गए थे। जिसमें शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था तथा सुसंगत एवं ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था। जिसके क्रम में शामली पुलिस के अथक प्रयास एवं निरंतर प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप आज 3.5.2025 को न्यायालय सीजेएसडी शामली द्वारा उक्त मामले में अभियुक्तगण उपरोक्त को दोषी पाते हुए धारा 457 भादवि में प्रत्येक को 6 वर्ष 10 माह का कारावास व 5,00-5,00/- रुपए अर्थदण्ड व धारा 380 भादवि में प्रत्येक को 6 वर्ष 10 माह का कारावास व 5,00-5,00/-रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 10-10 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। अभियुक्त

### अभियुक्त को कारावास की सजा

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में सड़क दुर्घटना के मामले में 1 अभियुक्त को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई कारावास की सजा व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 1. वर्ष 2009 में अभियुक्त अमानत पुत्र जहूर निवासी मौहल्ला आलकलां थाना कैराना जनपद शामली के विरुद्ध थाना कैराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेजेडी/जेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए 2,000/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 7 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**शामली।** थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से मोबाईल बरामद किया गया है। ज्ञात हो कि थाना कोतवाली शामली क्षेत्रान्तर्गत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक युवक द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी । प्रकरण के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आज 3.5.2025 को सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शामली को दिए गए थे। पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे वारंटी व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है, जिसके कब्जे से एक अदद मोबाईल बरामद हुआ है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त आशु उर्फ अश्वनी पुत्र मागेंराम निवासी मौहल्ला बडीआल थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

### दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** थाना कोतवाली शामलीधझिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। थाना कोतवाली शामली/झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानो पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त रिजवान पुत्र हनीफ निवासी मौहल्ला कलन्दरशाह थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, कदम कुमार पुत्र भरतू निवासी ग्राम भड़ी कोरियान थाना झिंझाना जनपद शामली हैं।

# तमंचों के बल पर लूटपाट से क्षेत्र में फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** शुक्रवार की रात्रि में चोरों ने ग्राम पूंडरी कलां में जंगल से सटे एक घर से सोने-चांदी के आभूषणों तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

चोर जब संदूक चोरी करके ले जा रहे थे, तो पहले गृह स्वामिनी और गृह स्वामी की आंखें खुल गईं। विरोध करने पर बदमाशों ने महिला के सिर में संभवत: तमंचे की बट मारकर उसे घायल कर दिया तथा गृह स्वामी ने पीछा किया, तो उसके ऊपर तमंचे से फायर कर दिया। फायर से वह बाल-बाल बचा।

ग्राम पूंडरी कलां निवासी नईम पुत्र अली मोहम्मद ने गर्मी के कारण बीती रात्रि लगभग 2 बजे बैठक का दरवाजा खोल लिया था। चोर उसी दरवाजे से घर के अंदर घुसे और चोरी को अंजाम देने लगे। रात्रि लगभग ढाई बजे चोर जब संदूक उठाकर बाहर ले जा रहे थे, तो मुख्य दरवाजे के सामने सो रही नईम की पत्नी अमीना की आंखें खुल गईं। उसने बताया कि तीन चोर थे।

उसने एक चोर को पकड़ लिया, तो चोरों ने उसके सिर पर संभवत: तमंचे की बट से हमला कर दिया। महिला का सिर फट गया। इसी दौरान महिला ने शोर मचाकर बैठक में सो रहे अपने पति नईम को भी जगा दिया।

नईम ने संदूक लेकर भाग रहे चोरों का पीछा किया, तो चोर तमंचे से फायर कर जंगल की ओर को भाग गये। नईम फायर से बाल-बाल बचा। नईम का घर खेतों से सटा हुआ ही है। नईम की विवाहित पुत्री शमीमा ने बताया कि चोरों ने उसका भी गला दबाने का प्रयास किया था। ग्राम प्रधान पति संदीप राठी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को एक संदूक घर के सामने मोबाइल टावर के पास पड़ा मिला तथा दूसरा 250 मीटर दूर एक नलकूप पर पड़ा मिला। संदूक में रखे कपड़े आस-पास बिखरे पड़े थे।

नईम ने बताया कि चोर संदूक में रखे उसकी पत्नी अमीना तथा पुत्रवधू महनाज पत्नी अफ्राहिम के सोने-चांदी के लाखों के आभूषण और 50-60 हजार की नकदी चोरी करके ले गये हैं। नईम की विवाहित पुत्रियों शमीमा पत्नी आरिफ निवासी रायपुर थाना किरतपुर और सायमा पत्नी शुऐब मलिक निवासी धनसीनी थाना नजीबाबाद के भी एक-दो आभूषण तथा दो-दो हजार की नकदी चोरी हुई है। शनिवार की दोपहर अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजीव वाजपेई तथा सुबह के समय क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और जरूरी जानकारी प्राप्त की। फील्ड यूनिट तथा सर्विलांस टीम भी मौके पर पहुंची। मंडावली पुलिस भी मौके पर पहुंची। घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक सीसीटीवी कैमरे में तीन चोर अमजद के घर में झांकते हुए कैद हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरे चैक किये जा रहे हैं। पुलिस टीमें चोरों की तलाश में लगी हुई हैं।



# चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ

**नजीबाबाद।** भागूवाला स्थित बहुउदेशीय प्राथमिक ग्रामीण समिति लिमिटेड भागूवाला पर सहकारिता विभाग एवं ध्रुव चैरिटेबल चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सहका. रिता विभाग के अपर जिला सहकारी अधिकारी संदीप कुमार एवं सहायक विकास अधिकारी जयवीर सिंह राठी ने शिविर में आए सभी आगुन्तको का स्वागत करते हुए कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है। डॉ. संजीव तोमर ने बताया कि शिविर में 120 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाईयां नि:शुल्क वितरण की गई। शिविर में उपस्थित समिति सचिव श्रीमती शिवानी पाल एवं सचिव विजयपाल सिंह, सचिव वीरेंद्र कुमार, मनजीत राठी, डॉ. इसरार अहमद, डॉ. बृज बिहारी, डॉ. वैशाली, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. सूर्य, डॉ. पूनम, डॉ. सुग्रीव, डॉ. शीतल उपस्थित रहे।

# दुकान दिलाने के नाम पर हड़पे 42.25 लाख




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** बिल्डर ग्रुप के प्रोजेक्ट में दुकान दिलाने के नाम पर तीन लोगों ने एक व्यक्ति से 42 लाख से अधिक की धोखाधड़ी की। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने तीनों के खिलाफ सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया है। ग्रेटर नोएडा निवासी देवा सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी बेटी अनामिका और पत्नी छाया के नाम पर सेक्टर-133 स्थित भूटानी एवेन्यू में दो दुकानें बुक कराई थीं। दोनों दुकान दिलवाने की बात प्रॉपर्टी डीलर आशीष शर्मा से हुई थी।

आशीष का ऑफिस सेक्टर-132 में है। आशीष ने अपने यहां काम करने वाले अमन चौधरी और सुधीर चौहान को एक अप्रैल 2024 को शिकायतकर्ता के पास रुपये लेने के लिए भेजा। उनसे कहा गया कि ये लोग बिल्डर के यहां रुपेय जमा करा देंगे। दोनों ने एक दुकान के नाम पर देवा सिंह से 17.50 लाख रुपये ले लिए। स्लिप पर हस्ताक्षर करा कर भी दे दिए। इसके बाद 25 अप्रैल 2024 को दूसरी दुकान के लिए 24 लाख 75 हजार रुपये ले लिए। कुछ दिन बाद जब पीड़ित ने भूटानी बिल्डर के दफ्तर जाकर पता किया तो जानक.ारी मिली कि रुपये जमा नहीं किए गए हैं। सोसाइटी में जाकर जब शिकायतकर्ता ने रुपये लेने वाले दोनों व्यक्तियों के बारे में जानकारी जुटाई तो सामने आया कि आशीष शर्मा का असली नाम आसिफ खान है। अमन चौधरी का असली नाम दानिश खान है। दोनों नाम बदलकर व्यापक स्तर पर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। धोखाधड़ी की जानकारी होने के बाद जब शिकायतकर्ता ने कथित आशीष से अपने पैसे मांगे तो उसने रकम देने के इनकार कर दिया। बार-बार टोकने पर आशीष और उसके साथियों ने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी।इस मामले में पुलिस ने आशीष शर्मा उर्फ आसिफ खान, अमन चौधरी उर्फ दानिश खान और सुधीर चौहान के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। नामजद आरो.पियों से पूछताछ करने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## चार माह की बेटी को पानी में डुबोने की कोशिश

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। बागपत के बली गांव की रहने वाली आरती की शादी 6 साल पहले नवादा गांव के नरेंद्र से हुई थी। शादी में मिले दहेज से नाखुश ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने दहेज में लाखों रुपये की मांग की।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पति ने 4 महीने की बच्ची को पानी के टब में डुबोकर जान लेने की कोशिश की। पीड़िता के साथ मारपीट कर उसे मायके भेज दिया गया। जब पीड़िता के पिता दहेज की रकम नहीं दे पाए तो उसे घर से निकाल दिया गया।स्थानीय पुलिस से मदद न मिलने पर पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

# गांजा बेचने के विरोध में डंडों से पीट-पीटकर छात्रा को किया अधमरा, इलाज के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नटमडैया गांव में गांजा बेचने का विरोध करना आरो.पियों ने एक इलेक्ट्रिक दुकानदार के नाती को डंडों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं दुकान को भी हमलावरों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि ईलेक्ट्रिकल दुकान से सामान की कीमत को लेकरजब दुक.ानदार ने रियायत देने से मना किया तो आरोपियों ने बहस शुरू कर डंडे से पिटाई की थी। एच्छर चौकी क्षेत्र स्थित नटमडैया गांव में इंद्रपाल अपने घर के परिसर में एक इलेक्ट्रिकल दुकान चलाते हैं। यहां वह अपने पुत्र रोहित व दामाद सुनील कुमार के साथ रहते हैं। रोहित का कहना है कि पड़ोस में सुंदर नामक व्यक्ति सब्जी की ठेली लगाता है। जिसके दो बेटे जीतेंद्र और नरेंद्र भी सब्जी की आड़ में गांजा बेचने का काम करते हैं। आरोप है कि वह इलाके में दिहाड़ी मजदूरों को गांजा बेचते हैं और इस काम में दो महिलाओं की मदद भी लेते हैं। 30 अप्रैल की रात गांव की दो महिलाओं ने गांजा बेचने वाली महिलाओं को ऐसा न करने की चेतावनी दी थी।

उसी दौरान पिता इंद्रपाल ने भी उन्हें मना किया और कहा कि यह बच्चों के भविष्य के लिए ठीक नहीं है। इसी बात पर विवाद बढ़ गया और जीतेंद्र व नरेंद्र मौके पर आ धमके। पहले दोनों की इंद्रपाल और उनसे कहासुनी हुई। पिता ने स्थिति बिगड़ती देख उन्हें घर भेज दिया। इसके बाद जब उनका नाती अभिषेक वहां पहुंचा तो हमलावरों ने उस पर डंडों से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से वह वहीं गिर पड़ा। पिता इंद्रपाल जब अपने नाती को उठाने के लिए झुके, तो हमलावरों ने उनके सिर पर भी डंडे से वार कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गए। परिजन दोनों को तत्काल स्वर्ण नगरी स्थित एएनएस अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां अभिषेक की हालत गंभीर होने के कारण उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। ऑपरेशन और इलाज में करीब साढ़े चार लाख रुपये खर्च हुए, लेकिन इलाज के दौरान शुक्रवार की रात करीब दो बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता को सिर में 12 टांके लगाने के बाद अस्पताल से छुट्टी दी गई है।

पुलिस का कहना है कि जितेन्द्र और उसका भाई नरेन्द्र पीड़ित की दुकान पर सामान लेने पहुंचे थे। दोनों भाई सामान की कीमत को लेकर विवाद करने लगे और जब दुकानदार ने रियायत देने से मना किया तो आरो.पियों ने बहस शुरू कर दी।

# फूल मंडी को गल्ला मंडी में बदलने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-82 फूल मंडी में शनिवार को उपनिदेशक मंडी लखनऊ प्रशासन चंदन पटेल व दुक.ानदारों के बीच बैठक हुई। बैठक में दुकानदारों ने मांग करते हुए कहा कि फूल मंडी को गल्ला मंडी में बदला जाए। बैठक में फूल मंडी को कैसे फल एवं सब्जी मंडी में स्थानांतरित किया जाए और किस प्रकार से लंबे समय से बंद पड़ी मंडी को पुन: चालू किया जा सके, इसके बारे में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में आवंटियों की तरफ से नोएडा फ्लावर कमीशन एजेंट एसोसिशनन के अध्यक्ष अजय चौधरी और सचिव यतेंद्र कसाना ने अपनी बातें उपनिदेशक के समक्ष रखीं। दुकानदारों ने कहा कि वर्ष 2008 में दुकानों का आवंटन बोली के माध्यम से किया गया था लेकिन उसके बाद से आज तक यहां फूलों के ग्राहक नहीं होने से मंडी नहीं चल पाई जिससे फूल मंडी बसाने का उद्देश्य सफल नहीं हो सका।

बैठक में उपनिदेशक ने सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वा.सन दिया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए फूल मंडी में जल्द शिविर लगाया जाएगा। इस मौके पर डीडी मंडी अमरीश कुमार, सभापति नोएडा मंडी विवेकानंद मिश्रा, सचिव पंकज शर्मा के अलावा बलराज नागर, विकल भाटी, हरी दादू, मनोज नागर, तस्लीम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिला जज मलखान सिंह ने संभाला कार्यभार

- बेंच और बार के समन्वय का दिया आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर के जिला जज बने मलखान सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है। ग्रेटर नोएडा स्थित गौतमबुद्धनगर कचहरी में उन्होंने गौतमबुद्धनगर जिले के जिला जज का पदभार विधिवत रूप से ग्रहण कर लिया है। इस दौरान नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा में सक्रिय वकीलों ने जिला जज का विधिवत स्वागत किया। बार एसोसिएशन की तरफ से एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेन्द्र भाटी के नेतृत्व में जिला जज का विधिवत स्वागत किया गया। इस दौरान नवनियुक्त जिला जज ने वकीलों को आश्वासन दिया कि कचहरी में बैंच तथा बार के समन्वय के लिए हर संभव कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेन्द्र भाटी एडवोकेट के नेतृत्व में बुका देकर बार एसोसिएशन सचिव अजीत नागर एड व अन्य साथियों के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर जिला जज को बार एसोसिएशन की समस्याओं और उनको निस्तारण के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिला जज मलखान सिंह द्वारा भी सकारात्मक तरीके से बार और बैंच के मध्य समन्वय स्थापित कर सभी समस्याओं को निस्तारण कराने में पूर्ण सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया गया।इस मौकध्े पर मुख्य रूप से अजीत भाटी, चरण सिंह भाटी, महेश गुप्ता, ओमकार नागर, प्रमोद शर्मा, कपिल शर्मा, श्याम सिंह भाटी, नीरज भाटी, अरविंद कुमार, पवन भाटी, विशाल नागर, राजीव भाटी, अमीरूदिन, सविता, सत्येंद्र खारी, अरूण नागर आदि अधिवक्ता शामिल थे।

## एक नजर

### साइबर ठगी के प्रति लोगों को जागरूक किया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** साइबर ठगी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए डीसीपी साइबर प्रीति यादव की अगुवाई में अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को स्काई मार्ट बिल्डिंग स्थित पेटीएम कंपनी के दफ्तर में साइबर पुलिस की टीम पहुंची और गोष्ठी आयोजित कर वहां के कर्मचारियों को ठगी के प्रकार और इसके बचाव के बारे में जानकारी दी। डीसीपी साइबर द्वारा कार्यक्रम में मौजूद लोगों को समझाया गया कि किस प्रकार जागरूक होने व सावधानियां बरतने से साइबर ठगी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पुलिस की वर्दी पहनकर अनजान नंबर से कॉल करता है और पैसे ट्रांसफर करने के लिए कहता है तो तुरंत सतर्क हो जाएं।
संबंधित व्यक्ति का नाम और उसके द्वारा बताए एक मोबाइल नंबर को गूगल पर सर्च करें अथवा पुलिस विभाग की वेबसाइट पर जाकर नाम और तैनाती स्थल की जानकारी जुटाएं। शक होने पर तुरंत नजदीकी थाने में सूचना दें। अनजान व्यक्ति के कहने पर कभी भी अपनी बैंक की जानकारी साझा न करें, भले ही कॉल करने वाला खुद को पुलिस अधिकारी या पुलिसकर्मी ही क्यों न बताए। कभी भी सर्च इंजन पर कस्टमर केयर का मोबाइल नंबर डालकर सर्च न करें। साइबर ठगों द्वारा विभिन्न विभागों के गलत हेल्पलाइन नंबर गूगल पर अपलोड कर दिए जाते हैं। अगर कोई आपके आधार कार्ड या पैन कार्ड का इस्तेमाल ड्रग्स तस्करी में होने की बात कहे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। कोई किसी मामले में गैर जमानती वारंट होने का डर दिखाए या इसकी कॉपी आपके मोबाइल पर भेजे तो भी तुरंत पुलिस से संपर्क करें। साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं तो तुरंत हेल्पलाइन 1930 एवं साइबर पोर्टल ीजजचः//बलइमत.बतपउम.हवअ.पद पर सूचना दें। शुरुआती आधे घंटे में अगर ठगी की जानक.ारी दे दी जाए तो रकम को होल्ड और फ्रीज कराना आसान होता है।

### ग्रेनो के महानंदन अस्पताल में कार्डियोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी विभाग का शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर के सेक्टर चाई-टू में नवनिर्मित महानंदन अस्पताल में शनिवार को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभाग की शुरूआत की गई। अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि यहां हर वर्ग के लोग दिल और किडनी का उपचार करा सकेंगे। नए विभाग के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित प्रेसवार्ता में अस्पताल के चेयरमैन एवं वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ आरसी मिश्रा ने कहा कि इस अस्पताल की स्थापना का उद्देश्य हर वर्ग के लोगों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। किसी भी मरीज को इलाज के लिए दूर नहीं जाना होगा। पैसे की कमी की वजह से किसी गरीब मरीज को वापस नहीं जाना पड़ेगा।
चौरिटेबल ट्रस्ट व दानदाताओं की मदद से ऐसे मरीजों का इलाज किया जाएगा। अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी डॉक्टरों की टीम और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों को अच्छा इलाज मिल सकेगा। वहीं कार्यकारी निदेशक डॉ. अभिषेक देशवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है। इस मौके पर डॉ. राहुल चंदोला, डॉ. भरत आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने किसानों की समस्याएं जानीं

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** विधायक पंकज सिंह का कहना है कि वर्ष 1976-77 और कुछ साल बाद तक नोएडा शहर को बसाने के लिए जमीन देने वाले किसानों की समस्याओं का भी समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि घर के प्रति बालिक सदस्य को एक हजार मीटर का भूखंड देने का निर्णय शासन स्तर पर लिया जा चुका है। जल्द उसको पूरा कराया जाएगा। विधायक ने यह बातें शनिवार को आतंकवादी विरोधी मोर्चा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी राजेंद्र पंडित के आवास पर कहीं। इस मौके पर उन्होंने यहां किसानों से उनकी समस्याएं पूछीं। उन्होंने कहा कि कुछ और मांगें जल्द पूरी होने वाली हैं, इससे किसानों को काफी फायदा होगा। इस मौके पर रोहिंग्याओं व पाकिस्तान की तरफ से आतंकियों की जा रही मदद को लेकर भी विधायक ने लोगों से चर्चा की। इस मौके पर कमल शर्मा, मूलचंद, रजत शर्मा, दीपांशु, हिमांशु, रिटायर्ड फौजी सूबेदार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### दस मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय ने बताया कि दिनांक 10/05/2025 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे।

# ड्रग्स तस्करी में लिप्त नाइजीरियाई नागरिक की फर्जी दस्तावेज से जमानत के मामले में दो धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ड्रग्स तस्करी में लिप्त में नाईजीरियाई नागरिक डेनियल के जमानतकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत सत्यापन दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण में न्यायालय के लिपिक की शिकायत पर केस दर्ज कर संजय (53) निवासी दलाल पटटी गांव सदरपुर थाना बापूधाम जनपद गाजियाबाद व अमित कुमार (29) निवासी भूपेन्द्रपुरी कालोनी मोदीनगर थाना मोदीनगर गाजियाबाद को मिडिएशन कोर्ट सूरजपुर न्यायालय परिसर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने मई 2023 में जैतपुर स्थित एक घर में चल रही ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़ करते हुए नौ नाईजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपियों के पास से करीब 46 करोड़ रुपये की एमडीएम ड्रग्स और 100 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ बनाने समेत कच्चा माल और रसायन पदार्थ बरामद हुआ था। पुलिस ने मामले में डेमियल अजूह उर्फ डेनियल नामक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया था। बीते मंगलवार को प्रकरण में आरोपी डेनियल के जमानतकर्ताओं ने अपना नाम संजय एवं राकेश बताकर सत्यापन से संबंधित पहचान पत्र, आधार कार्ड अन्य जरूरी दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। मामला की गंभीर प्रवृत्ति को देखते हुए अदालत ने दस्तावेजों की गहन जांच कराने के लिए कोर्ट मोहर्रिर विजय बालियान को निर्देशित किया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जमानत प्रत्रों में उल्लेखित थाना ब्रह्मपुरी जिला मेरठ के उप निरीक्षक राम लखन यादव नाम का कोई भी अधिकारी वर्तमान में उस थाने में तैनात नहीं है। जब इस संबंध में न्यायालय ने उपस्थित जमानतकर्ताओं राकेश और संजय से पूछताछ की, तो वे बिना उत्तर दिए कोर्ट से चले गए। प्रकरण की स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट हुआ कि जमानत दस्तावेजों में जानबूझकर फर्जी जानकारी दी गई जो कि न्यायिक प्रक्रिया में धोखाधड़ी की श्रेणी में है। इस गंभीर चूक को संज्ञान में लेते हुए विधि पाण्डेय लिपिक अपर सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय प्रथम गौतमबुद्धनगर ने केस दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि पुलिस ने मामले में संजय (53) निवासी दलाल पटटी गांव सदरपुर थाना बापूधाम जनपद गाजियाबाद व अमित कुमार (29) निवासी भूपेन्द्रपुरी कालोनी मोदीनगर थाना मोदीनगर गाजियाबाद को मिडिएशन कोर्ट सूरजपुर न्यायालय परिसर से गिरफ्तार किया है।

# जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का नोएडा में शानदार आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में शनिवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ। इस प्रतियोगिता में लगभग डेढ़ सौ बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले दिन क्वार्टर फाइनल तक के मुकाबले खेले गए, जिसमें युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रविवार को बालिका वर्ग के मैच, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा। जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष और कोच मृदुल ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना और टेबल टेनिस को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में बालक और बालि.का वर्ग में विभिन्न आयु समूहों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने तेजी, तकनीक और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। नोएडा स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के जोश और उत्साह ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया। कोच मृदुल ने बताया कि रविवार को बालिका वर्ग के मुकाबले सुबह से शुरू होंगे, जिसमें कड़े और रोमांचक मुकाबले होने की उम्मीद है। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले दिन के अंत में खेले जाएंगे, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन में जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों और कोचों की अहम भूमिका रही। आयोज.कों ने बताया कि इस तरह के आयोजन न केवल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि खेल के प्रति रुचि को भी बढ़ाते हैं।

## मस्जिद का इमाम गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने एक मस्जिद के इमाम को गिरफ्तार किया है। गांव निलौनी स्थित मस्जिद के इमाम पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियो शेयर करने का आरोप है।

कोतवाली प्रभारी सुजीत कुमार के अनुसार, आरोपी इमाम मोहम्मद गजनफर बिहार के अररिया जिले के गांव कुर्सेल का रहने वाला है। उसने करीब 3 महीने पहले संभल में हुई हिंसा को लेकर एक भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। यह वीडियो अब वायरल हो रहा है।पुलिस ने वायरल वीडियो का स्वत: संज्ञान लिया। वीडियो के जरिए धार्मिक उन्माद फैलाने के प्रयास के आरोप में इमाम के खिलाफ केस दर्ज किया गया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# रोबोटिक सिस्टम से नोएडा एयरपोर्ट पर होगी बमों की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मिनी रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल (एमआरओवी) की सहायता से सुरक्षा बल बिना जान जोखिम में डाले संदिग्ध वस्तुओं की जांच और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम होंगे। यह स्वदेशी रूप से विकसित उन्नत रोबोटिक सिस्टम भारत की सिक्योरिटी डिफेंस सिस्टम कंपनी ने तैयार की है। पहले चरण में एयरपोर्ट पर ऐसे छह एमआरओवी तैनात किए जाएंगे। इससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और देश की रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा।

नोएडा एयरपोर्ट की सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नेटवर्क को साइबर हमले से सुरक्षित रखने और प्रौद्योगिकी संचालन की रियल टाइम निगरानी की जिम्मेदारी अमेरिकी आईटी कंपनी किंड्रिल की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संचालित ओपन इंटीग्रेशन प्लेटफार्म सिस्टम से व्यवस्था परखी जाएगी और किसी भी संभावित तकनीकी समस्या का समाधान किया जाएगा। कंपनी तकनीकी कार्यों में साइबर अपराधियों की सेंधमारी व अन्य तकनीकी गड़बड़ी समेत अन्य संभावित समस्याओं के निदान के लिए विशेष आइटी नेटवर्क तैयार कर रही है।

एमआरओवी ने प्रदर्शन के दौरान बताया गया कि बमों की पहचान करने और उसे निष्क्रिय करने के लिए नोएडा एयरपोर्ट पर रोबोटिक सिस्टम लगाया जाएगा। इसे सिक्योरिटी डिफेंस सिस्टम ने तैयार किया है यह अत्याधुनिक सिस्टम विशेष रूप से विमान, ट्रेन, मेट्रो जैसी जगहों में ऑपरेशन के लिए डिजाइन किया गया है। इसके 90 प्रतिशत से अधिक पुर्जे स्वदेशी हैं। इस कारण यह किफायती है।

चार-पहिया एमआरओवी, किसी भी इलाके में काम करने में सक्षम है। इसके रोबोटिक आर्म 20 किलो तक की वस्तु 2.5 मीटर और 9 किलो तक की वस्तु चार मीटर दूर से उठा ले जा सकते है. इसके वाटर जेट डिसरप्टर तकनीक से बम तुरंत निष्क्रिय किया जा सकता है। उच्च स्तरीय कैमरे, नाइट विजन और न्यूक्लियर, बायोलॉजिकल, केमिकल रेकनाइसेंस तकनीक से युक्त होने के साथ-साथ पोर्टेबल एक्स-रे डिवाइस और शॉटगन से लैस है। इसे 500 मीटर दूर से रिमोट कंट्रोल से आपरेट किया जा सकता और इसके बैटरी बैकअप तीन घंटे का है।

# सड़क पर चलती महिंद्रा पिकअप में लगी आग, चालक की बची जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-63 में बहलोलपुर अंडरपास के पास आज शनिवार को सड़क पर चलती एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप में आग लग गई। आग की जानकारी मिलते ही चालक ने सड़क पर गाड़ी रोक दी। इसी बीच किसी राहगीर ने फोन कर दमकल विभाग को जानकारी दी।

दमकल विभाग की टीम ने एक गाड़ी की मदद से आग बुझाई। आग में गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि चालक नोएडा नंबर की महिंद्रा बोलेरो पिकअप में सवार होकर बहलोलपुर जा रहा था। जैसे ही वह बहलोलपुर अंडरपास के पास पहुंचा तो इंजन से धुआं निकलने लगा। चालक चलती गाड़ी रोकी और नीचे उतर गया। इसी बीच आग फैल गई। चालक ने आग बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच किसी राहगीर ने फोन कर दमकल विभाग को सूचना दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि दमकल की एक गाड़ी की मदद से आग बुझा दी गई। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि महिंद्रा बोलेरो में आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों दादरी, जेवर और सदर में आज तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 139 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 15 शिकायतों का समाधान मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा द्वारा दादरी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम जिला समाज कल्याण विभाग एवं जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा लगाए गए पेंशन कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेंशन के लिए उपस्थित जन सामान्य से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांगजन पेंशन के लिए प्राप्त सभी नए आवेदनों का सत्यापन पूरी पारदर्शिता एवं गंभीरता से किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय से प्राप्त हो, यह शासन की प्राथमिकता है। अत: संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसी भी योग्य व्यक्ति को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। सत्यापन की प्रक्रिया को सरल, संवे.दनशील और मानवीय दृष्टिकोण के साथ प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए ताकि पात्र व्यक्तियों को शीघ्र पेंशन का लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी ने तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दादरी तहसील में कुल 114 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 13 का समाधान मौके पर किया गया।

जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए शासन गंभीर है। अत: अधिकारी निस्तारण में कोताही न बरतें और प्राथमिकता के साथ प्रत्येक शिकायत का मौके पर जांच कर पोर्टल पर समयबद्ध फीड कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी अनुज नेहरा, एसीपी दादरी सौम्या सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, तहस.ीलदार ओमप्रकाश पासवान, नायब तहसीलदार प्रज्ञा सिंह एवं संबंधित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में जेवर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 01 का शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया। सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 04 शिकायतें दर्ज की गईं, जिसमें 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

# अवैध खनन की शिकायत करने वाले पर हमला

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में अवैध खनन की शिकायत करने का खामियाजा एक युवक को भुगतना पड़ा। अस्तौली गांव के विकास भाटी पर डंडों से हमला किया गया। दनकौर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

विकास भाटी ने कुछ दिन पहले बुलंदशहर पुलिस में कुछ लोगों के खिलाफ अवैध खनन की शिकायत की थी। गुरुवार को वह अपने दादा के साथ गांव में एक शोक सभा में जा रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में विकास के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं। उनका इलाज ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में चल रहा है।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अमित, मनोज, अनोज समेत 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी अमित को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# जातिगत जनगणना कराए जाने को लेकर कांग्रेसियों ने निकाला धन्यवाद जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** केंद्र सरकार द्वारा देश में जातिगत जनगणना कराए जाने को लेकर कांग्रेसियों ने शहर में एक धन्यवाद जुलूस निकाला। जो कि दिल्ली रोड स्थित भैरों मंदिर से शुरू होकर मेरठ तिराहा और तहसील चौराहा होते हुए अतरपुरा चौपला स्थित नेहरू प्रतिमा पर समाप्त हुई। इस दौरान कांग्रेस जनों ने रास्ते में आने वाले महापुरुषों डा. भीमराव अंबेडकर, चौधरी चरण सिंह और पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में प्रदेश सचिव / प्रभारी पुरुषोत्तम नागर भी पहुंचे। कांग्रेस जन हाथों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पोस्टर की तख्ती लिए जुलूस में पहुंचे और अपने नेता राहुल गांधी के पोस्टर को दूध से स्नान कराया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जिस जातिगत जनगणना की मांग को काफी लंबे अरसे से कर रहे थे। 30 अप्रैल 2025 को उस जातिगत जनगणना का ऐलान केंद्र सरकार ने कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उनके नेता राहुल गांधी द्वारा लगातार देश में जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाया जा रहा हैं। जिसके चलते आज केंद्र की भाजपा सरकार झुक गई है और मजबूरन देश में जातिगत जनगणना कराए जाने के लिए बाध्य होना पड़ा। इस जुलूस के जरिए जनता के बीच जाकर लोगों को कांग्रेस जनों द्वारा यह संदेश देना है कि आज अगर केंद्र सरकार द्वारा देश में जातिगत जनगणना कराए जाने का ऐलान किया गया है तो उसके लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बधाई के पात्र है क्योंकि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लंबे समय से केंद्र सरकार से देश में जातिगत जनगणना की मांग के लिए आवाज निरंतर उठाई जा रही हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा है कि देश में जातिगत जनगणना कराए जाने से देश की जनता की जीत हुई है। प्रदेश सचिव / प्रभारी पुरुषोत्तम नागर ने कहा कि देश में जातिगत जनगणना कराए जाने से अब देश की सही जनसंख्या का पता तो लगेगा ही, साथ ही देश में किस जाति के लोग कितनी संख्या में है उसका सारा लेखा जोखा अब देश की जनता के सामने होगा। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद अयाजुद्दीन, पूर्व जिलाध्यक्ष मिथुन त्यागी, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चन्द शर्मा, आकाश चौधरी, पूर्व प्रदेश सचिव डा. शोएब, पूर्व सभासद ऐजाज अहमद, पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, पूर्व पीसीसी अरविंद शर्मा, डा. वीसी शर्मा, मुरसलीन, सचिन कुमार, मुजम्मिल, विनोद कुमार लोग मौजूद रहे।




# चैकिंग के दौरान दो वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की स्कूटी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो वाहन चोर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जनपद मेरठ से चोरी की गई स्कूटी बरामद की है।

धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान दो वाहन चोर को देहरा झाल के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से जनपद मेरठ से चोरी की गई स्कूटी बरामद हुई है। वाहन चोरों की पहचान अनस पुत्र राहिल निवासी जाफर कालोनी ढोलक वाली मस्जिद के पीछे मसूरी थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद और हामिद पुत्र अबरार निवासी ग्राम सलाई थाना हापुड देहात जनपद हापुड के रूप में हुई है। वाहन चोरों को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।



# हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने तमंचे से गोली मारकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के पिलखुवा कस्बे के चंडी मंदिर के पास एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश हिमांशु ने अपने घर के अंदर तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पिलखुवा सीओ अनीता चौहान व थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस और फॉरेनसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पिलखुवा सीओ अनीता चौहान ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर बदमाश हिमांशु पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज थे और व एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश था। कुछ माह पहले हिमांशु एक हत्या के मामले में बेल पर जेल से बाहर आया था और शनिवार की देर रात हिस्ट्रीशीटर बदमाश हिमांशु ने घर के अंदर तमंचे से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# डीएम व एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को सदर तहसील में डीएम अभिषेक पांडेय और एसपी ज्ञानंजय सिंह की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएम और एसपी ने समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम अभिषेक पांडेय ने सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। जिन-जिन विभागों की संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त होती है उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने उप जिला. धिकारी तथा थाना प्रभारियों से कहा कि जो भूमि संबंधी मामले हैं। उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण



# नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना कपूरपुर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा नाबा. लिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी कुलदीप उर्फ बल्ला पुत्र सतेन्द्र उर्फ सतपाल निवासी ग्राम पारपा थाना कपूरपुर जनपद हापुड को त्वरित कार्यवाही करते हुए छज्जूपुर गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# नीट परीक्षा की तैयारियां पूरी, डीएम-एसपी ने जांची सुरक्षा व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में कल होने वाली नीट-यूजी परीक्षा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। डीएम अभिषेक पांडेय ने शनिवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बाद में डीएम और एसपी केजी सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

डीएम ने सभी केंद्रों पर दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। परीक्षा में किसी प्रकार की अनियमितता न हो, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां की गई हैं। सभी केंद्रों पर बिजली, पेयजल, शौचालय और पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षा के लिए एसएसवी इंटर कालेज, एसएसके इंटर कालेज, दीवान इंटर कालेज, एकेपी इंटर कालेज और श्री जैन कन्या इंटर कालेज को केंद्र बनाया गया है। प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। स्ट्रांग रूम की निगरानी और लॉग बुक का संधारण पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के आस-पास फोटो स्टेट और प्रिंट की दुकानें बंद रहेंगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## एक नजर

# युवक पर किशोरी का हमला, ब्लेड से किया वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कृष्णगंज के एक जनरल स्टोर पर एक किशोरी ने युवक पर ब्लेड से वार कर दिया। जिससे युवक घायल हो गया। पीड़ित के स्वजन ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मोहल्ला कृष्णगंज में शुक्रवार शाम एक किशोरी ने जनरल स्टोर पर बैठे अभय कुमार पर ब्लेड से हमला कर दिया। युवक के पेट और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने बताया कि किशोरी पहले भी उस पर ईंट से हमला कर चुकी है। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि किशोरी मानसिक रूप से अस्वस्थ है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के रिलायंस रोड के सामने पैट्रोल पंप के पास गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, पिकअप गाजियाबाद की ओर से हापुड़ जा रही थी, तभी रिलायंस रोड के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप में लदा मांस सड़क पर फैल गया। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी हुई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी डा. राजपाल सिंह ने मांस के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा। मांस के प्रकार की पुष्टि नहीं हो सकी है। चालक और मालिक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि वाहन को हटवाकर सड़क को साफ कराया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार का कहना है कि पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# गोवर्धन पूजा की कथा सुन भक्तों की भीड़ हुई भाव विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्का अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंदर का घमंड तोड़ डाला था, इसलिए मनुष्य को कभी भी घमंड न करते हुए ईश्वर के बताए सद्मार्ग पर चलकर दीन दुखियों की हरसंभव मदद करनी चाहिए।

मुक्ति धाम ब्रजघाट की अमृत परिसर धर्मशाला में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ के चौथे दिवस में गोवर्धन पर्वत की पूजा अर्चना से जुड़ी कथा सुनकर भक्तों की भीड़ मंत्रमुग्ध हो गई। वृंदावन धाम से आए व्यास मोहन दास ने कहा कि गोवर्धन पूजा श्रीमद् भागवत से जुड़ा एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है, जो भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाने से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि कार्तिक माह में दीवाली से अगले दिन भगवान कृष्ण ने अपनी कनिष्का अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर इंद्र का घमंड तोड़ डाला था। अपनी पूजा अर्चना बंद होने से क्रोधित होकर इंद्र ने ब्रज क्षेत्र में घनघोर वर्षा कर दी थी, जिससे हर किसी के व्याकुल होने पर श्रीकृष्ण ने अंगुली पर पर्वत उठाकर जनमानस की रक्षा की थी। इसलिए मनुष्य को कभी भी अहंकार न करते हुए धर्म के बताए सद्मार्ग पर चलकर दीन दुखियों की हरसंभव मदद करनी चाहिए। कथा का आयोजन करा रहे दिल्ली निवासी दुर्विजय सिंह मुख्य यजमान रहे। इस दौरान श्री गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा, प्रदीप शर्मा, अभिषेक पांडेय, रिमझिम पांडेय, पुष्पा गुप्ता, सुषमा मिश्रा, गीता वैष्णव, ओमप्रकाश शर्मा, पंडित शिवमूर्ति पांडेय, सुशील चौधरी, मनमोहन चौधरी, गौरव मिश्रा, श्रीनिवास गुप्ता, मूलचंद गर्ग समेत कफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# एसडीएम को हटाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का विरोध जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ तहसील के करीब 60 गांवों में कार्य ने होने पर तहसील में सभी कार्य ठप पड़े हुए हैं और इससे किसान और छात्र छात्राओं को परेशानी हो रही है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अपनी अनदेखी का आरोप लगाते हुए 14 वें दिन बाद भी अतिरिक्त प्रभार का बहिष्कार कर एसडीएम को हटाए जाने की मांग लगातार आंदोलन जारी है। इससे आय जाति, मूल निवासी और किसानों का कार्य बाधित हो रहे हैं।

गढ़ लेखपाल शाखा ने 21 से लगातार अतिरिक्त कार्यों को न करने को लेकर अपने बस्ते तक जमा कर दिए हैं, संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि सभी अतिरिक्त कार्यों का बहिष्कार करने की घोषणा कर दी गई थी। पूर्व में सभी लखपालो ने अपनी समस्याओं के साथ ही अतिरिक्त कार्यों से होने वाली दिक्कत गिनाई थी। इसको लेकर तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह और सचिव योगेंद्र कुमार ने कहा कि 15 अप्रैल में एसडीएम को तीन सूत्रीय मांगों के संबंध में पत्र भेजा गया था, परंतु आजतक भी कोई संज्ञान नहीं लिया जा सका है। इसके विरोध में सभी लेखपालों का कार्यभार राजस्व निरीक्षक कार्यालय में जमा कर दिए थे, तभी से लेखपाल केवल अपने मूल तैनाती क्षेत्र का कार्य कर रहे हैं। अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने बताया कि सर्वसहमति से निर्णय लिया गया था कि जब तक एसडीएम को गढ़ से तबादला नहीं होगा, तब तक कोई भी लेखपाल रजिस्ट्रार कानूनगो पटल और अतिरिक्त लेखपाल क्षेत्रों का कार्य नहीं करेगा। उनका कहना जन तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी तबतक कार्य का बहिष्कार चलता रहेगा। इस दौरान केशव शर्मा, रोहित त्यागी,सुशांत सागर, सुजाता, गौरव कुमार,आदित्य चौधरी,अतुल त्यागी, जयप्रकाश, रितेश कुमार, वैशाली वशिष्ठ, नगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनाया गया गंगा जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के महाभारत कालीन ग्राम पुष्पावती पूठ गंगा घाट पर शिवगंगा आरती रजिस्टर समिति द्वारा मां गंगा का भाव जन्मोत्सव मनाया गया। शिवगंगा आरती समिति के महामंत्री पंडित विनोद शर्मा शास्त्री ने बताया 4 वर्षो से लगातार मां गंगा जी का या जन्मोत्सव गंगा आरती समिति मना रही है। इस बार मां गंगा के तट पर प्रात: कालीन मां गंगा का सिंगर यज्ञ गंगा में दूध की धार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मां गंगा की भव्य आरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया। शिव गंगा आरती समिति नित्य प्रति मां गंगा के तट पर मां गंगा की आरती करती है, दीन दुखी असहाय लोगों की समय-समय पर सहायता भी करती है, और सरकार द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं को जन-जन घर-घर तक लोगों को जागरूक करती है और लोग सरकार द्वारा दिए गए योजनाओं का लाभ उठाते हैं, समिति का उद्देश्य देश और क्षेत्र में सुख शांति अमन चैन की कामना लाना है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रोहन नागर, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, गुरुकुल महाविद्यालय प्राचार्य राजीव आर्य, डा. महेश सैनी, दिनेश तोमर, नरेश तोमर, डा. नलिन शर्मा, कुलदीप तंवर, हरिश्चंद्र खड़कवंशी, हरिदत्त केवट समेत हजारों गंगा भक्त मौजूद रहे।

# पुलिस पर गिरफ्तार किए गए आरोपी को बिना कार्रवाई के छोड़ने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** घर के अंदर हुई लूट की संगीन घटना को महज चोरी बताकर अपनी किलता छिपा रही बहादुरगढ़ पुलिस पर पीड़ित महिला ने सांठगांठ करते हुए हिरासत में लिए संदिग्ध को किसी भी कार्रवाई के बिना छोडने का आरोप लगाते हुए एसपी से गुहार लगाई।

बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव आलमनगर निवासी मनीष की पत्नी सीमा ने एसपी को शिकायती पत्र भेजा है, जिसमें उल्लेख किया है कि 25 अप्रैल की देर रात को हथियार और लाठी डंडों से लैस कई लोग उसके घर में घुस आए थे। जो उसके साथ ही देवर और ननद को मारने की धमकी देते हुए साढ़े 22 हजार की रकम समेत सोने चांदी के लाखों रुपये के जेवरात लूट ले गए थे। पीड़िता का कहना है कि उसकी तहरीर पर पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया था, परंतु सांठगांठ होने पर पूछताछ की औपचारिकता निभाते हुए उसे किसी भी कार्रवाई के बिना थाने से ही छोड़ दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि कोई भी कार्रवाई न होने पर उसने 1076 हेल्पलाइन पर शिकायत की थी, परंतु घर आई पुलिस उससे जबरन दस्तखत कराकर ले गई। इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह का कहना है कि आरोप पूरी तरह निराधार हैं। हिरासत में लिए गए युवक को पूछताछ में निर्दोष साबित होने पर छोड़ा गया है।

# बदहाल सड़क और बिजली खंभों की कमी के खिलाफ लोगों ने किया प्रदर्शन

**वसीम अहमद**

**पिलखुवा।** शनिवार को मोहल्ला गढ़ी के चमनपूरी में रहने वाले लोगों ने जल भराव व कच्ची सड़कों और बिजली खंभों की कमी के खिलाफ प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि मोहल्ले में सड़कों की स्थिति बहुत खराब है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इसके अलावा, बिजली खंभों की कमी के कारण क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है।

मोहल्ला चमनपुरी निवासी दिव्यांग सईद इन दिनों बदहाल सड़क से परेशान हैं। चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग को घर से बाहर निकलने में काफी कठिनाई होती है। घर के घरेलू कार्यों के लिए भी जब वह बाहर निकलने का प्रयास करते हैं, तो गड्डों से भरी सड़क और कीचड़ उनके लिए बड़ी बाधा बन जाती है। सिर्फ दिव्यांग ही नहीं, मोहल्ले के अन्य लोग भी लंबे समय से खस्ताहाल सड़क से परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह कई बार नगर पालिका से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मोहल्ला चमनपुरी निवासी रिफाकत ने बताया कि कच्ची सड़क के न बनने से आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। इस मामले में हमने सभासद से कई बार बात कि सभासद सुनने को तैयार नहीं है सुबह ऑफिस और बच्चो को स्कूल जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा रहा है। बारिश के मौसम में बच्चे कई बार सड़क पर गिर जाते हैं। उन्होंने आगे बताया कि हम लोगो को बिजली ओर पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि नगर पालिका के रिकॉर्ड में यह सड़क पहले ही बन चुकी दिखाई गई है, जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट है। मोहल्ले के लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि दिव्यांगों सहित आम लोगों को राहत मिल सके। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह का कहना है कि आगामी बोर्ड बैठक में सड़क निर्माण का प्रस्ताव रखा जाएगा, लोगों की समस्या का जल्द से जल्द निदान कराया जा रहा है।



# दिल्ली से आ रही बस और ट्रक की भिड़ंत में 30 सवारी घायल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार की सुबह बागपत फ्लाई ओवर के पास एक बस और ट्रक में भिड़ंत हो गई जिसमें करीब 30 सवारी घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस और राहगीर ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। सूत्रों के अनुसार डबल डेकर बस जिसका नंबर यूके 07पी ऐ 7599 दिल्ली से आ रही थी जैसे ही वह बागपत बाईपास फ्लाईओवर के ऊपर पहुंची तो सामने खड़े ट्रक में भिड़ंत हो गई। बस की टक्कर होते ही उसमें बैठी सवारियों की चीख पुकार मच गई तभी सूचना पाकर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने सभी को बाहर निक. ाला और पास के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें सुमन, राहुल, जितेंद्र, हरिओम और भी अन्य सवारी घायल हो गई उधर ट्रक चालक सलमान मेरठ निवासी जो बुरी तरह घायल हो गया। सभी को सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया जहां सभी की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## आज द्रौपदी घाट मंदिर पर लगेगा मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** महाभारतकालीन ऐतिहासिक द्रौपदी घाट मंदिर पर रविवार को विशाल मेला आयोजित किया जाएगा। वैशाख माह की सप्तमी को लगने वाले मेले की समस्त तैयारियां पूर्ण हो गई है और श्रद्धालु पहुंचना प्रारंभ हो गया है। रविवार को मां द्रौपदी घाट मंदिर पर लगने वाले मेले के लिए महिला श्रद्धालुओं का मंदिर व जैन मंदिरों पर पहुंचना प्रारंभ हो गया है। मंदिर महंत बेगवती ने बताया कि माता द्रौपदी इसी स्थान पर स्नान करने के उपरांत भगवान शिव की पूजा अर्चना करने मंदिर जाती थी। इसलिए इस घाट का नाम द्रौपदी घाट पड़ गया। प्रत्येक वर्ष वैशाख मास की सप्तमी के दिन द्रोपदी मंदिर पर मेला आयोजित होता है। इसके लिए पहले दिन हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु हस्तिनापुर पहुंच जाती हैं और द्रौपदी मंदिर के प्रांगण में बने सरोवर में स्नान कर मंदिर में पूजा अर्चना करती है और अपने पति की दीर्घायु व परिवार में सुख समृद्धि के लिए बरगद के वृक्ष की पूजा अर्चना कर वृक्ष पर कलावा बांधती है। मेले के लिए मंदिर परिसर व जैन मंदिरों पर दुकानें सज गई है और दूर दराज से महिला श्रद्धालुओं का पहुंचना भी प्रारंभ हो गया है। वहीं मुख्य मार्ग की ओर से मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए मार्ग का कार्य निर्माणाधीन है। इसलिए पुलिस इस मार्ग पर केवल पैदल यात्रियों के लिए रखेगी।



## लैवेटरी केयर के बादशाह और बॉलीवुड के किंग ने मिलाया हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान का अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में हार्पिक स्वागत करके अपनी शानदार विरासत की यात्रा को आगे ले जाने की गर्व के साथ घोषणा करता है। यह बेमिसाल पार्टनरशिप हार्पिक की बेहतरीन सफाई की शानदार विरासत और शाहरुख खान के सम्मोहिक व्यक्तिवस, साझा मूल्यों और भारतीय परिवारों के बीच उनकी लोकप्रियता को एक साथ लाती है। मार्केटिंग डायरेक्टर हाइजीन, रेकिट-साउथ एशिया गौतम ऋषि ने कहा, हमें हार्पिक परिवार में शाहरुख खान का स्वागत करते हुए काफी खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। लाखों भारतीयों के साथ उनका अटूट रिश्ता और उनकी वैल्यु हार्पिक के भरोसे, प्रदर्शन और केयर को बहुत ही सटीकता से प्रदर्शित करती हैं।

## डीएम ने 10 मई को क्रांति दिवस को मनाये जाने के संबंध में की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में 10 मई को शहीद दिवस (क्रांति दिवस) के रूप में मनाये जाने के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में डीएम ने कहा कि क्रांति दिवस भव्य रूप से मनाया जायेगा। उन्होंने प्रभात फेरी के मार्ग में पड़ने वाली सड़को की मरम्मत तथा मूर्तियो की साफ-सफाई के निर्देश दिये गये। अवगत कराया गया कि प्रभात फेरी गांधी आश्रम गढ रोड से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक बुढाना गेट होते हुये शहीद स्मारक पर संपन्न होगी। शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। क्रांति दिवस के अवसर पर औघड़नाथ मंदिर में अमर शहीदो को पुष्प अर्पित कर नमन किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि इस अवसर पर विभिन्न स्कूलो के बच्चो की सहभागिता सुनिश्चित करते हुये दौड़ का आयोजन किया जायेगा। चौधरी चरण सिंह विवि में विभिन्न देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा। क्रांति दिवस पर दिनभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो में राष्ट्रीय गीत होंगे।

# तहसील तिराहे पर युवक पर गोलियां बरसाने वालों पर लगी गैंगस्टर

### साढ़े चार महीने पहले तहसील तिराहे पर सरेशाम युवक पर बरसाई थी गोलियां

■ **जानलेवा हमले में जेल में बंद तीनों आरोपी गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** साढ़े चार महीने पहले तहसील तिराहे पर युवक पर सरेशाम गोली बरसाने वाले तीन आरोपियों पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। हालांकि अभी तीनों आरोपी जेल में बंद हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से उन्हें जमानत मिलने का रास्ता भी बंद दिखाई दे रहा है। उधर, कुछ दिन पूर्व आईपीएल सट्टा गिरोह के खिलाफ भी पुलिस गैंगस्टर एक्ट लगाने की तैयारी कर रही है।

**यह था मामला...**

पिछले साल 15 दिसंबर की शाम को तहसील तिराहे पर तीन युवकों ने रंजिशन एवं वर्चस्व की लड़ाई में यश भाटी पर पिस्टल से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई थीं। जिसमें तीन गोली यश को लगी थी। हालांकि उसकी जान तो बच गई, लेकिन उसकी हालत अभी तक ठीक नहीं है और उसका इलाज चल रहा है। घटना के दौरान बाजार में अफरा-तफरी मच गई थी। पुलिस ने मुकदमें में नामजद हैप्पी भाटी पुत्र सुरेंद्र भाटी, अनमोल भाटी पुत्र सेठपाल निवासीगण ग्राम सैफपुर कर्मचंदपुर व सोनू उर्फ डायमंड पुत्र विक्रम निवासी ग्राम निडावली थाना हस्तिनापुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस के साथ आरोपियों की हुई मुठभेड़ में हैप्पी भाटी गोली लगने से घायल हो गया था। उसके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद हुए थे।

**डीएम के अनुमोदन पर लगी गैंगस्टर**

इंस्पेक्टर मवाना विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त तीनों आरोपी गैंग बनाकर हथियारों के बल पर जनता को डराने धमकाने का काम करते रहे हैं। उनका गैंग जनपद स्तर पर सक्रिय है। इसलिए उनका गैंग चार्ट बनाकर डीएम को भेजा गया था। डीएम के अनुमोदन के बाद कार्रवाई करते हुए घटना में नामजद तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया है।

**सट्टा गिरोह पर भी होगी गैंगस्टर की कार्रवाई!**

पिछले सप्ताह नगर में आईपीएल का सट्टा चलाने वाले गिरोह पर भी पुलिस गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर सकती है। पुलिस ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर मवाना ने सट्टा गिरोह चलाने वाले छह आरोपियों को गिरतार कर लिया था, जबकि सात आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि सट्टे के काले कारोबार पर पूरी अंकुश लगाने के लिए गैंगस्टर की कार्रवाई जानी आवश्यक है।

## ग्रह कलेश के चलते वृद्ध पिता ने खाया जहर, हालत गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में जमीनी विवाद के चलते पिता ने अपने पुत्रों से दुखी होकर जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मामले की जानकारी मिलने पर गांव के पूर्व प्रधान अश्वत्थामा व परिजन वृद्ध सुरेशचंद को थाने ले गए। पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरेशचंद के छोटे पुत्र पिंकू की बहू आशा ने डेढ़ महीने पूर्व जमीनी विवाद को लेकर सुरेशचंद के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले को लेकर सुरेशचंद मानसिक रूप से तनाव में चल रहा था। इस संबंध में दरोगा धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि सुरेशचंद ने जमीनी विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया है इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल वह बात करने की स्थिति में नहीं है पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। लेकिन वृद्ध सुरेशचन्द से बात करने पर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## आईपीएल सट्टे पर फिर मवाना पुलिस का वार, सात सटोरिये गिरफ्तार

■ **पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में किया पेश, टीवी-मोबाइल बरामद**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** पुलिस ने एक बार फिर से आईपीएल सट्टा पर कड़ा प्रहार किया है। इंस्पेक्टर मवाना ने आईपीएल सट्टा चलाने वाले सात सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से एक टीवी व कई मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनसे सट्टा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

शुक्रवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला हीरालाल में मखदूमपुर अड्डे के पास नाइयों वाली गली में एक मकान में आईपीएल का सट्टा संचालित किया जा रहा है। पुलिस ने बताए गए मकान में छापा मारकर सात लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उस मकान से एक टीवी व छह मोबाइल बरामद किए। इंस्पेक्टर मवाना ने बताया कि नवेज पुत्र मोहम्मद रफी, शमशाद पुत्र मोहम्मद नासिर, जुनेद पुत्र मोहम्मद यूसुफ, शहजाद पुत्र आजाद, शादाब पुत्र इशाक, एहतेशाम पुत्र निजामुद्दीन, सलमान पुत्र राशिद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके पर आईपीएल का सट्टा संचा. लित होना पाया। पुलिस ने सभी आरो. पियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर सभी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दरअसल, पिछले सप्ताह पुलिस ने ऐसे ही एक गिरोह का भंडाफोड़ कर छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से लेपटॉप, टेबलॉयड, बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद किए थे। अभी तक उस मामले में सात आरोपी फरार हैं।

## सेंट जेम्स स्कूल में लगे तीन दिवसीय पुस्तक मेले का हुआ समापन

■ **पुस्तक हमारी सच्ची साथी होती है उस पर भरोसा किया जा सकता है: डॉ. नवीन सिंह**

■ **पुस्तके मनुष्य की सोच व विचारधारा को बदलने की क्षमता रखती है: अर्पणा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित सेंट जेम्स स्कूल (सीनियर सेकंडरी) में तीन दिवसीय पुस्तक मेले का शनिवार को समापन हुआ।

जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों को नई-नई पुस्तक देखने व पढ़ने का अवसर मिला। छात्रों को विभिन्न लेखकों द्वारा लिखी गई पुस्तके सामान्य ज्ञान, विज्ञान, कला क्राफ्ट, गणित, शब्दकोश कथा, कहानी, उपन्यास, महान व्यक्तित्व आत्म कथा, आदि पर आधारित थी, जिन्हें पढ़कर बच्चों ने अपनी ज्ञान लालसा को बढ़ाया और प्रेरित हुए। प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह व मुख्य अध्यापिका अर्पणा सिंह ने बच्चों को समझाया कि पुस्तक हमारे सच्चे मित्र होते हैं, सच्चे साथी होने के कारण उन पर भरोसा किया जा सकता है। यह ज्ञान का अक्षय भंडार होती हैं। पुस्तकें ज्ञानवर्धन के साथ साथ हमारी जिज्ञासा को शांत करती हैं और हमारे लिए वरदान साबित होती हैं। पुस्तके मनुष्य की सोच व विचारधारा को बदलने की क्षमता रखती हैं। हमें उत्कृष्ट पुस्तकों का चयन करना चाहिए। इस पुस्तक मेले के आयोजन को सफल बनाने में प्रधानाचार्य व मुख्य अध्यापिका अर्पणा सिंह व सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

## तहसील सदर में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त मेरठ मंडल हृषिकेश भास्कर यशोद ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समयसीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 41 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेष के शीघ्र निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद ने कहा कि आमजन की शिकायतों का संबंधित अधिकारी प्राथमिकता पर लेते हुये त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकबंदी आदि मामले रहे।

## शोभित विवि में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर 'सामाजिक एवं प्रबुद्ध समागम' का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय में चुनावी सुधार एवं लोकतांत्रिक दक्षता विषय पर सार्थक संवाद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विच. ारोत्तेजक सत्र 'सामाजिक एवं प्रबुद्ध समागम' का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' रहा, जिसमें संवैधानिक, प्रशासनिक एवं आर्थिक पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र, कुलपति प्रो. डॉ. वी. के. त्यागी, मुख्य अतिथि चौधरी देवेंद्र सिंह पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि करूनेश नंदन गर्ग पूर्व अध्यक्ष, भाजपा मेरठ एवं महानगर समन्वयक एक राष्ट्र, एक चुनाव ने अपने विचार साझा किए। चौधरी देवेंद्र सिंह ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी परिवर्तन है जो गरिमापूर्ण शासन, राजनीतिक स्थिरता और निरंतर विकास की नींव रखता है। करूनेश नंदन गर्ग ने इस पहल को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे चुनावी खर्चों और बार-बार होने वाले चुनावों की आवृत्ति में कमी आएगी तथा जनभागीदारी में वृद्धि होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र ने शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को न केवल नीति-निर्माण संबंधी संवादों में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, बल्कि भविष्य के जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण भी करना चाहिए। कुलपति प्रो. डॉ. वी.के. त्यागी ने कहा कि ऐसे संवाद युवाओं को लोकतंत्र की जड़ों से जोड़ते हैं और उन्हें विचारशील, जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक के रूप में तैयार करते हैं। इस अवसर पर विवि के निदेशकगण, सभी संकाय सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की और अपने विचार भी साझा किए। सभी ने एक स्वर में इस विषय की प्रासंगिकता को स्वीकारते हुए इसके विभिन्न पहलुओं पर सारगर्भित प्रश्न पूछे और सार्थक संवाद में भाग लिया।

## डेरी उद्योग के क्षेत्र में रोजगार की बढ़ रही हैं संभावनाएं: डॉ. एसवी सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व. विद्यालय में शनिवार को डायरेक्टेड ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट में छात्रों के लिए डेयरी उद्योग के क्षेत्र में रोजगार की बढ़ रही है संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम कृषि विवि के कुलपति प्रोफेसर के.के सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित किया जा रहे हैं। जिससे छात्रों में रोजगार की संभावनाएं अधिक से अधिक पैदा की जा सके और उनको रोजगार एवं रोजगार के लिए प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बनास डेरी के ओएसडी डॉ. एस वी सिंह ने कहा भारत में दुग्ध उत्पादन बड़ी मात्रा में किया जा रहा है, यही कारण है कि हम विश्व में प्रथम स्थान पर बने हुए हैं यहां पर देरी के क्षेत्र में रोजगार की बहुत संभावनाएं हैं उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की बनास डेरी द्वारा दुग्ध एवं दुग्ध के गुणवत्ता युक्त उत्पाद बनाए जा रहे हैं जिनकी मांग पूरे विश्व में है। इसमें किसानो की कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाकर कार्य किया जा रहा है जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है उन्होंने कहा कि पशुपालन भारतीय ग्रामीण परिवेश में आर्थिक उन्नति का अभिन्न अंग रहा है गांव में दुग्ध उत्पादन व्यवसाय मुनाफे वाला बनता जा रहा है। उन्होंने अपनी संबोधन में कहा कि दुग्ध उत्पादन लघु व्यवसाय और कुटीर उद्योग के रूप में विकसित किया जाए तो ग्रामीण लोगों को अधिक रोजगार उपलब्ध हो सकता है। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए बनास डेरी फरीदाबाद के रीजनल हेड वी.सी जोशी ने संबोधित करते हुए कहा की दूध उत्पादन व्यवसाय या डेरी फार्मिंग छोटे व बड़े स्तर दोनों पर सबसे ज्यादा स्तर में फैला हुआ व्यवसाय है। दूध उत्पादन व्यवसाय व्यावसायिक या छोटे स्तर पर दूध उत्पादक किसानों की कुल दूध उत्पादन में मदद करता है और उनकी आर्थिक वृद्धि को बढ़ाता है। निदेशक ट्रेंनिंग प्लेसमेंट डाक्टर आर एस सेंगर ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की वर्कशॉप छात्रों में रोजगार की संभावनाएं बढ़ाने में योगदान देती हैं उन्होंने बताया कुलपति प्रोफेसर के के सिंह के दिशा निर्देशन में छात्र हित में यह वर्कशॉप आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर डीबी सिंह द्वारा किया गया तथा धन्यवाद डॉ. सत्य प्रकाश ने दिया।

## कंटेम्परेरी ग्लोबल ट्रेंड्स एंड ट्रांसफॉर्मेशंस इन एजुकेशन, रिसर्च एंड इनोवेशन पर सम्मेलन का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित दीवान वीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के तत्वावधान में कंटेम्परेरी ग्लोबल ट्रेंड्स एंड ट्रांसफॉर्मेशंस इन एजुकेशन, रिसर्च, एंड इनोवेशन विषय पर एक दिवसीय भव्य अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने प्रतिभाग किया और अपने विचार प्रस्तुत किए। इसमें डॉ. मनीषा डी. भागोजी, पेंसिल्वेनिया यूएसए, डॉ. रिचर्ड एन. मोनरेल, मैपुआ विश्व. विद्यालय फिलीपींस, डॉ. मरीना अर्नॉट, दुबई बिजनेस स्कूल दुबई, डॉ. अरुणा आंचल, हरियाणा विश्व. विद्यालय रोहतक मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन विवेक दीवान, कार्यकारी निदेशक कर्नल डॉ. नरेश गोयल, सलाहकार श्रुति अरोड़ा, मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. एमके गुप्ता प्रो वाइस चांसलर, सीसीएसयू एवं प्रो. अमर गर्ग डीन रिसर्च, सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान प्रो. अमर गर्ग ने बताया कि पृथ्वी पर जीवन के लिए जैव विविधता आवश्यक है। अगर इसमें छेड़छाड़ की गई तो प्रकृति हमें सबक सिखाएगी। कर्नल डॉ. नरेश गोयल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नवाच. ार, डिजिटल शिक्षा और वैश्विक शोध सहयोग अत्यंत आवश्यक हैं।

## एएसपीजी कॉलेज में प्रबंध समिति चुनाव की अधिसूचना जारी

### 25 मई को मतदान प्रस्तावित, चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने की घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** एएसपीजी कॉलेज, मवाना में प्रबंध समिति चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने कॉलेज में पत्रकारों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित वोटर लिस्ट, नामांकन व मतदान आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 25 मई को प्रबंध समिति के विभिन्न पदों के चुनाव के लिए मतदान होगा।

कॉलेज कार्यालय में चुनाव अधिकारी एवं नगर के प्रसिद्ध व्यापारी विनोद गुप्ता ने बताया कि प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित कुल 11 पदों पर चुनाव प्रक्रिया का कार्यक्रम तय किया गया है। इसके लिए मतदाता सूची का प्रकाशन 15 मई दिन शुक्रवार को अपराहन 1 बजे होगा। दिनांक 16 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आपत्तियों के निस्तारण के बाद अपराहन 3 बजे मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 18 मई को सुबह 10 बजे से अपराहन 3 बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त करना व जमा होना निर्धारित किया गया है और उसी दिन प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। प्रत्याशियों पर आपत्ति एवं उनका निस्तारण 19 मई को प्रात: 11 बजे से एक बजे तक होगा व उसके बाद अपराहन 3 बजे प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। नामांकन की वापसी 20 मई को प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक होगी। प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 20 मई को शाम 4 बजे होगा। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 25 मई को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और उसके बाद मतगणना व चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। मतदान में पहचान पत्र को लेकर चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने हर बार की तरह गाईडलाइन जारी की है।

# पंजाब के साथ भिड़ेंगी लखनऊ

**पंजाब की टीम में अय्यर, नेहाल और शंशाक सिंह की बदौलत बल्लेबाजी मजबूत है**




**धर्मशाला, वार्ता।** प्लेऑफ की दहलीज पर खड़ी पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जांयट्स (एलएसजी) रविवार को हिमालय की सुरम्य वादियों से घिरे धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में अपने अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ेगी।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर चार विकेट की जीत से उत्साहित पंजाब इस मुकाबले में लय और फॉर्म के साथ मजबूती से उतरेगा। पंजाब की जान उसकी विस्फोटक सलामी जोड़ी प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य में है, जिन्होंने इस सीजन में मिलकर करीब 700 रन बनाए हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब की टीम में अय्यर, नेहल वढेरा, शशांक सिंह और कीपर जोश इंगलिस बल्लेबाजी की गहराई को मजबूत बनाते है जबकि गें. दबाजी के मोर्चे पर अर्शदीप सिंह और मार्को जेनसन ने लगातार शुरुआती झटके दिए हैं, जबकि बीच के ओवरों में युजवेंद्र चहल की चतुराई से परिपूर्ण गें. दबाजी ने गेंदबाजी आक्रमण को धार प्रदान की है। सीएसके के खिलाफ उनके चार विकेट ने मुकाबले को एकतरफा कर दिया था। ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई, हरप्रीत बरार और सूर्यांश शेडगे ने पंजाब के पक्ष को और मजबूत किया। इसके विपरीत, ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम फॉर्म और दबाव दोनों से जूझ रही है, अपने पिछले चार मैचों में से तीन हारने के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर है। मुंबई इंडियंस के हाथों 54 रनों की हार ने उन्हें कगार पर ला खड़ा किया है। रविवार का मैच प्रभावी रूप से उनकी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए जीतना जरूरी है। लखनऊ की बल्लेबाजी में सामंजस्य की कमी है, एडेन मार्करम और मिशेल मार्श स्थिर शुरुआत देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। निकोलस पूरन की नंबर तीन पर शानदार बल्लेबाजी की भरपाई पंत की खराब फॉर्म ने कर दी है, जबकि डेविड मिलर और अब्दुल समद अब मजबूत फिनिशर की भूमिका का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर सके हैं। लखनऊ की गेंदबाजी भी औसत रही है। मयंक यादव, लप्रस यादव और आवेश खान ने महत्वपूर्ण ओवरों में रन लुटाए हैं वहीं लेग स्पिनर रवि बिश्नोई उनके सबसे भरोसेमंद हथियार बने हुए हैं। मार्करम और दिग्वेश सिंह राठी भी भरोसे में खरा उतरने के लिए संघर्ष करते दिखायी दे रहे हैं। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसियेशन के खूबसूरत स्टेडियम में शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है। यहां पिछले छह मैचों में से पांच में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने जीत दर्ज की है, इसलिए टॉस खेल का रुख तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

पंजाब ने इस सीजन की शुरुआत में लखनऊ को उनके घर में आठ विकेट से हराया था, हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में पंजाब लखनऊ से मामूली बढ़त में है। शानदार

# शमी की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय




- **मौजूदा आईपीएल सीजन में शमी की हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए सबसे बड़ी चिंता का कारण रहेगी**

**मुंबई, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरु होने वाले हाई-प्रोफाइल दौरे से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुयी है।

घुटने की चोट के कारण 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहने वाले शमी ने आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा आईपीएल सीजन में 34 वर्षीय शमी का हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए चिंता का विषय बना देगा। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि वह अपनी प्रतिभा के अनुसार प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करते दिख रहें हैं। सही कहूं तो दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। यह एक बड़ा सवाल है। वह पिछले हफ्ते या पिछले महीने चोट से वापस आए हैं। उन्होने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया था और अब मई आ चुका है। इस बीच उन्होने एक आईसीसी इवेंट (चैंपियंस ट्रॉफी) खेला है। पूर्व खिलाड़ी ने आशंका जताते हुए कहा कि उन्होंने बहुत सारे मैच खेले हैं। अगर वह अभी भी अच्छा नहीं खेल रहे हैं और इसका कुछ संबंध चोट से है। हम सभी मान रहे हैं कि ऐसा ही है, तो आगे क्या होगा, इस बारे में एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है। मौजूदा आईपीएल सीज़न में अपने नौ मैचों में, शमी ने केवल छह विकेट लिए हैं, जिनका औसत 56-16 और इकॉनमी रेट 11-23 रहा है। शमी की खराब फॉर्म का भारत पर असर को लेकर चोपड़ा ने कहा कि हम सभी इस बात पर जोर दे रहे थे कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह अकेले थे, शमी नहीं थे, और अगर शमी होते तो चीजें कितनी अलग होतीं। लेकिन सवाल यह है कि क्या इंग्लैंड में शमी होंगे और किस तरह के शमी होंगे। भारतीय टीम में इंग्लैंड टेस्ट के दौरान वापसी की उम्मीद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरुआत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पीठ में चोट लग गई थी और वे भारत की चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए थे, लेकिन उसके बाद से वे आईपीएल में वापसी कर चुके हैं। तेज गेंदबाज को 2024 के लिए आईसीसी मेन्स क्रिकेटर ऑफ द ईयर और मेन्स टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। उन्होने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समापन किया था, जिसमें उन्होंने 32 विकेट चटकाए थे। बुमराह ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए अपने सात मैचों में 11 विकेट लिए हैं। सिराज की मौजूदगी से भी भारत को मजबूती मिलेगी, जो इस सीजन में आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में है।

## खेल विशेष

### भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया से मिली एक और हार

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने चौथे मैच में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई। पर्थ हॉकी स्टेडियम में भारत के लिए नवनीत कौर (35') और लालरेमसियामी (59') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टीवर्ट (2'), जेड स्मिथ (36') और ग्रेटा हेस (42') के गोल की बदौलत करीबी मुकाबले में जीत हासिल की। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की। सफलता दूसरे मिनट में ही मिल गई, जब ग्रेस स्टीवर्ट ने गोल किया। भारत ने क्वार्टर के बाकी बचे समय में स्कोर बराबर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर का सफलतापूर्वक बचाव किया और इस अवधि के अंत में एक और खतरे का सामना किया, जिससे हाफटाइम तक अंतर एक गोल तक सीमित रहा।

भारत ने तीसरे क्वार्टर में वापसी की, जब नवनीत ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। हालांकि यह राहत कुछ समय के लिए ही रही, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने तुरंत ही जवाब दिया और 36वें मिनट में जेड स्मिथ के फील्ड गोल ने उन्हें बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने दो और पेनल्टी कॉर्नर जीते, इससे पहले ग्रेटा हेस के 42वें मिनट के गोल ने उनकी बढ़त को फिर से बढ़ा दिया। भारत ने अंतिम क्वार्टर में अंतर कम किया, जब लालरेम्सियामी ने खेल के अंत में गोल किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय आक्रमण को रोककर जीत हासिल की।

### ब्राजील के पूर्व मिडफील्डर डुडू ने क्रूजेरो छोड़ा

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय मिडफील्डर डुडू ने क्रूजेरो से नाता तोड़ लिया है। वह अपने मूल क्लब में मुफ्त ट्रांसफर पर शामिल होने के महज चार महीने बाद ही इससे अलग हो गए हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक संक्षिप्त बयान में क्रूजेरो ने कहा कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा, हालांकि उन्होने कोई और जानकारी नहीं दी।

बयान में कहा गया है कि क्रूजेरो सूचित करता है कि उसने खिलाड़ी के साथ अपने अनुबंध संबंधी समझौते को तत्काल समाप्त करने के लिए एक समझौता किया है। दिसंबर के अंत में पाल्मेरास से बेलो होरिज़ोंटे क्लब में लौटने के बाद डुडू ने क्रूजेरो के लिए सभी प्रति योगिताओं में सिर्फ 17 मैच खेले और दो गोल किए। स्थानीय मीडिया ने कहा कि यह फैसला प्लेमेकर और क्रूजेरो के मैनेजर जॉन स्टीवंस के बीच संबंधों में आई दरार के बाद लिया गया। ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के लिए तीन बार खेलने वाले डुडू ने 2009 में क्रूजेरो के साथ पेशेवर शुरुआत की थी और दो साल बाद डायनेमो कीव चले गए थे।

# सुभाशीष बोस, सौम्या गुगुलोथ ने भारत के शीर्ष फुटबॉल सम्मान से नवाज गए

**भुवनेश्वर, वार्ता।** सुभाशीष बोस और सौम्या गुगुलोथ को एआईएफएफ पुरस्कार दिवस के अवसर पर वर्ष 2024-25 के एआईएफएफ सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया। पुरस्कार समारोह कलिंगा सुपर कप 2025 के फाइनल की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को ओडिशा की राजधानी में आयोजित किया गया था।

■ **वर्ष 2024-25 के एआईएफएफ सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी के रूप में नामित**

इस अवसर पर एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे के साथ ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और ओडिशा फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष टंकधर त्रिपाठी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने कहा कि एआईएफएफ पुरस्कारों के इस महान अवसर पर यहां उपस्थित होना सम्मान की बात है। मुझे याद है कि 2002 में जब प्रिय रंजन दासमुंशी एआईएफएफ के अध्यक्ष थे, तब हमने कलिंग फुटबॉल कप को पुनर्जीवित किया था, जिसे स्वर्गीय बीजू पटनायक ने शुरू किया था। कल्याण के साथ मेरी चर्चा के दौरान, हम इस बात पर सहमत हुए कि हम इस बारे में कुछ करेंगे, और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि कलिंगा सुपर कप के साथ जो किया गया है, वह न केवल ओडिशा राज्य के लिए, बल्कि फुटबॉल के खेल के लिए भी एक बड़ी सेवा है। चौबे ने कहा कि मैं कलिंगा सुपर कप 2025 को बहुत ही सफल तरीके से आयोजित करने के लिए ओडिशा सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं। ओडिशा एक ऐसा राज्य है, जिसके पास सबसे अच्छा फुटबॉल बुनियादी ढांचा है और हमेशा विभिन्न तरीकों से खेल को बढ़ावा देता है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि ओडिशा में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है। पिछले साल हमने नई दिल्ली में पुरस्कार समारोह आयोजित किया था, लेकिन इस साल हम कह सकते हैं कि यह बहुत बड़ा और बेहतर है, और हमें उम्मीद है कि आप सभी के समर्थन से हम आने वाले वर्षों में इसे और भी बड़ा बना सकेंगे। बोस और गुगुलोथ के अलावा, अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार विजेता खालिद जमील (सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच), सुजाता कर (सर्वश्रेष्ठ महिला कोच), विशाल कैथ (सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलक. ीपर), एलंगबाम पंथोई चानू (सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर), ब्रिसन फर्नांडीस (होनहार पुरुष खिलाड़ी), तोइजाम थोइबिसाना चानू (होनहार महिला खिलाड़ी), वेंकटेश आर (सर्वश्रेष्ठ पुरुष रेफरी), टेकचम रंजीता देवी (सर्वश्रेष्ठ महिला रेफरी), वैरामुथु पी (सर्वश्रेष्ठ पुरुष सहायक रेफरी), और रिओहलंग धर (सर्वश्रेष्ठ महिला सहायक रेफरी) थे। सुभाषिश बोस संदेश झिंगन (2021), सैयद रहीम नबी के बाद एआईएफएफ पुरुष खिलाड़ी ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने वाले केवल सातवें डिफेंडर बने हैं। सौम्या गुगुलोथ एआईएफएफ महिला प्लेयर ऑफ़ द ईयर अवार्ड जीतने वाली तेलंगाना की पहली खिलाड़ी बनीं। मोहन बागान सुपर जायंटस के लिए स्टिक के बीच ऐतिहासिक और रिकॉर्ड तोड़ने वाले अभियान के बाद विशाल कैथ को सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर चुना गया।

# ब्रिटेन के जोश ने दर्ज की पहली ग्रैंड स्लैम ट्रैक जीत

**फ्लोरिडा, वार्ता।** ब्रिटेन के जोश केर ने मियामी में पहले ग्रैंड स्लैम ट्रैक सत्र की दूसरी प्रतियोगिता के रूप में पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में जीत दर्ज की। विश्व चैंपियन ने शुक्रवार को श्रृंखला की अपनी पहली जीत के लिए दौड़ लगाई। पेरिस 2024 ओलंपिक में रजत जीतने वाले केर ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता यारेड नुगुसे और ओलंपिक चैंपियन कोल होकर से आगे रहने के लिए तीन मिनट 34-51 सेकंड का समय लिया। पुरुषों की छोटी दूरी के दावेदार शनिवार को 800 मीटर से अधिक की दौड़ भी लगाएंगे, ताकि इसके लिए स्लैम विजेता का निर्धारण किया जा सके और उन्हे एक लाख डॉलर की राशि प्राप्त हो। दो बार के ओलंपिक 100 मीटर पदक विजेता फ्रेड केर्ली ने मियामी में भाग नहीं लिया। उन्हें शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रैंड स्लैम ट्रैक जिसकी संकल्पना चार बार के ओलंपिक चैंपियन माइकल जॉनसन ने तैयार की थी। उसका उद्घाटन समारोह पिछले महीने जमैका के किंग्स्टन में हुआ था, लेकिन तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान नेशनल स्टेडियम में बहुत सी खाली सीटें थीं।




# कैस्पर रुड मैड्रिड ओपन के फाइनल में



■ **नॉर्वे के कैस्पर रूड ने 6-4, 7-5 से जीत दर्ज की**

**मैड्रिड, वार्ता।** पसलियों की चोट से जूझने के बावजूद नॉर्वे के कैस्पर रूड ने फांसिस्को सेरुंडोलो पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ रविवार के मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी को शुरुआती सेट में तीन गेम में उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन फिर भी वह 18 ब्रेक पॉइंट में से 15 को बचाने में सफल रहे। रूड ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यकीन नहीं था कि मैं मैच खत्म कर पाऊंगा। वार्म-अप के दौरान, कोर्ट पर जाने से ठीक पहले मुझे अपनी पसलियों में कुछ महसूस हुआ। मैंने लगभग हर शॉट में इसे महसूस किया, खासकर सर्व में। सौभाग्य से, मुझे इसका कुछ त्वरित उपचार मिल गया। आप बहुत कुछ नहीं कर सकते, आपके पास फिजियो के साथ केवल तीन मिनट हैं। इसलिए मैं अब जाकर इसे और देखूंगा। क्ले पर रूड का यह 18वां फाइनल होगा, नोवाक एकमात्र सक्रिय खिलाड़ी हैं जो क्ले पर सबसे अधिक बार फाइनल तक पहुंचे हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने रेड डर्ट पर 11 खिताब जीते हैं और उनकी सबसे हालिया सफलता मई 2024 में जिनेवा ओपन में आई है। ड्रेपर ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा कि कैस्पर दो बार रोलैंड फाइनलिस्ट रहे हैं।

# मुंबई फाल्कन्स ने श्रेयस को बनाया आइकॉन प्लेयर




**संयमित व्यवहार और खेल की गहरी समझ अय्यर को आइकॉन प्लेयर के रूप में आदर्श विकल्प बनाती है**

**मुंबई, वार्ता।** सोबो मुंबई फाल्कन्स ने 2025 सीज़न के लिए श्रेयस अय्यर को अपना आइकॉन प्लेयर बनाया है। इस घोषणा के साथ, फ्रैंचाइज़ी को एक शीर्ष-स्तरीय लीडर मिल गया है।

?सोबो मुंबई फाल्कन्स के मालिक अमीत एच गढोके ने कहा कि श्रेयस अय्यर को सोबो मुंबई फाल्कन्स परिवार में शामिल करने पर हमें बहुत खुशी है। उनके संयमित व्यवहार और खेल की गहरी समझ उन्हें हमारे आइकॉन प्लेयर के रूप में आदर्श विकल्प बनाती है। यह नियुक्ति एक ऐसी टीम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो न केवल प्रतिभाशाली है बल्कि टी20 मुंबई लीग के शीर्ष पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए भी तैयार है। उन्होने कहा कि अपने शानदार करियर और भारतीय क्रिकेट में बेजोड़ योगदान के लिए मशहूर श्रेयस अय्यर सिर्फ़ सोबो मुंबई फाल्कन्स में शामिल नहीं हो रहे हैं, बल्कि वे टीम के लिए एक निर्णायक ताकत के रूप में कदम रख रहे हैं।

यह नियुक्ति उत्कृष्टता के प्रति एक साहसिक प्रतिबद्धता का संकेत देती है। सोबो मुंबई फाल्कन्स के ब्रांड एंबेसडर कपिल देव ने कहा कि श्रेयस अय्यर खेल के सच्चे लीजेंड हैं और टीम में उनका शामिल होना अपने आप में एक बयान है। मुझे पूरा विश्वास है कि उनकी मौजूदगी टीम के हर खिलाड़ी को प्रेरित करेगी और लीग के दौरान अमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करेगी। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। फ्रैंचाइज़ी में शामिल होने पर श्रेयस अय्यर ने कहा कि यह टीम मुंबई क्रिकेट की प्रेरणा और महत्वाकांक्षा का प्रतीक है और मैं इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करने के लिए यहां हूं। यह सिर्फ़ व्यक्तिगत सफलता से कहीं बढ़कर है।

# लेगिया ने पोगोन को हराकर पोलिश कप जीता

**वारसॉ, वार्ता।** लेगिया वारसॉ ने शुक्रवार को यहां नेशनल स्टेडियम में पोगोन स्ज़ेसिन को 4-3 से हरा कर पोलिश कप पर कब्जा कर लिया। लेगिया ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और 13वें मिनट में रयोया मोरीशिता ने दायीं ओर से दो विरोधियों को पीछे छोड़ते हुए लुक्विनहास को एक सटीक पास दिया, जिसने गेंद को नज़दीक से नेट में टैप करके अपनी टीम को आगे कर दिया। कोच गोंकालो फियो के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने इसके बाद भी हमले करना जारी रखा। 25वें मिनट में, उनके पास अपनी बढ़त को दोगुना करने का एक शानदार मौका था, जब गोलक. ीपर वैलेंटिन कोजोकारू द्वारा राडोवन पैनकोव को फाउल करने के बाद रेफरी ने पेनल्टी स्पॉट की ओर इशारा किया। हालांकि, 29 वर्षीय गोलकीपर ने मार्क गुआल के पेनल्टी प्रयास को बचाकर खुद को बचाया। पोगोन ने 32वें मिनट में रफाल कुर्जावा के शॉट से जवाब दिया, जो लंबी दूरी से क्रॉसबार पर लगा। ब्रेक से चार मिनट पहले, रॉबर्ट कोलेंडोविक्ज़ की टीम ने कामिल ग्रोसिकी के एक शानदार क्रॉस के बाद बराबरी कर ली, जिससे डेनिजेल लोनकर ने एक बेहतरीन हेडर से गोल कर दिया, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। लेगिया के लिए दूसरे हाफ की शुरुआत बेहतरीन तरीके से हुई। 46वें मिनट में, पावेल वस्ज़ोलेक के शॉट को रोक दिया गया, लेकिन मोरिशिता ने रिबाउंड पाया और कोजोकारू को पीछे छोड़ते हुए लेगिया को बढ़त दिला दी। 64वें मिनट में, फियो की टीम ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। मोरिशिता के एक शानदार थ्रू पास के बाद, इल्या शकुरिन ने कोजोकारू को पीछे छोड़ते हुए खाली नेट में गोल किया और लेगिया को दो गोल की बढ़त दिला दी। पोगोन ने तीन मिनट बाद ही एफथिमिस कोउलोरिस के जरिये अपना दूसरा गोल करने के लिए अथक संघर्ष किया, जिसका शॉट रुबेन विनाग्रे से टकराकर बाएं लवग से एक कम पास के बाद नेट में चला गया। 85वें मिनट में, विनाग्रे ने सुधार किया और पोस्ट में एक सटीक शॉट लगाया और स्कोर 4-2 कर दिया।

# 2026 विश्व कप तक नेमार को अपने साथ रखना चाहता है सैंटोस



**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** सैंटोस के अध्यक्ष मार्सेलो टेक्सेरा ने शुक्रवार को कहा कि क्लब चोट की चिंता को दरकिनार कर नेमार के अनुबंध को अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप तक बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। नेमार यूरोप में एक दशक से अधिक समय और सऊदी अरब में रहने के बाद जनवरी में छह महीने के अनुबंध पर अपने बचपन के क्लब सैंटोस में शामिल हो गए थे। टेक्सेरा ने कहा कि हमें एक तकनीकी तरीका तलाशना होगा ताकि हम नेमार की चोट की रिकवरी और मैदान पर उनकी मौजूदगी की निगरानी को इस तरह बदल सकें कि उनके अनुबंध को नवीनीकृत करने और अगले साल होने वाले विश्व कप तक बने रहने की संभावना बढ़ जाए। पिछले साल अक्टूबर में घुटने की चोट के बाद वापसी करने के बाद से नेमार पैर की मांसपेशियों की समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वे एक साल से अधिक समय तक मैदान से बाहर रहे। 33 वर्षीय ने सैंटोस के साथ अपने हालिया कार्यकाल में केवल नौ मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने तीन गोल किए हैं और तीन असिस्ट दिए हैं। टेक्सेरा ने कहा कि जब हम नेमार को वापस लाए, तो हमें पता था कि उसे बहुत गंभीर चोट लगी है। यह जानते हुए, हमने अपने सभी स्टाफ को नेमार के लिए उपलब्ध कराया और प्रयास किया वह पूरी तरह से ठीक हो सके। वह यहाँ खुश है। यह उसका घर है। सैंटोस वर्तमान में 20 टीमों की ब्राज़ीलियाई सीरी ए स्टैंडिंग में छह मैचों में चार अंकों के साथ 19वें स्थान पर है।

# ड्रग टेस्ट में फेल होने की सजा काट रहा हूं: रबाडा



केपटाउन,, वार्ता। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने कहा कि वह ड्रग टेस्ट में विफल होने के कारण अनंतिम निलंबन की सजा काट रहे हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने की शुरुआत में गुजरात टाइटंस के लिये खेल रहे 29 वर्षीय रबाडा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) बीच में छोड़ कर घर लौटे थे ताकि महत्वपूर्ण व्यक्तिगत मामले से निपट सकें लेकिन अब उन्होंने पुष्टि की है कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने एक प्रतिबंधित दवा का सेवन किया। रबाडा ने हालांकि दवा या अपने प्रतिबंध की अवधि का खुलासा नहीं किया। रबाडा को लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलना है, जहां दक्षिण अफीका 11-15 जून तक ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। दक्षिण अफीका के लिए 241 मैच खेल चुके रबाडा ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर्स एसोसिएशन द्वारा जारी एक बयान में कहा कि मैं उन सभी से बहुत खेद व्यक्त करता हूं, जिन्हें मैंने निराश किया है। मैं क्रिकेट खेलने के विशेषाधिकार को कभी भी हल्के में नहीं लूंगा। यह विशेषाधिकार मुझसे कहीं बड़ा है। यह मेरी व्यक्तिगत आकांक्षाओं से परे है। उन्होने कहा ह मैं एक अनंतिम निलंबन की सजा काट रहा हूं और मैं उस खेल में वापसी करने के लिए उत्सुक हूं जिसे खेलना मुझे पसंद है।ह रबाडा अच्छी फॉर्म में थे और अक्टूबर में 300 विकेट लेने वाले छठे दक्षिण अफीकी क्रिकेटर बने।वह 11,817 गेंदें खेलकर इस मील के पत्थर तक पहुँचने वाले सबसे तेज़ गेंदबाज़ थे।



गुरुग्राम। भारी बारिश के बाद जलमग्न सड़क से गुजरते वाहन।

## कृषि शोध का लाभ किसान को मिलना चाहिएः शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि शोध का लाभ खेतों में किसानों तक पहुंचना चाहिए जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ जीवनयापन में सुधार हो सके। चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में बागवानी संबंधी कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि शोध का मुख्य केंद्र कृषि उत्पादकता बढ़ाना होना चाहिए। उन्होंने इलायची, केसर, सुपारी और काली मिर्च इत्यादि की विशेष किस्म की फसलों की पैदावार के संबंध में और विशेष शोध तथा प्रयास करने पर बल दिया। यह समीक्षा बैठक शुक्रवार देर शाम आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जैसे-जैसे सामाजिक-आर्थिक समृद्धि और बढ़ेगी तो बागवानी उत्पादों-फल-सब्जियों की उपभोक्ता मांग में भी वृद्धि होगी।

## गुटेरेस जल्द ही सुधार प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगेः दुजारिक

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस कुछ ही सप्ताह में सदस्य देशों के समक्ष संगठन के सुधार के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गुटेरेस ने मार्च में यूएन-80 पहल की शुरुआत की घोषणा की, जिसमें व्ययों को अनुकूलित करने के लिए इसके संचालन का ऑडिट शामिल है। ये सुधार अमेरिका की ओर से संयुक्त राष्ट्र बजट योगदान में कटौती और मानवीय परियोजनाओं के वित्तपोषण पर ट्रम्प प्रशासन के रुख के बीच किए जा रहे हैं। दुजारिक ने एक ब्रीफिंग में कहा कि महासचिव अगले कुछ सप्ताहों में सदस्य देशों को रिपोर्ट करेंगे, क्योंकि हमें इन महत्वाकांक्षी सुधारों के लिए उनकी भागीदारी की आवश्यकता होगी, उनकी सहमति की आवश्यकता होगी और उनकी प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी।

# ऑस्ट्रेलिया चुनाव में लेबर पार्टी जीती

### फिर पीएम बनेंगे अल्बनीज, 21 साल में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले नेता, विपक्षी पार्टी ने हार मानी

**कैनबरा, वार्ता**

**आस्ट्रेलिया** में लेबर पार्टी दोबारा चुनाव गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक अब तक 55 प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी है। लेबर पार्टी को 89 सीटों पर जीत हासिल हुई है, वहीं विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन 36 सीटों पर जीती है। चुनाव जीतने के लिए 76 सीटों की जरूरत होती है।

लेबर पार्टी की जीत से तय हो गया है कि एंथनी अल्बनीज एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। 21 साल में यह पहली बार होगा जब कोई नेता दोबारा पीएम बनेगा। इससे पहले 2004 में लिबरल पार्टी के जान हावर्ड लगातार दूसरी बार चुनाव जीते थे। वहीं, विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन ने हार मान ली है। विपक्षी नेता पीटर डटन ने चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहा कि हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं।

**विपक्षी नेता पीटर डटन ने चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहाः हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं**



आस्ट्रेलिया में 3 साल पर होते हैं चुनाव आस्ट्रेलिया में 3 साल पर चुनाव होते हैं। देश में 28 मार्च 2025 को संसद भंग कर दी गई थी, जिसके बाद सरकार केयरटेकर मोड में चली गई थी। इसके बाद 22 से 30 अप्रैल तक पोस्टल वोटिंग की गई। पिछली बार 2022 में हुए चुनाव में लेबर पार्टी को 77 और लिबरल-नेशनल गठबंधन को 58 सीटें मिली थीं। इस बार मुख्य मुकाबला प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी और विपक्षी नेता पीटर डटन के लिबरल-नेशनल गठबंधन के बीच था। अल्बनीज की जीत के बाद सिडनी में जश्न मनाते लेबर पार्टी के समर्थक। आस्ट्रेलिया में भारत की तरह ही दो सदन हैं। ऊपरी सदन को सीनेट और निचले सदन को हाउस आफ रिप्रजेंटेटिव्स कहा जाता है। निचले सदन में बहुमत पाने वाली पार्टी या गठबंधन का नेता ही प्रधानमंत्री बनता है। इसकी 150 सीटों के लिए आज वोटिंग हो रही है। इसका रिजल्ट 3 मई की रात या फिर 4 मई की सुबह तक आएगा।

निचले सदन के साथ ही ऊपर सदन की 76 में से 40 सीटों के लिए भी आज वोटिंग हुई। इस सदन में चुने गए सदस्यों का कार्यकाल 6 साल होता है। हर 3 साल में आधे सदस्य बदल जाते हैं। आस्ट्रेलिया में 18 साल या इससे ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से वोट देना होता है और अगर गैर जरूरी कारण से वो ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर 20 आस्ट्रेलियाई डालर का जुर्माना लगाया जा सकता है। यहां प्रधानमंत्री बनने के लिए उम्र तय नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें तो 18 साल या ज्यादा उम्र के जो लोग वोटिंग कर सकते हैं, वो चुनाव भी लड़ सकते हैं और प्रधानमंत्री भी बन सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन में हेलिकॉप्टर दुर्घटना, एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

**नानजिग।** चीन के पूर्वी प्रांत जियांग्सू के सूजौ शहर में शुक्रवार को एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो के अनुसार, एक रॉबिन्सन आर44 आईआई हेलिकॉप्टर उड़ान से लौटते समय शाम करीब पांच बजे लगभग 10 मीटर की ऊंचाई से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में जमीन पर मौजूद एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जियांग्सू प्रांतीय नागरिक उडयन प्राधिकरण के नेतृत्व में दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है।

### पेरू में नौसेना का जहाज नदी तट से टकराया, दो की मौत

**लीमा।** पेरू के लॉरेटो क्षेत्र में अमेज़न नदी पर शुक्रवार तड़के एक नौसेना का जहाज नदी के तट से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति लापता है। नौसेना ने बताया कि उसका जहाज बीएपी उकायाली अमेजन बेसिन में नेपो नदी के मुहाने के पास ऊर्जा कंपनी पेरेन्को की ओर से संचालित मनाती प्लेटफ़ॉर्म से टकराया। खोज और बचाव अभियान जारी है। नौसेना ने बताया कि उकायाली के साथ काफिले में यात्रा कर रहे आस-पास के जहाजों की मदद से चालक दल के 30 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि जहाज लोरेटो क्षेत्र की राजधानी इक्विटोस से रवाना हुआ था और कोलंबिया के प्यूर्टो लेगुइज़ामो के रास्ते पर था।

### तुर्की में हिरासत में लिए गए 418 लोगों में से 374 रिहा

**इस्तांबुल।** तुर्की के शहर इस्तांबुल में एक मई को हुई अवैध रैलियों में शामिल 418 लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिनमें से 374 को अदालत के आदेश पर रिहा कर दिया गया है। शहर के पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि इस्तांबुल में गुरुवार को अवैध रैलियों के कारण सड़क और राजमार्ग बंद रहे, 15 से अधिक मेट्रो स्टेशन और सार्वजनिक परिवहन बंद कर दिए गए। हिरासत में लिए गए 418 लोगों में से 374 को बयान के बाद रिहा कर दिया गया है। इस्तांबुल के कादिकॉय और कार्ताल जिलों में एक मई को ट्रेड यूनियनों ने सरकार की ओर से अनुमोदित रैलियां कीं, जिनमें करीब 65 हजार लोग शामिल हुए और शांति से तितर-बितर हो गए। वहीं, विपक्षी समूह शहर के केंद्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षा के लिए 52 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात थे। इस्तांबुल के पुराने इलाके में तकसीम चौक पर प्रदर्शनों पर कई सालों से प्रतिबंध लगा हुआ है।

### भारत से तनाव के बीच सीमा पार तैयारियां तेज

# पाक ने अब्दाली मिसाइल का किया परीक्षण

**इस्लामाबाद, वार्ता**

**भारत** के साथ बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान ने शनिवार को अब्दाली मिसाइल का परीक्षण किया। अब्दाली हथियार प्रणाली, 450 किलोमीटर की रेंज वाली सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। पाकिस्तान की ओर से यह परीक्षण ऐसे समय किया गया है, जब जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है।

यह परीक्षण पाकिस्तान सशस्त्र बलों के सिंधु अभ्यास का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य किसी भी हमले के मद्देनजर परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना था। 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार सेना की आधिकारिक मीडिया-विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस प्रक्षेपण का उद्देश्य सैनिकों की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना और मिसाइल की उन्नत नेविगेशन प्रणाली और उन्नत गतिशीलता सुविधाओं सहित प्रमुख तकनीकी मापदंडों को मान्य करना था। इसमें कहा गया है कि यह प्रक्षेपण 'एक्स इंडस' का हिस्सा है और इसे सेना सामरिक बल कमान (एएफएससी) के कमांडर, सामरिक योजना प्रभाग और एएफएससी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ पाकिस्तान के सामरिक संगठनों के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने भी देखा। आईएसपीआर के बयान के अनुसार राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा और सेना प्रमुखों ने इसमें भाग लेने वाले सैनिकों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी। बयान में कहा गया कि उन्होंने विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध सुनिश्चित करने और किसी भी आक्रमण के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने के लिए पाकिस्तान के सामरिक बलों की परिचालन तैयारियों और तकनीकी दक्षता पर पूरा भरोसा जताया। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय सेना को जवाबी कार्रवाई करने की पूरी छूट दिए जाने के बाद पाकिस्तान बेहद घबराया हुआ है। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले की निगरानी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी के आकाओं ने की थी। पाकिस्तान लगातार सैन्य गोलीबारी करने के अलावा, उसने अरब सागर में अपने नौसैनिक अभ्यासों को तेज कर दिया है, और अधिक मिसाइल परीक्षण किए हैं और किसी भी हमले की स्थिति में भारत के खिलाफ 'परमाणु जवाबी कार्रवाई' की लगातार चेतावनी दी है, जिससे वह सख्त रुख बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।



**450 किलोमीटर की रेंज वाली सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है अब्दाली**

### पाक ने नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी जारी रखी

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन जारी रखा। रक्षा प्रवक्ता ने शनिवार सुबह कहा कि शुक्रवार देर रात को पाकिस्तानी सेना ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर इलाकों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी गोलीबारी का मुंह तोड़ जवाब दिया। इससे पहले दो मई को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया था। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी के नौशेरा और जम्मू के अखनूर में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। गत 30 अप्रैल को भी पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पार नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के अलावा कश्मीर संभाग के बारामुल्ला और कुपवाड़ा जिलों के साथ-साथ जम्मू और सांबा जिलों के परगवाल और रामगढ़ सेक्टरों में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार छोटे हथियारों से गोलीबारी की। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया है। पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की गोलीमार कर हत्या कर दी थी।

# इजरायली हमलों में मारे गए 30 फलस्तीनी

**गाजा।** गाजा पट्टी में विस्थापित लोगों के घरों और तंबुओं को निशाना बनाकर आज किए गए इजरायली हमलों में कम से कम 30 फलस्तीनी मारे गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा मामलों के प्रवक्ता महमूद बसल ने यहां बताया कि पूर्वी गाजा शहर के शुजाय्या के निकट घट्टास परिवार के घर पर हवाई हमले में 10 लोग मारे गए है। उधर समीपवर्ती दाराज में नागरिकों पर ड्रोन हमले में चार अन्य लोग मारे गए। गाजा शहर के ही ज़ीतून में दो और लोगों के मारे जाने की भी खबर है। दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक रिहायशी घर पर हमले में 11 लोग मारे गए।

नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स के पास एक तंबू पर हुए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई ,जबकि तीन अन्य घायल हो गए। एक अन्य हमले में पास के तंबू में एक और व्यक्ति की मौत की खबर है। इस बीच खान यूनिस में ही अबू हजरस परिवार के घर पर ड्रोन हमले में एक गर्भवती महिला की मौत की भी खबर है। हालांकि इजरायली सेना ने अभी तक इन हमलों के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच राफा में कुवैत स्पेशलाइज्ड हॉस्पिटल ने आज यहां एक प्रेस बयान जारी कर दवा, चिकित्सा आपूर्ति और भोजन की भारी कमी के बीच स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के पूर्णतौर पर ध्वस्त होने की की चेतावनी दी। अस्पताल ने कहा सीमा पार लगातार बंद रहने और मानवीय सहायता वितरण में व्यवधान के कारण स्थिति और खराब हो गई है। बयान के मुताबिक 75 प्रतिशत से अधिक आवश्यक दवाएं अनुपलब्ध हैं, जिससे मरीजों का इलाज करने की सुविधा की क्षमता में बाधा आ रही है। मौजूदा चिकित्सा सामग्री भंडार सप्ताह से अधिक नहीं चल सकता है। गौरतलब है कि हमास के साथ जनवरी में हुए युद्धविराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति के बाद 2 मार्च को इजरायल ने गाजा में माल और आपूर्ति का प्रवेश रोक दिया।

**लोगों के घरों और तंबुओं को निशाना बनाकर बरसाए गए बम**

# इजरायल ने किए सीरिया में हवाई हमले

### कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां भी देखी गई, ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत

**दमिश्क, वार्ता**

**इजरायल** ने हवाई हमले तेज करते हुए सीरिया की राजधानी दमिश्क के साथ-साथ देश के मध्य और पश्चिमी प्रांतों में युद्धक विमानों के हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां देखी गईं।

सीरियाई मीडिया और एक निगरानी समूह के अनुसार शुक्रवार को इजरायल ने पूरे सीरिया में हवाई हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां भी देखी गई। सीरियाई अखबार अल-वतन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की सेना द्वारा दमिश्क में कल दोपहर कनाकर शहर में किए गए ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स की रिपोर्ट के अनुसार, हरस्टा के पूर्वी उपनगर के आसपास के क्षेत्र को निशाना बनाकर कम से कम 10 हवाई हमले किए गए, जिसमें हरस्टा सैन्य अस्पताल के पास एक सैन्य चौकी भी शामिल है। सीरिया के सरकारी प्रसारक अल-इखबरिया ने बताया कि हवाई हमलों से काफी नुकसान हुआ है, लेकिन कल शाम तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है, और एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को घटनास्थल पर भेजा गया है। दक्षिणी सीरिया में, इजरायली हवाई हमलों ने दारा प्रांत के मोथबीन और इजरा के शहरों के बाहरी इलाकों को निशाना बनाया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मध्य सीरिया में, कल रात को हामा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में शाहता गांव के बाहरी इलाकों को निशाना बनाकर इजरायली हवाई हमले किए गए, जिसमें चार लोग घायल हो गए। कथित तौर पर इजरायली टोही विमान भी सीरिया के दक्षिणी और मध्य भागों, जिसमें दारा, होम्स और हामा के ऊपर मंडराते रहे, जो एक समन्वित अभियान का हिस्सा प्रतीत होता है। इजरायल के राष्ट्रीय प्रसारक कान ने बताया कि इजरायली सरकार ने सीरिया में अतिरिक्त ठिकानों को निशाना बनाने की मंजूरी दी है, जिसमें नए सीरियाई अधिकारियों से संबद्ध सैन्य प्रतिष्ठान और स्थल शामिल हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने कथित तौर पर सेना को नए लक्ष्यों को निशाना बनाने को अधिकृत किया है।



**एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को घटनास्थल पर भेजा गया है**

# अंगोला के साथ रक्षा साझेदारी होगी मजबूत

### अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए भारत देगा 20 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली, वार्ता**

**भारत** और अफ्रीकी संघ (एयू) के अध्यक्ष अंगोला के साथ रक्षा साझीदारी के तहत व्यापक सैन्य आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण, खनन एवं हीरों को तराशने के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के आज निर्णय लिए।

भारत ने अंगोला की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर का ऋण देने की भी घोषणा की है। जबकि अंगोला ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के भारत के रुख का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की यात्रा पर आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंसो के साथ आज यहां हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले लिए गए। बैठक में कृषि, संस्कृति, आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में अंगोला की सदस्यता के दस्तावेज सहित चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल थे। मोदी ने बैठक के बाद प्रेस को दिए गए वक्तव्य में राष्ट्रपति लौरेंसो और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है। 38 वर्षों के बाद, अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। राष्ट्रपति लौरेंसो की इस यात्रा से, न केवल भारत-अंगोला संबंधों को नई दिशा और गति मिल रही है, बल्कि भारत और अफ्रीका साझीदारी को भी बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। लेकिन हमारे संबंध, उससे भी बहुत पुराने हैं, बहुत गहरे हैं। जब अंगोला स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहा था, तो भारत भी पूरी प्रतिबद्धता और मैत्री भावना के साथ खड़ा था। भारत एवं अंगोला के बीच रक्षा संबंधों में नये आयामों का खुलासा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, अंगोला के तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपनी ऊर्जा साझीदारी को व्यापक बनाने का निर्णय लिया है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ डॉलर की रक्षा ऋण को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स के अनुरक्षण और ओवरहॉल और आपूर्ति पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी। मोदी ने कहा कि अपनी विकास साझीदारी को आगे बढ़ाते हुए, हम डिजीटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण में अंगोला के साथ अपनी क्षमताएं साझा करेंगे।



**38 वर्षों के बाद, अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है**

# परिवार से सुलह करना चाहूंगाः प्रिंस हैरी

### इंटरव्यू में कहाः अब और नहीं लड़ना, पता नहीं मेरे पिता के पास कितना समय बचा है

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रिंस हैरी ने कहा है कि वह रायल फैमिली के साथ सुलह करना चाहते हैं, लेकिन उनके पिता किंग चार्ल्स उनसे बात नहीं कर रहे हैं। हैरी ने यह बयान उस दिन दिया जब वे ब्रिटिश सरकार के खिलाफ पुलिस सुरक्षा को लेकर चल रहा मुकदमा हार गए। एक इंटरव्यू में हैरी ने कहा कि 'मैं अपने परिवार के साथ सुलह करना चाहूंगा। अब और लड़ाई का कोई मतलब नहीं है। जिंदगी कीमती है। मुझे नहीं पता कि मेरे पिता के पास कितना समय बचा है। वह मुझसे इस सुरक्षा विवाद के कारण बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन सुलह करना अच्छा होगा।

हैरी ने कहा कि मैं नहीं सोचता कि मैं कभी अपने परिवार को ब्रिटेन वापस ला पाऊंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि वहां मेरे परिवार के लिए सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मेरे और परिवार के कुछ सदस्यों के बीच काफी मतभेद रहे हैं, लेकिन अब मैंने उन्हें माफ कर दिया है। दरअसल, हैरी ने 2020 में अपनी रायल डयूटीज से इस्तीफा दे दिया था और अपनी अमेरिकी पत्नी मेगन और दो बच्चों के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया चले गए। तब से उन्होंने और मेघन ने टीवी डाक्यूमेंट्री, अमेरिकी टाक शो होस्ट ओप्रा विन्फ्रे के साथ एक इंटरव्यू और हैरी की बेस्ट-सेलिंग आटोबायोग्राफी 'स्पेयर' में रायल फैमिली की कड़ी आलोचना की थी। प्रिंस हैरी अमेरिका जाने के बाद अपनी सुरक्षा में किए गए बदलावों को पलटवाना चाहते थे। शुक्रवार को कोर्ट के फैसले के बाद प्रिंस हैरी ने कहा कि इस वक्त मैं ऐसी कोई दुनिया नहीं देखता जिसमें मैं अपनी पत्नी और बच्चों को यूके वापस लाऊं। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लगा जैसे धोखा मिला हो। कोर्ट में मिली हार को उन्होंने श्पुरानी सोची-समझी साजिशश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सुरक्षा में कटौती का फैसले के पीछे शाही परिवार का हाथ है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनकी सुरक्षा को लेकर हुआ विवाद हमेशा से सबसे बड़ी रुकावट रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने राजा चार्ल्स से इस विवाद में दखल देने को कहा था, तो प्रिंस हैरी ने जवाब दिया कि मैंने उनसे हस्तक्षेप करने को नहीं कहा, मैंने उनसे सिर्फ यह कहा कि वे एक तरफ हट जाएं और एक्सपर्ट्स को उनका काम करने दें। फैसले पर उन्होंने कहा कि मैं टूट गया हूं। लेकिन मैं इस हार से उतना नहीं जितना टूटा हूं, जितना उन लोगों की वजह से टूटा हूं, जो ये फैसला लेकर सोचते हैं कि यह ठीक है। क्या यह उनकी जीत है? मुझे यकीन है कि कुछ लोग हैं, जो मुझे नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, वही इसे अपनी बड़ी जीत मान रहे होंगे।



**वह मुझसे इस सुरक्षा विवाद के कारण बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन सुलह करना अच्छा होगा**

### मुरुगन ने प्रदान किए राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने शनिवार को 12 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। डॉ. मुरुगन ने मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के दौरान आठवें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को 10वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक रेडियो देश के सभी कोनों में नागरिकों तक पहुंचने का एक साधन है। उन्होंने कहा कि देश भर के सामुदायिक रेडियो किसी न किसी कल्याणकारी उद्देश्य में लगे हुए हैं और भारतीय परंपरा तथा संस्कृति को बढ़ावा देने सहित अच्छे उद्देश्यों का सहयोग कर रहे हैं।

# चिली में भूकंप के तेज झटके सुनामी की चेतावनी जारी

**सैंटियागो।**

**चिली** के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में शुक्रवार को तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता 7.5 मापी गई। जिसके बाद अधिकारियों ने मैगलन क्षेत्र में सुनामी की चेतावनी जारी की है।

चिली विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि शक्तिशाली भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 8:58 बजे महसूस किया गया, जिसका केंद्र देश के सबसे दक्षिणी शहर प्यूर्टो विलियम्स से 218 किमी दक्षिण में जमीनी सतह से 10 किमी की गहराई पर स्थित था और आसपास के इलाकों में भी महसूस किया गया। चिली की राष्ट्रीय आपदा निवारण एवं प्रतिक्रिया सेवा (सेनाप्रेड) ने कहा कि क्षति का आकलन किया जा रहा है, जबकि चिली नौसेना की हाइड्रोग्राफिक एवं महासागरीय सेवा (एसएचओए) ने सुनामी की चेतावनी जारी की है, जिसमें मैगलन और चिली अंटार्कटिक क्षेत्र के तटीय निवासियों से सुरक्षित क्षेत्रों में चले जाने और समुद्र तट पर जाने से बचने का आग्रह किया गया है। गौरतलब है कि चिली प्रशांत महासागर के रिग ऑफ फायर के किनारे स्थित है और यह दुनिया के सबसे अधिक भूकंप आने वाले देशों में से एक है। यहां कुछ अंतराल के बाद अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं।

**यहां कुछ अंतराल के बाद अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं**

# Met Gala 2025 के लिए कियारा ने चुना भारतीय डिजाइनर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने मेट गाला डेब्यू के लिए भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता को चुना है। भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित और समकालीन सितारों में से एक, कियारा आडवाणी, 2025 मेट गाला में अपने बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस खास मौके पर वह मशहूर भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता की विशेष रूप से तैयार की गई पोशाक पहने नजर आएंगी। इस साल मेट गाला की थीम सुपरफाइन: टेलरिंग ब्लैक स्टाइल है, जो ब्लैक आइडेंटिटी की सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक गहराई को समर्पित है। इस मौके पर कियारा की उपस्थिति भारतीय कारीगरी और वैश्विक फैशन के संगम का प्रतीक बनेगी। गौरव गुप्ता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त है। उनके डिज़ाइन कान्स से लेकर ऑस्कर तक के रेड कार्पेट पर छा चुके हैं। कियारा के साथ यह सहयोग स्वाभाविक है। उनकी खूबसूरती और गौरव के आर्किटेक्चरल स्टाइल का मेल एक ऐसा लुक पेश करेगा जो सुर्खियां बटोरने वाला है। इस डेब्यू के साथ, कियारा आडवाणी उन भारतीय आइकनों की कतार में शामिल हो रही हैं जिन्होंने मेट गाला जैसे प्रतिष्ठित मंच पर देश का प्रतिनिधित्व किया है और एक विशिष्ट भारतीय आवाज़ को फैशन की इस वैश्विक विरासत में शामिल किया है। फैशन के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने वाला है और सभी की निगाहें अब कियारा पर है।

**इस साल मेट गाला की थीम सुपरफाइन: टेलरिंग ब्लैक स्टाइल है, जो ब्लैक आइडेंटिटी की सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक गहराई को समर्पित है। इस मौके पर कियारा की उपस्थिति भारतीय कारीगरी और वैश्विक फैशन के संगम का प्रतीक बनेगी। कियारा डिजाइनर के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान जाने वाले गौरव गुप्ता को चुना है।**

## गुरु रंधावा और निमृत कौर की फिल्म शौंकी सरदार का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** ग्लोबल म्यूजिक आइकन गुरु रंधावा और बिग बॉस फेम अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया की फिल्म शौंकी सरदार का ट्रेलर रिलीज हो गया है। बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉरियर बाय ब्लड, ब्रदर्स बाय हार्ट: शौंकी सरदार का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर को मो. हाली में रिलीज किया गया। इस मौके पर गुरु रंधावा के साथ फिल्म के कलाकार बब्बू मान, सुनीता ढिल्लों, निमृत कौर अहलूवालिया, हशनीन चौहान और धीरज कुमार भी मौजूद थे। अभिनेता हरसिमरन और एली मंगट ने भी इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ट्रेलर पंजाब की जीवंत पृष्ठभूमि में बसी एक दमदार कहानी की झलक दिखाता है। हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ-साथ फिल्म में भाईचारे और पारिवारिक रिश्तों की गहराई को बखूबी दर्शाया गया है।

# दिमाग में शाहरुख था जब डॉन की लिखी थी पटकथा: फरहान

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार फरहान अख्तर का कहना है कि उन्होंने शाहरुख खान को ध्यान में रखते हुए फिल्म डॉन लिखी थी और वे खुद मूल फिल्म के बहुत बड़े प्रशंसक थे। फरहान अख्तर विश्व श्रृव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में गौरव कपूर द्वारा संचालित द क्राफ्ट ऑफ डायरेक्शन नामक मास्टरक्लास में आकर्षण का केन्द्र रहे और उन्होंने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। इस सत्र ने एक कहानीकार के रूप में फरहान अख्तर के व्यक्तिगत अनुभवों की एक अंतरंग झलक पेश की, जिसमें सिनेमा के विकास, निर्देशन की चुनौतियों और फिल्म निर्माण में प्रामाणिकता की आवश्यकता का जिक्र हुआ। फरहान ने बातचीत की शुरुआत करते हुए, वेव्स को एक बहुत ही सशक्त आयोजन बताते हुए कहा कि उनकी सृजनात्मक जड़ों को देखकर यह प्रतिबिंबित होता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें गायन और अभिनय से लेकर निर्देशन तक के अपने बहुमुखी करियर का कोई विशेष पहलू पसंद है, तो उन्होंने इसकी तुलना पसंदीदा बच्चे को चुनने से की, यह स्वीकार करते हुए कि एक शांत पसंद हो सकती है, हर भूमिका का अपना आनंद होता है। फरहान ने डॉन के बारे में बताया कि ट्रेन में सफर के दौरान मूल स्कोर सुनते समय उन्हें यह विचार कैसे आया। चुनौती फिल्म को फिर से बनाना नहीं था, बल्कि फिर से इसकी कल्पना करना था। मैं डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं को क्या नया अर्थ दे सकता था? यही असली परीक्षा थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने शाहरुख खान को ध्यान में रखते हुए फिल्म लिखी थी, उन्होंने कहा कि वे खुद मूल फिल्म के बहुत बड़े प्रशंसक थे।

**फरहान अख्तर विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में गौरव कपूर द्वारा संचालित द क्राफ्ट ऑफ डायरेक्शन नामक मास्टरक्लास में आकर्षण का केन्द्र रहे और उन्होंने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।**



# फिल्म निर्माताओं के लिए वरदान होगा एआई: हिरानी



**मुंबई।** फिल्मकार राजकुमार हिरानी ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) फिल्म निर्माताओं के लिए रचनात्मकता और स्टोरीटेलिंग के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में शुक्रवार को आयोजित विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में दुनिया भर में दिलों को छूने वाली कहानियां पर पैनल चर्चा की गई। इस चर्चा में नेशनल जियोग्राफ़िक सोसाइटी में मुख्य स्टोरीटेलिंग अधिकारी कैटलिन यार्नल, द वॉल्ट डिज़नी कंपनी में ईवीपी और कॉर्पोरेट विकास प्रमुख जस्टिन वारब्रुक, अमेजॉन प्राइम वीडियो में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केली डे, बीबीसी स्टूडियो एशिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक फिल हार्डमैन, भारत के सबसे प्रसिद्ध फिल्म निर्देशकों में से एक राजकुमार हिरानी, और मॉडरेटर के रूप में बेस्टसेलिग लेखक और राजनयिक अमीश त्रिपाठी शामिल रहे। इस सत्र में वैश्विक मीडिया, मनोरंजन और साहित्यिक परिदृश्यों से दूरदर्शी प्रमुखों और मास्टर स्टोरीटेलर को कहानी कहने क्षमता का पता लगाने के लिए एक साथ लाया गया। स्ट्रीमिग प्लेटफ़ॉर्म और प्रसारण दिग्गजों से लेकर सिनेमा और साहित्य तक, पैनलिस्टों ने इस बारे में अंतर्दृष्टि साझा की कि कैसे आकर्षक कथाएं सीमाओं को पार कर सकती हैं, संस्कृतियों को आकार दे सकती हैं।

## भाविका ने गुम है किसी के प्यार में से किया कमबैक

**मुंबई।** अभिनेत्री भाविका शर्मा ने स्टार प्लस के शो गुम है किसी के प्यार में कमबैक किया है। शो गुम है किसी के प्यार में अपनी दमदार कहानी, इमोशनल मोमेंट्स और यादगार किरदारों की वजह से लोगों का दिल लगातार जीत रहा है। प्यार, कुर्बानी और जज्बे की इस कहानी से दर्शक हर दिन जुड़ते जा रहे हैं। जैसे-जैसे कहानी ने नया मोड़ लिया है, शो में एक जाना-पहचाना चेहरा फिर से लौट आया है। भाविका शर्मा, जो सावी का किरदार निभा रही थी, अब एक बार फिर दर्शकों के बीच वापस आ गई हैं। अपने कमबैक को लेकर भाविका शर्मा ने एक इमोशनल नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने शो और अपने किरदार सावी के साथ अपने जुड़ाव को बखूबी बयां किया।



भाविका ने कहा, गुम है किसी के प्यार में में वापसी सिर्फ एक शो पर लौटना नहीं है, बल्कि उस किरदार से दोबारा जुड़ना है जो अब मेरे अंदर का हिस्सा बन चुका है। सावी की यात्रा हमेशा हिम्मत, नाजुकियत और प्यार से भरी रही है और मुझे एक बार फिर उसके सफर का हिस्सा बनने का सम्मान मिला है।

## पूजा ने लंदन में स्क्रीनिंग का लिया आनंद

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने वरुण धवन और मृणाल ठाकुर के साथ लंदन में रेट्रो की स्क्रीनिंग का आनंद लिया है। पूजा हेगड़े और सूर्या की फिल्म रेट्रो ने एक मई को सिनेमाघरों में दस्तक दी। हालांकि निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज इस मौके पर लोकेश कनागराज के साथ मौजूद रहे, लेकिन पूजा मुख्य स्क्रीनिंग में शामिल नहीं हो सकी। इसके बावजूद, उन्होंने ग्लासगो, लंदन में फिल्म की एक खास स्क्रीनिंग में हिस्सा लिया, जहां उनके साथ उनकी अगली फिल्म हाय जवानी तो इश्क होना है के सह-कलाकार वरुण धवन और मृणाल ठाकुर भी मौजूद थे। पूजा हेगड़े फिल्म रेट्रो में सूर्या के अपोजिट लीड रोल में नजर आ रही हैं। वह रुक्मणि का किरदार निभा रही हैं,जो एक डॉक्टर और उपचारक हैं और हर तरह की हिंसा के खिलाफ हैं। हाल ही में पूजा ने सोशल मीडिया पर इस किरदार के पर्दे के पीछे की झलकियां साझा की और एक भावुक पोस्ट लिखा। उन्होंने रुक्मणि को सबसे पवित्र आत्मा, मासूम लेकिन बुद्धिमान बताया और कहा कि काश हम सब रुक्कु जैसे बन सकें। रुक्कु बनना मेरी जिदगी का सबसे मज़ेदार अनुभव रहा। रेट्रो के साथ पूजा हेगड़े ने अपने करियर में एक और दमदार फिल्म जोड़ ली है,और ऐसा लगता है कि वह रुकने के मूड में नही हैं। फिलहाल पूजा यूके में हैं, जहां वह अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म हाय जवानी तो इश्क होना है की शूटिग कर रही हैं, जिसमें उनके साथ वरुण धवन हैं। यह एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी है, जिसका निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं और जल्द ही इसके रिलीज होने की उम्मीद है।



## वेव्स में 250 करोड़ से ज्यादा का हुआ कारोबार

**मुंबई।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने बताया कि विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) बाजार 2025 में अब तक 250 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हो चुका है, जो एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की शुरुआत है। वेव्स समिट की महत्वाकांक्षी पहल, वेव्स बाजार, मीडिया और मनोरंजन उद्योग में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरी है। विभिन्न देशों के रचनाकारों को निवेशकों और खरीददारों से जोड़कर उनके बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई यह पहल भारत को कॉन्टेंट के व्यावसाईकरण के लिए एक रणनी. तिक केंद्र बनाने के लिए तैयार है। जाजू ने मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित वेव्स में कहा कि वेव्स बाजार 2025 में अब तक 250 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हो चुका है, जो एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की शुरुआत है। वेव्स बाजार अपने पहले सत्र में दक्षिण कोरिया, जापान, अमेरिका, जर्मनी, रूस, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड सहित 22 से अधिक देशों के अग्रणी पेशेवरों को एक साथ लाया, जिसमें 95 वैश्विक खरीदारों और 224 विक्रेताओं ने भाग लिया। प्रमुख खरीदारों में नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, मेटा, डिजनी स्टार, जी एंटरटेनमेंट, बनिजय एशिया, वार्नर ब्रदर्स, डिस्कवरी, सोनी लिव, वाईआरएफ, धर्मा, जियो स्टूडियो, रॉटरडैम फिल्म फेस्टिवल और रैशलेक मीडिया शामिल थे।




## पहली बार देखा कोई सरकार फिल्म उद्योग में इतनी रुचि ले रही: आमिर खान

**मुंबई।** फिल्म निर्माता आमिर खान ने कहा है कि उन्होंने पहली बार देखा है कि कोई सरकार फिल्म उद्योग में इतनी रुचि ले रही है। आमिर खान ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित विश्व श्रव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में आयोजित स्टूडियोज ऑफ द फ्यूचर: पुटिग इंडिया ऑन वर्ल्ड स्टूडियो मैप नामक पैनल चर्चा में शिर. कत की। फिल्म समीक्षक मयंक शेखर द्वारा संचालित इस सत्र में फिल्म उद्योग के कई दिग्गज शामिल हुए। इनमें निर्माता रितेश सिधवानी, प्राइम फोकस लिमिटेड के नमित मल्होत्रा, फिल्म निर्माता दिनेश विजन, पीवीआर सिनेमा के अजय बिजली और प्रसिद्ध अमरीकी निर्माता चार्ल्स रोवन शामिल रहे। आमिर खान ने कहा कि यह पहली बार है जब मैंने किसी सरकार को हमारे उद्योग में इतनी रुचि लेते देखा है। वेव्स केवल एक संवाद नही है। यह नीति का पुल है। यह एक आशाजनक शुरुआत है। मुझे यकीन है कि हमारी चर्चाएं नीतियों में बदल जाएंगी। ओटीटी बहस पर आमिर खान ने बताया कि कैसे थिएटर और ओटीटी रिलीज़ के बीच की संकीर्ण खिड़की थिएटर दर्शकों को हतोत्साहित करती है।

# बहुत सारी विदेशी फिल्म कंपनियां आएंगी भारत: भूमि

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में बहुत सारी विदेशी फिल्म-निर्माण कंपनियां भारत आएगी। भूमि पेडनेकर ने शुक्रवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित विश्व श्रृव्य दृश्य विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 में लाइट्स, कैमरा, गंतव्य! फिल्मों के माध्यम से भारत की ब्रांडिग विषय पर पैनल चर्चा में शिरकत की। इस चर्चा के अन्य पैनलिस्टों में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव पृथुल कुमार, एनएफडीसी के एमडी नितिन तेज आहूजा, प्रोड्यूसर्स गिल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार, गुजरात सरकार के सचिव (पर्यटन), आईटीडीसी की एमडी मुग्ध सिन्हा शामिल थी। पेडनेकर ने कहा कि आने वाले दिनों में बहुत सारे विदेशी फिल्म-निर्माण कंपनियां भारत आने वाली हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में लोग हमारे सिनेमा की वजह से मुंबई को जानते हैं। भारत के गंतव्यों में शूटिंग की अपनी प्राथमिकता के बारे में भूमि पेडनेकर ने कहा कि मेरी अधिकांश फिल्में सांस्कृतिक रूप से गंभीर हैं और देश के केन्द्रीय स्थल की फिल्में हैं। हमारा जज्बा और हमारे सिनेमा के लिए प्यार, जिस तरह से हमारे कलाकार और क्रू समर्पण के साथ काम करते हैं, वह अतुलनीय है। भारत के फिल्म उद्योग के बारे में भूमि पेडनेकर ने कहा कि अब फिल्म सेट पर काम करने वाले पुरुषों और महिलाओं की संख्या लगभग बराबर है। उन्होंने कहा कि भारत में फिल्म निर्माण में लगातार बेहतर लोग आ रहे हैं। पृथुल कुमार ने बताया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा गठित इंडिया सिने हब (आईसीएच) वैश्विक फिल्म निर्माताओं के लिए भारत में फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देता है और सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह भारत में फिल्मांकन के लिए वन-स्टॉप गंतव्य है, जिसमें फिल्म-निर्माण सुविधा के लिए विभिन्न राज्य पोर्टलों के लिक भी मौजूद हैं। यह एकल-खिड़की सुविधा और मंजूरी तंत्र के रूप में कार्य करता है, जो भारत में फिल्मांकन को आसान बनाता है। यह फिल्म-अनुकूल इकोसिस्टम बनाने और देश को फिल्मांकन गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

